


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 62 रांची, बुधवार, 11 फरवरी, 2026 (फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 10, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये,


email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com



## संक्षिप्त

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियां उग्रवादियों, अवैध हथियार एवं मादक पदार्थ के विरूद्ध लगातार अभियान जारी रखे हुए हैं। अलग-अलग अभियानों में तीन उग्रवादियों को जहां गिरफ्तार किया गया, वहीं भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद करने के साथ ही हिंसा प्रभावित क्षेत्र में फंसे दो लोगों को बताया गया। मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा आज जारी जानकारी के अनुसार सोमवार को सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व जिले के लमलाई थानांतर्गत नोंगदम गांव, न्गारू चेंगजेल पहाड़ी क्षेत्र से भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया। बरामद सामग्रियों में मुख्य रूप से मैगजीन के साथ एक .303 राइफल, दो 12 बोर सिंगल बैरल रायफल, एक मैगजीन के साथ 9 मिमी की चार पिस्तौल और तीन 36 नंबर हैंड ग्रेनेड शामिल हैं।

### आईएसआई की आतंकी साजिश नाकाम, एक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने आरडीएक्स आधारित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके पाकिस्तान की आईएसआई समर्थित आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि अमृतसर के चमरंग रोड निवासी राहुल कुमार उर्फ गज्जू को गिरफ्तार किया गया है। वह अमृतसर के एक सैलून में सहायक के रूप में काम करता है। प्रारंभिक जांच के अनुसार वह पाकिस्तानी हैंडलरों के निर्देश पर काम करने वाले एक विदेशी हैंडलर के संपर्क में था।

### दूषित पानी से दो और मौत, मृतकों की संख्या बढ़कर 35 हुई

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी से दो और लोगों की मौत हो गई। यहां 75 साल के बुजुर्ग शालिग्राम ठाकुर ने सोमवार रात और दो साल की बच्ची रिया प्रजापति ने मंगलवार को सुबह दम तोड़ दिया। इसके बाद इंदौर में दूषित पानी से मरने वालों की संख्या 35 हो गई है। शालिग्राम की बेटी मोना बघेल ने बताया कि गत 2 जनवरी को उलटी-दस्त के कारण उनके पिता को शेल्बी अस्पताल में भर्ती किया गया था। वहां से उन्हें आराम नहीं मिलने पर बॉम्बे अस्पताल में रेफर कर दिया गया था, जहां वे वेंटिलेटर पर ही थे। मंगलवार की रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजन का कहना है कि 18 साल पहले उन्हें लकवा हुआ था। इसके अलावा उन्हें कोई तकलीफ नहीं थी। वहीं, बॉम्बे अस्पताल के जनरल मैनेजर राहुल पाराशर ने बताया कि मरीज को शुरू से ही कार्डियक की तकलीफ थी।

# लोस स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश

## प्रस्ताव पर 118 सांसदों ने किये हस्ताक्षर

**लोकसभा सचिवालय नियमों के अनुरूप इसकी जांच के बाद आगे की प्रक्रिया तय करेगा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की औपचारिक पहल कर दी है। पार्टी ने इस संबंध में लोकसभा महासचिव को नोटिस सौंपा है, जिस पर कुल 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। यह प्रस्ताव लोकसभा के नियम 94(सी) के तहत दाखिल किया गया है। लोकसभा सचिवालय ने नोटिस मिलने की पुष्टि करते हुए कहा है कि नियमों के अनुरूप इसकी जांच के बाद आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब संसद के मौजूदा सत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव चरम पर है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का आरोप है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने का अवसर नहीं दिया गया। इसके अलावा, कांग्रेस की महिला सांसदों के साथ कथित रूप से अनुचित व्यवहार का मुद्दा भी विपक्ष द्वारा उठाया गया है।

विपक्ष का कहना है कि लोकसभा में विपक्षी नेताओं को अपनी बात रखने से रोका जा रहा है, जबकि सत्तापक्ष के सदस्यों को खुलकर बोलने की छूट दी जा रही है।

✔ **भारतीय संसदीय इतिहास में यह चौथा अवसर :** भारतीय संसदीय इतिहास में यह चौथा अवसर है, जब लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। इससे पहले 1954, 1966 और 1987 में भी ऐसे प्रस्ताव पेश किए जा चुके हैं, लेकिन किसी को भी सदन का समर्थन नहीं मिल पाया था। संविधान के अनुच्छेद 94 के तहत लोकसभा स्पीकर को हटाने के लिए कम से कम 14 दिन का नोटिस और सदन में बहुमत का समर्थन अनिवार्य होता है। अब सभी की निगाहें लोकसभा सचिवालय की जांच और आगामी प्रक्रिया पर टिकी हुई हैं, जिससे यह तय होगा कि यह प्रस्ताव सदन में चर्चा के लिए स्वीकार किया जाएगा या नहीं।



### रिजिजू बोले- ऐसे अविश्वास से कोई प्रभाव नहीं पड़ता

इस प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ऐसे अविश्वास प्रस्ताव से कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है, क्योंकि विपक्ष के पास आवश्यक संख्या बल नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने सदन में अनुशासनहीनता दिखाई और स्पीकर के पद की मयार्दा का उल्लंघन किया। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे स्पीकर से किसी विशेष कार्रवाई की मांग नहीं कर रहे हैं।

## विपक्षी दलों की हुई अहम बैठक

**इससे** पहले मंगलवार सुबह संसद परिसर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कक्ष में विपक्षी दलों की अहम बैठक हुई थी। बैठक में तृणमूल कांग्रेस, वाम दल, डीएमके, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद पवार गुट) सहित कई दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।



## देश में जानबूझकर अस्थिरता का माहौल बनाने का प्रयास कर रहा विपक्ष : भाजपा

**संसद** में हंगामे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर देश में जानबूझकर अस्थिरता का माहौल बनाने के प्रयास का आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. संबित पात्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि सभी देख रहे हैं कि मीडिया में किस प्रकार सदन में हो रही गतिविधियों को लेकर घमासान मचा हुआ है। पूरे देश में विपक्ष जानबूझकर अस्थिरता का माहौल बनाने का प्रयास कर रहा है।



उन्होंने कहा कि यह सब आज से नहीं हो रहा, बल्कि जब से भाजपाझनीत राजग की सरकार बनी है, तब से राहुल गांधी, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जॉर्ज सोरोस के इशारों पर देश के संवैधानिक संस्थानों पर गातार हमले कर रहे हैं। ये देश में अस्थिरता फैलाना चाहते हैं। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पात्रा ने कहा कि ममता बनर्जी ने एसआईआर को फर्जी बताकर एक खास तरह का माहौल बनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यह नैरेटिव गढ़ा गया कि एसआईआर फर्जी है, यह चुनावी रोल की शुचिता के लिए नहीं है, यह भाजपा के फायदे के लिए है और यह मसौदा गैरकानूनी है। भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने कहा कि बीते सप्ताह ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि एसआईआर के माध्यम से बंगाल में अत्याचार हो रहा है और इसे तुरंत खारिज किया जाना चाहिए, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने जो निर्णय दिया है वह ममता और उनकी सरकार के लिए करारा झटका है।

# रांची में वाहन से 9 लाख रुपये नकद बरामद

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के कटहल मोड़ के पास पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध वाहन से 9 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके पर ही पूरी राशि जब्त कर ली।

पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अरविंद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद नकद राशि चुनाव में खर्च करने के उद्देश्य से ले जाई जा रही थी या किसी अन्य कारण से। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में



जुटी हुई है। निकाय चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रात के समय भी वाहन जांच अभियान जारी रहेगा, ताकि आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके।

# मथुरा में एक ही परिवार के पांच की मौत, सुसाइड नोट मिलने से हड़कंप

एजेंसी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के थाना महावन क्षेत्र के खप्परपुर गांव में एक ही घर में पति-पत्नी, बेटे-बेटियों समेत पांच लोगों के शव मिले हैं। प्रारंभिक जांच में परिवार ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। घर के अंदर दीवार पर अपनी इच्छा से आत्महत्या करने की बात लिखी हुई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना महावन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खप्परपुर में रहने वाले 35 वर्षीय मनीष खेती करते थे। मंगलवार सुबह करीब दस बजे पुलिस को सूचना मिली कि मनीष, उनकी पत्नी सीमा(32), बेटी हनी(5), प्रियांशी (4) और बेटा पंकज (2) के शव सुबह घर के अंदर पड़े मिले हैं। सुसाइड नोट मिला है।

घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटना की जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मनीष की शादी आठ साल पहले मड़नई सादाबाद से हुई थी। उसके दो भाई और हैं, जो गांव में ही अलग-अलग घरों में रहते हैं। मनीष अपनी पत्नी और बच्चों के साथ इस मकान में रहता था। इस परिवार के आत्महत्या के पीछे की आखिर वजह क्या रही,ये फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।

# मरांग बुरू पारसनाथ बाहा पर्व में शामिल होंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, कांके रोड में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मरांग बुरू जुग जाहेर बाहा बोंगा समिति, गिरिडीह के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को मरांग बुरू पारसनाथ में 18 से 21 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के बाहा पर्व में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और बाहा पर्व के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आदिवासी परंपराओं से जुड़े महत्व की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने पर्व के आयोजन से जुड़ी परंपराओं और कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी।



इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा तथा मरांग बुरू जुग जाहेर बाहा बोंगा समिति के मुख्य संरक्षक विष्णु किस्कू, संरक्षक महावीर मुर्मू, नाइके बाबा चंदूलाल टुडू, मांझी हड़ाम राजेश किस्कू, सुनील मुर्मू, संयोजक सुशील मुर्मू, मरांग गुरू संस्थान के अध्यक्ष शनिचर बेसरा, पूर्व जिला परिषद सदस्य माइनों हेंब्रम समेत समिति के सदस्य सुधीर बास्के, फागु मरांडी, सुरेश हेंब्रम, राजेश सोरेन, बाबूलाल सोरेन, हीरालाल टुडू, विनोद सोरेन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# छह सप्ताह में करें लोकायुक्त की नियुक्ति : हाईकोर्ट

**झारखंड उच्च न्यायालय का राज्य सरकार को निर्देश**

**अन्य संवैधानिक पदों पर चार सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश**

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग और राज्य सूचना आयोग सहित विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं में वर्षों से रिक्त पड़े पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार को छह सप्ताह के भीतर लोकायुक्त की नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.एस. सोनक एवं न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार से यह भी कहा कि मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्त समेत अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया कब तक पूरी की जाएगी, इसका विस्तृत ब्यौरा चार सप्ताह के भीतर शपथ पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 मार्च की तिथि निर्धारित कर दी है।

सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह एवं राजीव शर्मा ने अदालत के समक्ष दलीलें पेश कीं। अधिवक्ता वीपी सिंह ने कहा कि राज्य सरकार इन महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर लगातार टालमटोल का रवैया अपना रही है। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों से सरकार केवल समय मांग रही है, लेकिन अब तक लोकायुक्त सहित कई अहम संस्थानों में नियुक्तियां नहीं की गई हैं।

# कोयला तस्करी मामला : ईडी ने दो कारोबारियों को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**कोलकाता।** झारखंड-आसनसोल कोयला तस्करी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार सुबह इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सोमवार देर रात तक पूछताछ के बाद इन्हें गिरफ्तार किया गया था। ईडी सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों के नाम चिन्मय मंडल और किरण खां हैं। जांच में असहयोग करने के आरोप में दोनों को हिरासत में लिया गया है। यह पहली बार है जब कोयला तस्करी मामले में किसी कारोबारी को ईडी ने गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक, बीते सप्ताह ईडी की विशेष टीम ने दोनों आरोपितों के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया था। इस दौरान एक आरोपित के आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। इसके बाद ईडी ने दोनों कारोबारियों को पूछताछ के लिए तलब किया। लंबी पूछताछ के बाद जांच में सहयोग न करने और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# छग का बस्तर पंडुम बस्तर की बदली पहचान का सशक्त प्रतीक : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 7 से 9 फरवरी के बीच छत्तीसगढ़ में आयोजित बस्तर पंडुम को बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और जनजातीय विरासत का भव्य उत्सव बताया और उन्होंने इससे जुड़े सभी सहभागियों को हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को ट्वीट करते हुए लिखा कि बस्तर पंडुम जैसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के साथ-साथ स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाते हैं। उन्होंने कहा, एक समय बस्तर का नाम आते ही माओवाद, हिंसा और विकास में पिछड़ेपन की छवि उभरती थी, लेकिन आज परिस्थितियाँ पूरी तरह बदल चुकी हैं। अब बस्तर शांति, विकास और स्थानीय लोगों के बढ़ते आत्मविश्वास के लिए जाना जा रहा है।

# भारत ने सऊदी अरब के वर्ल्ड डिफेंस शो में दिखाई स्वदेशी हथियारों की ताकत

## रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने इंडिया पवेलियन का उद्घाटन किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने सऊदी अरब के रियाद में हुए वर्ल्ड डिफेंस शो में स्वदेशी हथियारों के जरिए अपनी ताकत दिखाई है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने इंडिया पवेलियन का उद्घाटन किया, जिसमें भारत में बने हथियारों का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने सऊदी अरब के रक्षा उद्योगों और रक्षा मंत्रालय की प्रदर्शनी का भी दौरा किया, ताकि उनकी स्वदेशी तकनीक की समीक्षा की जा सके।




रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रियाद में 8-9 फरवरी को हुए वर्ल्ड डिफेंस शो में हिस्सा लेने गए थे। उन्होंने सऊदी अरब के सहायक रक्षा मंत्री डॉ. खालिद बिन हुसैन अल-बियारी के साथ दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने सऊदी अरब जनरल अथॉरिटी फॉर डिफेंस डेवलपमेंट के गवर्नर डॉ. फलेह बिन अब्दुल्ला अल-सुलेमान से भी मुलाकात की और भारत के वैश्विक निर्यात केंद्र के तौर पर उभरने पर जोर दिया। मंत्री संजय सेठ ने सऊदी अरब के अधिकारियों को भारत का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया, ताकि रक्षा प्रौद्योगिकी के विकास पर चर्चा की जा सके।

### रक्षा राज्यमंत्री ने सप्लाई चेन मजबूती पर की चर्चा

रक्षा राज्यमंत्री ने सऊदी अरब के जनरल अथॉरिटी ऑफ मिलिट्री इंडस्ट्रीज के गवर्नर अहमद बिन अब्दुल अजीज अल ओहाली से मुलाकात की और सामरिक सहयोग तथा दोनों देशों के सप्लाई चेन इकोसिस्टम को मजबूत करने के बारे में चर्चा की। उन्होंने भारत की रक्षा क्षमताओं का सीधा अनुभव लेने के लिए एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल के भारत दौरे का भी प्रस्ताव रखा। भारतीय दूतावास में भारतीय और सऊदी डिफेंस कंपनियों के प्रमुखों को दिए अपने भाषण में रक्षा राज्यमंत्री ने डिफेंस जरूरतों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए भारत और सऊदी अरब के बीच संयुक्त सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड विजन के तहत भारत की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट और सऊदी राज्य की जन्मभूमि दिरिया का भी दौरा किया।

# फाइलेरिया रोगमुक्त देश बनाने में सहयोग करें सांसद-विधायक : नड्डा

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2027 तक देश को पूर्णतः फाइलेरिया मुक्त बनाना है। जिसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों मंत्री,सांसद एवं विधायक इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हुए लोगों के बीच जागरूकता अभि?यान चलाएं। फाइलेरिया मुक्त अभियान को जन-जन तक फैलाएं। ताकि देशभर से फाइलेरिया का पूरी तरह से खात्मा हो सके। केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ फाइलेरिया उन्मूलन



कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए बोल रहे थे। इसके साथ ही फाइलेरिया के रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

श्री नड्डा ने बताया कि सरकार द्वारा निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं, इसलिए जनता से अपील है कि वे अभियान में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि झारखंड सरकार इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से झारखंड के लिए विशेष ध्यान एवं अतिरिक्त वित्तीय सहायता का भी आग्रह किया,ताकि राष्ट्रीय कार्यक्रमों को राज्य में प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। फिलहाल ग्रामीण क्षेत्रों में सहिया कार्यकताओं के माध्यम से प्रचार-प्रसार एवं दीवार लेखन के जरिए जागरूकता बढ़ाई जा रही है। मंत्री अंसारी ने राज्य की प्रगति से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया।

## हिंडाल्को ने सिल्ली सीएचसी को दी बोन मिनरल डेंसिटी मशीन



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**सिल्ली।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी के सीएसआर मद से सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बोन मिनरल डेंसिटी मशीन दी गई।इस मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में हिंडालको बढ़-चढ़कर लोगों की सहायता कर रही है आज अस्पताल को इस तरह का मशीन उपलब्ध कराना एक सराहनीय पहल है।बोन मिनरल डेंसिटी मशीन, जिसे आमतौर पर स्कैन मशीन कहा जाता है, एक विशेष डायग्नोस्टिक टूल है जो हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा और ताकत को मापता है। यह मुख्य रूप से ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डी रोग) का पता लगाने, फ्रैक्चर के जोखिम को मापने और हड्डियों के नुकसान की निगरानी करने के लिए उपयोग किया जाता है। चिकित्सा प्रभारी प्रियंका सिंहा ने कहा कि मरीजों को इस तरह की जांच करने में काफी रुपए खर्च जाते है। यह मशीन उपलब्ध हो जाने से क्षेत्र के मरीजों को काफी सुविधा उपलब्ध होगी। हिंडालको सीएसआर हेड अनिल सिंह ने कहा क्षेत्र में ऐसी मशीन उपलब्ध नहीं रहने से आसपास के लोगों को टेस्ट के लिए बाहर जाकर भारी खर्च भी करना पड़ता था। लोगों के परेशानियों को देखते हुए यह मशीन सिल्ली अस्पताल को उपलब्ध कराया गया है। अस्पताल अन्य कमी को भी हर संभव समाप्त करने का प्रयासरत किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के मरीज को चिकित्सा बेहतर हो सके। इस मौके पर भरत सिंह सुनील कुमार, संजीव कुमार महतो, छोटेलाल पटेल, संजय कुमार महतो, सुरेन्द्र महतो, कमल कुमार दे, ब्रजकिशोर महतो, दीपक कुमार, मानस कुमार, एनएम बबीता कुमारी, अर्पणा कुमारी, वीना देवी, रीना कुमारी, पुष्पा कुमारी मंजुडा कुमारी मीरा कुमारी,गुंजा रुंडा , नरगिश खातून,खुशबू एक्का, तारा कच्छप समेत स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थें।

## पेसा कानून पर एक दिवसीय उन्मूखीकरण कार्यशाला संपन्न

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**राहे।** प्रखंड सभागार में जिला पंचायती राज विभाग के सौजन्य से ग्राम प्रधान सदस्यों ओर ग्राम सभा सदस्यों के बीच पेसा कानून उन्मुखीकरण पर कार्यशाला आयोजित किया गया। ट्रेनर प्रमोद कुमार ठाकुर, रोशलीन लकड़ा, कुंज देवी ने ग्राम प्रधानों ओर ग्राम सभा सदस्यों को पारंपरिक ग्राम सभा की बैठक, ग्राम सभा अध्यक्ष एवं सहायक सचिव के कर्तव्य, ग्राम सभा की बैठक का संचालन और निर्णय की प्रक्रिया, ग्राम सभा कोष, सामुदायिक संसाधनों का प्रबंधन, परंपराओं का संरक्षण एवं विवादों का निपटारा, विकास योजनाओं का अनुमोदन, लाभार्थियों की पहचान एवं सामाजिक क्षेत्र के संस्थानों के कार्य पर नियंत्रण, भू अर्जन एवं पुनर्स्थापन, लघु खनिज,जल निकायों का प्रबंधन, लघु वन उपज, मादक द्रव्यों पर नियंत्रण, संक्रमित भूमि का प्रत्यार्वन, बाजारों का प्रबंधन,उधार पर नियंत्रण आदि अध्यायों को बारीकी से जानकारी दिए।

### संक्षिप्त

#### इंदीपीढ़ी नाला पुल निर्माण की गुणवत्ता पर विधायक ने जताई नाराजगी

खूंटी। खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा ने इंदीपीढ़ी पंचायत अंतर्गत इंदीपीढ़ी नाला में निमार्णाधीन पुल का मंगलवार को स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुल निर्माण कार्य में गंभीर तकनीकी खामियां और गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर विधायक ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के क्रम में विधायक ने पाया कि पुल की ढलाई निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं की गई है तथा निर्माण में प्रयुक्त सामग्री भी अपेक्षित गुणवत्ता की नहीं है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि ठेकेदार द्वारा गांव में रेंट पर ली गई भूमि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। साथ ही संबंधित भूमि का मुआवजा लंबित है और पिछले 15 दिनों से कार्यरत मजदूरों को मजदूरी भी नहीं मिली है। इस पर विधायक रामसूर्या मुंडा ने संवेदकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि हेमंत सरकार ग्रामीणों के हित में अनेक विकास योजनाएं चला रही है, लेकिन यदि संवेदक मनमानी करेंगे और ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित नहीं करेंगे, तो इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खूंटी में घटिया और असंतोषजनक निर्माण कार्य स्वीकार्य नहीं है तथा ग्रामीणों के साथ इस प्रकार का व्यवहार पूर्णतः अस्वीकार्य है।

#### होमगार्ड नियुक्ति प्रक्रिया का विज्ञापन जल्द जारी किया जाए : राजीव जायसवाल

**रामगढ़।** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि सह रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल के नेतृत्व में होमगार्ड नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद से शिष्टाचार मुलाकात कर जिले में होमगार्ड नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को अवगत कराया कि राज्य सरकार द्वारा होमगार्ड नियुक्ति से संबंधित विभागीय आदेश पूर्व में ही जारी किया जा चुका है, इसके बावजूद रामगढ़ जिले में अब तक नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी है। इसके कारण जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के हजारों योग्य, प्रशिक्षित एवं बेरोजगार युवा लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे है।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा मंगलवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 2026 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन कर डीईसी एवं अल्बेंडाजोन दवा का सेवन कराते हुए सदर अस्पताल रामगढ़ के ओपीडी प्रतीक्षालय कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर उपायुक्त ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवाइयां खाते हुए आम जनों से भी फाइलेरिया को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से दवाइयां लेने की अपील की। उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दवा वितरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले की कुल लक्षित जनसंख्या 10,53,034 को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जाएगा। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे दवा का सेवन खाली पेट न करें एवं गर्भवती महिलाएं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति और दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को दवा न दी जाए। उन्होंने बताया कि डीईसी एवं अल्बेंडाजोन दवाओं के सेवन से फाइलेरिया जैसी बीमारी से बचाव एवं रोकथाम संभव है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तर पर अभियान की निगरानी एवं स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए रापीड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। जिले में कुल 1156 बूथ बनाए गए हैं, जिन पर दवा वितरण किया जाएगा। 11 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक घर घर जाकर स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा दवा का सेवन कराया जाएगा।कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी सामुदायिक केंद्रों द्वारा लगभग 130 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ० नवल कुमार, उपाधिक्षक सदर अस्पताल डॉ० हरेन्दचन्द्र महतो, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, डॉ० स्वराज, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ० तुलिका रानी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० उदय श्रीवास्तव, विनय कुमार राज्य सलाहकार, मो० शाहबाज राज्य सलाहकार आपूर्ती एवं प्रबंधन, प्रदीप कुमार सिंह, रश्मी आंनद, आरिफ हैदर, डॉ० पल्लवी कौशल, जिला भीबीडी सलाहकार संजना कुमारी, अरविन्द कुमार लिपिक सिविल सर्जन कार्यालय, रवि कांत रवि लिपिक, रामगढ, मो० मिन्हाज अंसारी, रितेश कुमार एवं मिथुन भण्डारी, उपस्थित हुए।

## हाथी हमले के पीड़ित परिवारों से मिले टाइगर जयराम महतो, हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** जेएलकेएम सुप्रीमो सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो ने गोमिया प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय लोगों की अनेक जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने जंगली हाथियों के हमले में जान गंवाने वाले परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। पुन्नू महुआटांड़ क्षेत्र में जंगली हाथियों द्वारा कुचलकर कई लोगों की दर्दनाक मृत्यु की घटनाएं सामने आई हैं। 05 फरवरी को करमाली टोला निवासी गंगा करमाली, कमली देवी और भगिया देवी की मृत्यु हुई। वहीं 06 फरवरी को गांगपुर निवासी सोमर साव और उनके पोते अमन कुमार हाथियों के हमले का शिकार बने। इससे पूर्व 11 नवंबर 2025 को तिलैया निवासी प्रकाश कुमार महतो और चरकु महतो, 17 नवंबर 2025 को खखण्डा निवासी सांझो देवी, 18 जनवरी 2026 को सिमराबेड़ा निवासी रविन्द्र दांगी और 25 जनवरी 2026 को दरहाबेड़ा निवासी करमचंद सोरेन की जंगली हाथियों द्वारा कुचलकर मृत्यु हो चुकी है। इन घटनाओं से पूरे क्षेत्र में भय और शोक का माहौल बना हुआ है। टाइगर जयराम महतो ने सभी पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना और आश्वासन दिया कि वे इन गंभीर मुद्दों को पूरी मुखरता के साथ सदन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे, ताकि प्रभावित परिवारों को न्याय और उचित मुआवजा मिल सके। पीड़ित परिवारों से यह मुलाकात जेएलकेएम युवा मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सलेश कुमार महतो के नेतृत्व में करवाई गई।

## फाइलेरिया मुक्त समाज के लिए हर व्यक्ति को दवा खाना है जरूरी : सुधीर मंगलेश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत मंगलवार को सीरु पंचायत के सामुदायिक भवन में व्यापक स्तर पर दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने स्वयं सभी बूथों का दौरा कर आमजनों को फाइलेरिया की दवा सेवन करने के लिए प्रेरित किया। बीस सूत्री अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर दवा सेवन से इससे पूर्णतः बचाव संभव है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी भ्रम में न पड़ते हुए दवा का सेवन अवश्य करें और अपने परिवार व समाज को इस बीमारी से सुरक्षित रखें। सुधीर मंगलेश ने स्वयं फाइलेरिया की दवा का सेवन कर लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ अभियान को सफल बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है और फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को जन-आंदोलन बनाना होगा।

## आदिवासी भारत महासभा के सदस्यों ने राज्यपाल के नाम अंचलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** आदिवासी भारत महासभा के सदस्यों ने महासभा के प्रदेश संयोजक सावन सिंह मुंडा, सचिव सोमरा मुंडा, कोषाध्यक्ष दीपक सिंह मुंडा एवं विकास सिंह मुंडा के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का को ज्ञापन सौंपकर अपने 13 सुत्रीय मांगों को रखा। जिसमें पंजी टू में दोहरा जमाबंदी एवं 0 प्लॉट को सुधार करने। मांझी, कुमार, दोहरा, बड़ाईक को ग्राम सभा के आधार पर जाति प्रमाण पत्र देने। श्रम कानून तारीख पक्षीय नहीं मजदूर पक्षीय बनाने। हिण्डाल्को मुरी में ग्राम सभा के आधार पर स्थानीय मजदूरों को रखने। मुरी- गोला, एवं बन्ता-राहें पर चौड़ीकरण में रैयतों को मुआवजा देने। जमीन ऑनलाइन में गड़बड़ी को सुधारने। रांची लोकसभा एवं विधानसभा को आदिवासी आरक्षित करने। सीएनटी, एसपीटी जमीन के नियम उलंघन पर भु माफियाओं पर आदिवासी एक्ट लगाने। सिल्ली लैम्पस में भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा स्थापित करने। माइंस, कारखाना, बालू उत्खनन, क्रेशर, दारू भट्टी, ईं भट्टी, वन कटाई आदि में ग्राम सभा की अनुमति सुनिश्चित करने। शहरी क्षेत्रों के तर्ज पर ग्रामीण सड़कों का निर्माण एवं मरम्मती। साहेदा हरिमंदिर से जुमला, हलमाद से जालुहोटांग, गाजा सेमिसिरहोटांग सड़क की अविलम्ब मरम्मती एवं राप्रावि जुमला से दुर्गा मंदिर तक तक पक्की सड़क निर्माण शामिल है। इस मौके पर विकास सिंह मुंडा रामदेव कुमार, सोहराई बेदिया, मोनू राम मुंडा, दीपक सिंह मुंडा, विकास सिंह मुंडा, गौतम मुंडा, हरेश मुंडा, मुरलीधर मुंडा, कीर्तन मुंडा, दिगम्बर मुंडा, विजय बेदिया, छोटे लाल दोहरा, आमीन मुंडा, सुशीला देवी, रोशनी देवी, मानो देवी , फुलीया देवी आदि उपस्थित थे।

### उद्यान विभाग ने इटकी के 85 किसानों को बाटें निःशुल्क हाईब्रिड सब्जी बीज



**इटकी।** प्रखण्ड के रानीखटंगा पंचायत सचिवालय परिसर में मंगलवार को उद्यान विभाग रांची द्वारा कृषकों के बीच निःशुल्क हाईब्रिड सब्जी बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रानीखटंगा पंचायत के 85 किसानों को उन्नत किस्म के टमाटर, भिण्डी, फ्रेंचबीन, नेनुआ, खीरा, कद्दू और धनिया की हाइब्रिड सब्जी बीज वितरण किया गया। प्रत्येक किसानों को उक्त सब्जियों को मिलाकर दस दस पैकेट बीज बाटी गई। मौके पर बीटीएम सुमन बारला ने जानकारी दी कि प्रखण्ड के 350 किसान गरमा फसल के उन्नत किस्म की सब्जी बीज के लिए आवेदन समिट किया था। उद्यान विभाग ने किसानों के आवेदन को स्वीकृत करते 300 किसानों को हरी सब्जी बीज और 50 किसानों को हरा मिर्च बीज उपलब्ध कराया है। इसी के तहत आज से प्रखण्ड के किसानों के बीच उन्नत किस्म का सब्जी बीज वितरण कार्यक्रम शुरू की गई है। कार्यक्रम में मुखिया राजन किस्पोट्टा, उद्यान मित्र मनोज कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि जिन्नत परवीन, संगेन मिंज, तराना बेगम सहित दर्जणों किसान मौजूद थे।

### सोनाहातू में एमडीए कार्यालय का उद्घाटन



**सोनाहात।** सीएचसी सोनाहातू में मंगलवार को फाइलेरिया उल्मूलन हेतु एमडीए कार्यालय का उद्घाटन प्रमुख विक्टोरिया देवी ओर चिकित्सा प्रभारी डॉ वीरेंद्र समीर कुजूर ने संयुक्त रूप में किए। प्रभारी ने बताया कि प्रखंड में 119625 लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन बूथ में दवा खिलाया जायेगा। फिर 11 फरवरी से 15 फरवरी तक घर घर जाकर सहिया ओर सेविका के दवा खिलाया जायेगा।अभियान में 154 टीम बनाई गई है। कुल 26 सुपरवाइजर और 308 दवा प्रशासक नियुक्त किया गया है।अभियान में डॉ जयराम शर्मा, डॉ पूनम मिंज, डॉ लालचंद मुंडा, डॉ शाहबाज अली, राधेश सिंह, प्रेम गुप्ता, महेश्वर सिंह मुंडा, अभिजीत मुखर्जी आदि मौजूद थे। इधर जामुदाग स्वास्थ केंद्र में पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू ने एमडीए कार्यालय का उद्घाटन किया। देर शाम सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार सोनाहातू सीएचसी पहुंचे और एमडीए प्रगति की जानकारी लिये।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने 15 लाख की लागत से बननेवाली दो योजनाओं का किया शिलान्यास

**सिल्ली।** प्रखंड के दोवाडू पंचायत के मुरहू फूलटांड मे 450 फीट पीसीसी पथ एवं सिल्ली के नीचेटोला में 400 फीट पेवर्स ब्लॉक पथ निर्माण का शिलान्यास भाजपा रांची ग्रामीण पूर्वी जिलाध्यक्ष विनय कुमार महतो धीरज ने किया। निर्माण कार्य राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा के सांसद मद से 15 लाख रुपए की लागत से किया जाना है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह योजना ग्रामीणों की बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और ग्रामीणों को सुलभ आवागमन प्रदान करने के उद्देश्य किया गया है। हमारा लक्ष्य सांसद के माध्यम से हर गांव को सुगम सड़क संपर्क उपलब्ध कराना है। इस मौके मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक, भागीरथ महतो, अध्यक्ष बसंत कुमार सुंडी, राजेंद्र प्रसाद सांई, नरोत्तम गोराई, अजीत साहू, महादेव बड़ाईक, सृष्टिधर प्रजापति ,रमेश महतो ,दलगोविंद लोहरा ,हरेंद्र प्रमाणिक, कैलाश महतो, महेश महतो, रमेश महतो, स्नेहलता देवी,अनिता देवी समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

### नदी में डूबने से एक युवक की मौत

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत किता दूंदाधारा चैकडैम के समीप नदी में डूबने से धूंधाधारा निवासी अर्जुन केवट के पुत्र अभिमन्यु केवट 22 का नदी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक अभिमन्य केवट दोपहर बाद गांव समीप चैकडैम के समीप बहने वाली नदी पर मछली पकड़ रहा था। तभी लगभग 5 बजे के शाम वह फिसल गया और नदी में गिर गया। ओर डूब गया। आस पास लोगों को जब तक जानकारी मिली तक काफी देर हो चुकी थी।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड ने 24 प्रशिक्षण सह प्रचार वाहनों को किया रवाना

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड की ओर से राज्यभर में स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी और प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मंगलवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने 24 प्रशिक्षण सह प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नामकुम स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय परिसर से ये सभी वाहन अपने-अपने निर्धारित जिलों के लिए प्रस्थान कर गए। इन वाहनों के माध्यम से राज्य के दूर-दराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आम नागरिकों के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मियों तक विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी पहुंचाई जाएगी।

इस अवसर पर अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड की एक नई और महत्वपूर्ण पहल है। इसके जरिए एक साथ राज्य के सभी 24 जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी जानकारियां आम जनता और स्वास्थ्य कार्यकताओं तक पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रचार वाहन अपने जिले में प्रतिदिन चार प्रखंडों में प्रशिक्षण गतिविधियों में भाग लेगा। कुल 48 दिनों के अभियान के दौरान राज्य के 192 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्रशिक्षण सत्रों में सहिया, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी और सहायक नर्स दाइयों को शामिल किया जाएगा। इस अभियान के तहत लगभग 3900 स्वास्थ्यकर्मियों को 24 प्रमुख स्वास्थ्य विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रचार वाहनों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, किशोर स्वास्थ्य, यक्ष्मा नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, मलेरिया नियंत्रण, तंबाकू नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य, गैर संचारी रोग, पोषण, नियमित टीकाकरण सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित प्रचार एवं प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई गई है। सभी वाहनों को 24 अलग-अलग विषयों के अनुरूप विशेष रूप से सजाया गया है तथा इन्हें जीपीएस प्रणाली से जोड़ा गया है। माइकिंग के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## चुनाव को लेकर द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** नगर पंचायत (आम) निर्वाचन के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर मंगलवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ठ कन्या विद्यालय में द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 124 मतदान अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण राज्य निर्वाचन आयोग की सामान्य प्रेक्षक रश्मि लकड़ा ने किया। सामान्य प्रेक्षक एवं अन्य अधिकारियों ने प्रशिक्षण कक्ष में चल रहे सत्रों का बारीकी से अवलोकन किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान अधिकारियों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उनकी तैयारी और समझ का आकलन किया। अधिकारियों ने मतदान कर्मियों को गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करने के निर्देश दिया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने आदर्श आचार संहिता के महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराया। साथ ही मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरण–जैसे बूथ की संरचना, पीठासीन पदाधिकारी और अन्य मतदान अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था, मतदान अभिकर्ताओं की नियुक्ति और उनके बैठने की व्यवस्था–के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा मतदान में प्रयुक्त सभी प्रपत्र, पैकेट और मतपेटियों को खोलने, सील करने और उनके सुरक्षित संचालन की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी कराया गया।

# चैंबर के बिजनेस एक्सचेंज की बैठक में व्यवसायियों ने साझा की जानकारी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** ई-कॉमर्स के बढ़ते प्रचलन के कारण ऑफलाइन व्यापारियों के समक्ष उत्पन्न हो रही चुनौतियों को देखते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से वर्तमान सत्र में बिजनेस एक्सचेंज मीटिंग के आयोजन की पहल की गई है। चैंबर की इस पहल के शुरूआती चरण में ही सकारात्मक और उत्साहजनक परिणाम सामने आने लगे हैं। इस पहल के तहत मंगलवार को चैंबर भवन में सदस्यों के बीच पुनः बिजनेस एक्सचेंज की तीसरी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सदस्यों ने एक-दूसरे से परिचय कराते हुए अपने व्यवसाय की जानकारी साझा की और आपसी रूप से बिजनेस कार्ड का आदान-प्रदान किया। चर्चा के दौरान कई



सदस्यों को तत्काल व्यापारिक ऑर्डर भी प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी चैंबर की ओर से इसकी दो बैठकों का आयोजन किया गया था, जिनके माध्यम से सदस्यों को संतोषप्रद व्यापारिक ऑर्डर प्राप्त हुए थे। बैठक में स्वयं सदस्यों ने इसकी पुष्टि करते हुए चैंबर की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। चर्चा में नये सदस्य ने यह भी कहा कि पहले यह धारणा थी कि चैंबर केवल व्यापारियों की समस्याओं को लेकर ही कार्य करता है, लेकिन सदस्य बनने के बाद उन्हें अपने व्यवसाय के विस्तार का वास्तविक अवसर भी प्राप्त हुआ है।

बैठक में यह भी विचार रखा गया कि स्थानीय व्यापारी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की तुलना में प्रतिस्पर्धी दरों पर उपभोक्ता सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं और उपभोक्ताओं को अपनी आवश्यक वस्तुओं की खरीद स्थानीय दुकानों से करनी चाहिए। चैंबर उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने कहा कि बिजनेस एक्सचेंज मीटिंग का उद्देश्य केवल नेटवर्किंग नहीं, बल्कि चैंबर सदस्यों के बीच वास्तविक व्यापारिक अवसर सृजित करना है। यह देखकर संतोष होता है कि सदस्य आपस में व्यापार कर रहे हैं और उन्हें ठोस ऑर्डर भी मिल रहे हैं। आने वाले समय में इस तरह की बैठकों को और अधिक प्रभावी और नियमित बनाया जाएगा। उपाध्यक्ष राम बांगड़ ने कहा कि ऑफलाइन व्यापार को सशक्त बनाने के लिए आपसी सहयोग बेहद जरुरी है। चैंबर का प्रयास है कि लोकल से वोकल की भावना को आगे बढ़ाते हुए अधिक से अधिक व्यापारिक अवसर अपने सदस्यों को उपलब्ध कराए जाए।

# स्पीकर ने एनईवाए डिजिटल उपकरणों का लिया जायजा

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा में राष्ट्रीय ई-विधान प्रणाली के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने मंगलवार को विधानसभा परिसर में उपलब्ध कराए गए डिजिटल उपकरणों एवं तकनीकी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। 11 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा झारखंड विधानसभा परिसर में राष्ट्रीय ई-विधान सेवा केंद्र का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य तथा विधानसभा के सभी सदस्य आमंत्रित हैं।

उद्घाटन के साथ ही विधानसभा सदस्यों और मंत्रियों के लिए राष्ट्रीय ई-विधान प्रणाली से जुड़ी आधुनिक तकनीकों पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण सत्र विधानसभा के सेंट्रल हॉल में दोपहर 12:30 बजे से शुरू होगा। इसमें भाग लेने के लिए विधानसभा सचिवालय द्वारा सभी सदस्यों को पूर्व में सूचना दे दी गई है। प्रशिक्षण के दौरान विधायी कार्यों के सुचारु संचालन हेतु मंत्रियों एवं सदस्यों को टैबलेट उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

## संक्षिप्त

### नगर निकाय चुनाव में हर बूथ पर सीसीटीवी हो : भाजपा



**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में राज्य निर्वाचन आयोग पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और मांग किया की निकाय चुनाव में सभी बूथों पर सीसीटीवी लगवाया जाय। श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार इस बार बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर आमदा है और इस बात कि पूरी आशंका है की सरकार के इशारे पर उनके समर्थक बैलेट पेपर को लूटेंगे या मत पत्र में अपने प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की छापेंगे। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग किया कि सीसीटीवी की फुटेज को एक साल तक सरंक्षित किया जाय ताकि गड़बड़ी करने पर न्यायालय में उसको साक्ष्य के तौर पर इस्तेमाल कर सकें। विधान सभा चुनाव और लोक सभा चुनाव में सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था तो निकाय चुनाव में क्यों नहीं कैमरा लग सकता है? अगर कैमरा नहीं लगाया जाता है तो इससे सरकार का मंशा स्पष्ट हो जाएगा कि वो बूथ पर कब्जा करने का प्रयास कर सकती है कैमरा लगने से यह भी फायदा होगा कि जो असामाजिक तत्व बूथ के अंदर या बाहर रहेंगे वो भी चिन्हित होंगे। न्यायालय में जब मामला आयेगा तो वही सीसीटीवी का फुटेज काम आयेगा।

### पेंशन मामले में हाई कोर्ट ने भुगतान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**रांची।** मधुपुर (देवघर) नगर परिषद के सेवानिवृत्त कर्मचारी शंभुकांत दुबे (मृतक) के सेवानिवृत्ति लाभ भुगतान से जुड़ा अवमानना मामला झारखंड उच्च न्यायालय में मंगलवार को सुनवाई के लिए पेश हुआ। अदालत के आदेश के अनुसार नगर विकास सचिव और कार्यपालक अधिकारी सशरीर उपस्थित हुए। नगर विकास सचिव ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को मिलने वाला मासिक भुगतान बढ़ाकर 10,000 रुपये से 15,000 रुपये प्रतिमाह किया जाएगा। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की खंडपीठ ने नगर विकास सचिव और कार्यपालक अधिकारी को अगली सुनवाई में मामले का समाधान निकालकर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 26 मार्च को होगी।

# ओएसएफ-जीआरसी केंद्र पीड़ित महिलाओं को करेगा सहयोग : दीपिका पांडेय सिंह

## मंत्री दीपिका पांडेय व शिल्पी नेहा तिर्की ने किया ट्रैक्टर व अनुदान का वितरण

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मांडर प्रखंड मुख्यालय परिषद में मंगलवार को महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और कानूनी सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम पहल देखने को मिली। महिला सशक्तिकरण एवं न्याय-सहायता व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित विशेष कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने मुख्य अतिथि एवं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। दोनों मंत्रियों का पारंपरिक स्वागत फूल-मालाओं से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों ने मांडर आजीविका महिला संकुल संगठन कार्यालय, एकल सुविधा केंद्र, जेंडर रिसोर्स सेंटर कार्यालय एवं पीड़िता कक्ष का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को न्याय, परामर्श, सरकारी योजनाओं और



आजीविका से जुड़ी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को केवल आर्थिक रूप से ही नहीं, बल्कि सामाजिक और कानूनी रूप से भी सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि एकल सुविधा केंद्र और जेंडर रिसोर्स सेंटर पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता, परामर्श और न्याय दिलाने का मजबूत मंच बनेंगे। वहीं मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को संसाधनों और बाजार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों और सहकारिता के माध्यम से गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर परिवार और समाज की रीढ़ बन सकें। इस अवसर पर महिला समूहों को कृषि कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्रैक्टर का वितरण किया गया। साथ ही 59 लाख 72 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया, जिससे स्वयं सहायता समूहों की आजीविका गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया। नाटक के माध्यम से महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा, बाल विवाह और न्याय-सहायता जैसे गंभीर विषयों पर सशक्त संदेश दिया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहना के साथ देखा। समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी चंचला कुमारी, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप-प्रमुख अमानत अंसारी, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर, उपाध्यक्ष मोहम्मद खालिद, प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधानसभा युवा अध्यक्ष हुसैन अंसारी, रांची जिला महासचिव अल्ताफ अंसारी, युवा अध्यक्ष आजाद अंसारी, विधायक प्रतिनिधि आबिद अंसारी, तबारक खान, राशिद खान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

### हाई कोर्ट में जस्टिस से नोक-झोंक मामला : अधिवक्ता महेश तिवारी ने मांगी माफी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय में मंगलवार को न्यायामूर्ति राजेश कुमार के साथ नोक-झोंक के मामले में दायर आपराधिक अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत के समक्ष उपस्थित अधिवक्ता महेश तिवारी ने बिना शर्त माफी मांगी, जिसके बाद अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले की सुनवाई पांच न्यायाधीशों की पूर्ण पीठ ने की, जिसमें मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक के साथ न्यायामूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायामूर्ति रंगन मुखोपाध्याय, न्यायामूर्ति आनंद सेन और न्यायामूर्ति राजेश शंकर शामिल थे। दरअसल, झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति राजेश कुमार की अदालत में एक मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता महेश तिवारी के साथ हुई नोक-झोंक को उच्च न्यायालय ने गंभीरता से लिया था। इसके बाद अदालत संख्या एक में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय पूर्ण पीठ ने मामले की सुनवाई की थी। उस सुनवाई के दौरान न्यायाधीश और अधिवक्ता के बीच हुई नोक-झोंक से संबंधित वीडियो फुटेज भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इस आपराधिक अवमानना मामले में मुख्य न्यायाधीश ने अधिवक्ता महेश तिवारी से घटना को लेकर उनका पक्ष जानना चाहा था, जिस पर उन्होंने कहा था कि उन्होंने पूरे होश में न्यायामूर्ति राजेश कुमार से उक्त बातें कही थीं और उस पर कोई पछतावा नहीं है। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पूर्ण पीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अधिवक्ता महेश तिवारी को आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी किया था। अधिवक्ता महेश तिवारी ने इस नोटिस को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी, लेकिन वहां से उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। मंगलवार की सुनवाई में अधिवक्ता की ओर से बिना शर्त माफी मांगे जाने के बाद उच्च न्यायालय ने मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है।

### वार्ड प्रत्याशी ने पदयात्रा कर मांगा समर्थन

**रांची।** कुमुद कुमारी (अलमीरा चुनाव चिन्ह) वार्ड नंबर 33 की पार्षद प्रत्याशी ने आज राधानगर, शांतिनगर, सुंदर नगर, आनंदनगर, सरहुलनगर में पदयात्रा कर अलमीरा चुनाव चिन्ह में मुहर लगाकर



जिताने की अपील की। मौके पर वार्ड प्रत्याशी कुमुद ने कहा कि जनसेवा ही मेरा संकल्प है। साथ ही बच्चों के लिए खेलकूद पार्क, पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट, महिलाओं के लिए स्वरोजगार केंद्र सहित अन्य सुविधाओं को चुनाव जीतने के बाद जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाएगा। जनसंपर्क अभियान में मुख्यरूप से छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुबेश पांडे, अरुण साकेत, राजेश प्रसाद, अभय कुमार साहू, ममता कुमारी, गीता देवी, सरोज देवी,नीतू सोनी, उमा रानी कर्मकार, वाणी कर्मकार, ऋतु देवी, पुष्पा देवी, सोनी देवी, संतोष कुमार रामजी, आमोद कुमार पांडे, अविनाश कुमार, नीति कुमारी, प्रशांत गौतम आदि मौजूद थे। पदयात्रा के दौरान समर्थकों ने कुमुद कुमारी को माला पहनाकर उत्साह पूर्वक जयकारे के साथ भ्रमण कराया।

### बीआईटी मेसरा में रक्तदान शिविर आज

रांची। बीआईटी मेसरा, रांची स्थित यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक डिस्पेंसरी में 11 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसका उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना और जीवन रक्षक रक्तदान के महत्व के प्रति जागरुकता फैलाना है। इस शिविर में 18 से 60 वर्ष की आयु के वैसे स्वस्थ व्यक्ति रक्तआदान कर सकते हैं, जिनका न्यूनतम वजन 45 किलोग्राम हो। रक्त संग्रह की प्रक्रिया रिम्स और राम प्यारी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के प्रशिक्षित चिकित्सकीय विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी। रक्तदान से पूर्व दाताओं की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच भी की जाएगी। शिविर के दौरान सभी सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया जाएगा।

### एचईएम 2.0 पोर्टल के अनुपालन में त्रुटि पर चार अस्पतालों का अनुरोध रद्द

**रांची।** झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक छवि रंजन ने मंगलवार को सोसायटी के सभागार में राज्य सूचीबद्धता समिति की बैठक की। इस अवसर पर एचईएम 2.0 पोर्टल के अनुपालन को लेकर कड़े फैसले लिए गए। मौके पर समिति ने सूचीबद्ध निजी अस्पतालों से जुड़े विभिन्न मामलों पर विचार करते हुए पारदर्शिता और नियमों के सख्त पालन पर जोर दिया। तकनीकी त्रुटि या मानवीय भूल के कारण एचईएम 2.0 पोर्टल पर किए गए विद्ड्रॉल रिक्वेस्ट के मामले में ई-मेल और सिविल सर्जन की अनुशंसा के आधार पर चार अस्पतालों के अनुरोध रद्द किया गया। इनमें हजारीबाग का न्यू झारखंड नर्सिंग होम, पूर्वी सिंहभूम का टाटा मोटर्स हॉस्पिटल प्लांट और पलामू के नारायण मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल और मईंयां-बाबू अस्पताल शामिल हैं।

# रातू से गायब दो नाबालिग बहनें रेलवे स्टेशन से बरामद, परिजनों को राहत

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के चटकपुर मिलन चौक से रहस्यमय ढंग से लापता हुई दो नाबालिग बहनों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रांची रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया है। दोनों बच्चियां फिलहाल पुलिस की सुरक्षा में हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, गोकुल धाम मिलन चौक निवासी सुजीत शर्मा की बेटियां संध्या कुमारी (16 वर्ष) और अर्चना कुमारी (12 वर्ष) 8 फरवरी की शाम घर से दुकान जाने के लिए निकली थीं, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटीं। इसके बाद परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर रातू थाना में आवेदन देकर बच्चियों की बरामदगी की गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। इसी क्रम में मंगलवार को दोनों बच्चियां रांची रेलवे स्टेशन परिसर से बरामद कर ली गईं। पुलिस दोनों बच्चियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि वे घर से क्यों और किन परिस्थितियों में निकली थीं।

# झारखंड के विभिन्न जिलों में आज से बादल छाने की संभावना, बढ़ेगा तापमान

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में बुधवार और गुरुवार को आंशिक बादल छाने की संभावना है। इससे अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 02 से 03 डिग्री की वृद्धि होगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार, 13 फरवरी से मौसम साफ होगा। सुबह में कुहासा छाया रहेगा और बाद में मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगा। विभाग का कहना है कि राज्य भर में अगले दो दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी के बाद अगले तीन दिनों में इसमें 02 डिग्री की गिरावट दर्ज की जाएगी।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईंबासा में 32 डिग्री और सबसे कम तापमान तापमान गुमला में 5.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ और मध्यम दर्जे की गति से हवा चली। इन दिनों पछुआ हवाओं के प्रभाव के कारण कई जिलों में तापमान में कमी दर्ज की जा रही है। कई जिलों में अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज हुई है। इससे राज्य भर में गर्मी और ठंड दोनों की स्थिति बनी हुई है। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री दर्ज किया गया।

# रांची में किन्नरों से मारपीट और पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के कचहरी चौक के पास मंगलवार तड़के करीब तीन बजे मारपीट की घटना के बाद पुलिस और आरोपितों के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा ने इस बाबत बताया कि दो युवकों ने किन्नरों के साथ मारपीट की, जिसमें एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। एसपी ने बताया कि दोनों आरोपितों ने पहले किन्नरों के साथ मारपीट की और फिर बोलेरो वाहन से उन्हें कुचलने की कोशिश की। विरोध करने पर वहां



मौजूद लोगों के साथ भी हाथापाई की गई। घटना के बाद आरोपित वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने पीछा किया, इस दौरान आरोपितों ने पुलिस वाहन को भी टक्कर मारने का प्रयास किया। एसपी के अनुसार, मांडर थाना क्षेत्र के बरकी गांव की ओर भागते समय पुलिस ने नाकेबंदी कर बोलेरो (नंबर जेएच 01एफडी-5302) को रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपितों ने वाहन तेज गति से चलाते हुए पुलिसकर्मियों को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, जिसमें एक होमगार्ड जवान भी घायल हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने और आत्मरक्षा में पुलिस की ओर से फायरिंग की गई, जिसमें एक गोली वाहन की आगे की सीट पर बैठे व्यक्ति को लगी। बाद में घायल को अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गुरफान अंसारी (30 ) और इस्तियाक अंसारी (25 ), निवासी नगड़ी थाना क्षेत्र रांची के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, इस्तियाक अंसारी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# डीडीसी ने फाइलेरिया की दवा खाकर लोगों से की सेवन की अपील

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कांके में मंगलवार को जिला स्तरीय फाइलेरिया मुक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विकास आयुक्त (डीडीसी) सौरव कुमार भुवानिया ने सबसे पहले खुद फाइलेरिया मुक्ति दवा का सेवन किया। इसके बाद विद्यालय की छात्रा सुषमा कुमारी (17 वर्ष) एवं निशा कुमारी (15 वर्ष) और सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ प्रभात रंजन सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी पदाधिकारियों ने दवा का सेवन करवाया। डीडीसी ने जिला के सभी नागरिकों को फाइलेरिया की दवा खाने के लिए अपील की। उन्होंने कहा की दवा पूरी तरह सुरक्षित है। फाइलेरिया का कोई उपचार नहीं है लेकिन



दवा लेकर इस समय से पहले रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि रांची के 14 प्रखंड में इसे एलिमिनेट किया जा चुका है, वही चार प्रखंड में इसे खत्म करने करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा दवा का सेवन कराया जा रहा है। इन चार प्रखंड में 29 फाइलेरिया के एक्टिव केस है। दवा खाकर ही इससे बचाव किया जा सकता है, इसीलिए सभी जिलावासी इस दवा का सेवन अवश्य करें।

भुवनिया ने बताया कि फाइलेरिया के विलोपन के लिए सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक रांची के चार प्रखंड राहे, सोनहातू, तमाड़ एवं कांके में अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। इस मौके पर सिविल सर्जन रांची डॉक्टर प्रभात कुमार ने बताया कि हाथी पांव की दवा जिला के चार प्रखंड में 619 बूथ पर 1238 दवा प्रशंसकों के देखरेख में तकरीबन 5, 57,970 लोगों को खिलाई जाएगी। सभी सार्वजनिक भवन आंगनबाड़ी केंद्र स्कूल कॉलेज में बूथ के माध्यम से यह दवा खिलाई जाएगी। इस दवा का सेवन खाली पेट नहीं किया जाना है। 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों गर्भवती महिलाओं एवं अत्यंत गंभीर बीमार व्यक्तियों को भी दवा नहीं दी जाएगी। कार्यक्रम में डॉ प्रभात कुमार, वीरेंद्र कुमार सिंह, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, विजय कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी, डॉ शाहिद करीम साबरी, डॉ सीमा गुप्ता, सज्ञा श्रीवास्तव, नीलम कुमार, अंजलि गांगुली, डॉ अभिषेक पॉल, जोसेफ किरण कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# बीएयू में नए विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम शुरू

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत रांची कृषि महाविद्यालय एवं कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कुलपति डॉ. एससी दुबे ने लक्ष्य निर्धारण, समर्पित प्रयास, मानवीय मूल्य एवं नैतिकता पर बल देते हुए षष्ठम डीन समिति की अनुशंसा पर प्रारंभ किये गये इंडक्शन-कम-फाउंडेशन कोर्स के उद्देश्य एवं महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, ध्येय



के प्रति समर्पण और बेहतर संचार कौशल जीवन के किसी भी क्षेत्र में बढ़ाने के लिए उपयोगी है। अधिष्ठाता डॉ. डी.के. शाही ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन एवं सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। निदेशक अनुसंधान डॉ. पीके सिंह ने कृषि अनुसंधान, नवाचार एवं व्यावहारिक ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वागत सम्बोधन सहायक प्राध्यापक (कृषि प्रसार शिक्षा विभाग) डॉ. नीतू कुमारी और धन्यवाद डॉ अमनदीप रंजन ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## तांत नगर प्रखंड के विभिन्न गांवों में जस्टिस ऑन व्हील्स ने कानूनी जानकारी प्रदान की

**बच्चों को नशे की सामग्री देना, बेचना या उन्हें प्रोत्साहन देना गंभीर अपराध**

**बाल विवाह अनुचित, बालकों के समुचित और सामान्य विकास के लिए रोक थाम जरूरी**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**




**चाईबासा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वाधान में जिला एवं प्रधान सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार चाईबासा मौहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में और प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी जी के नेतृत्व में मोबाइल वाहन जस्टिस ऑन व्हील्स के माध्यम से तांत नगर प्रखंड कार्यालय परिसर और क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया और लोगों को कानूनी जानकारी प्रदान की गई, इस दौरान जागरूकता हेतु हैंडबिल का भी वितरण किया गया। मौके पर सहायक एलएडीसी रत्नेश प्रसाद और पीएलवी सुमन कारवा और कमल किशोर गोप ने बाल विवाह के विरुद्ध लोगों को सचेत करते हुए बताया कि बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, उनका समुचित विकास नहीं हो पाता है और कानूनी रूप से भी यह अपराध की श्रेणी में आता है, बाल विवाह में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी पक्ष दोषी होते हैं। ऐसे मामलों की जानकारी तत्काल प्रखण्ड या पंचायत पदाधिकारी, स्थानीय मुखिया, चाइल्ड लाइन 1098, पुलिस 100 या प्राधिकार को अधिकार मित्रों के माध्यम से सूचना देनी चाहिए। प्राधिकार के द्वारा ऐसे मामलों में त्वरित विधि सम्मत कार्यवाही की जाती है, वे अपने विवादों का निपटारा मध्यस्थता के माध्यम से भी करवा सकते हैं, नशे के बढ़ते प्रचलन पर भी उन्होंने ग्रामीणों को नशापन रोकने और उससे बचने के लिए प्रेरित किया। और जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि लोक अदालतों के माध्यम से सुलहनीय मामलों का निपटारा करवा सकते हैं, प्राधिकार के द्वारा कई सेवाएं प्रदान की जाती है जो आमजनों के लिए सुविधाजनक होती है. इस दौरान लोगों को विधिक जानकारियां देते हुए उनसे समस्याओं से संबंधित आवेदन भी लिया गया।

## राजाबुरु खदान में स्थानीयों को रोजगार देने की मांग, 13 फरवरी को आंदोलन की चेतावनी

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**गुवा।** गुवा क्षेत्र में सेल प्रबंधन द्वारा राजाबुरु खदान को शीघ्र चालू किए जाने की तैयारी चल रही है। इसी को लेकर स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों में चिंता के साथ-साथ आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। स्थानीय नेताओं राजेश सांडिल एवं मंगता सुरीन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि खदान चालू होने के बाद आसपास के गांवों के ग्रामीणों को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी गई, तो 13 फरवरी को गुवा सेल के जनरल ऑफिस के समक्ष आंदोलन किया जाएगा तथा प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी सेल प्रबंधन द्वारा स्थानीय सात गांवों के बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं दिया गया, तो मजबूरन सेल का चक्का जाम किया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को छोटानागरा थाना क्षेत्र के जोजोगुटू गांव में सातों गांवों के मुंडा-मानकी एवं ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जोजोगुटू गांव के राजेश सांडिल, काशिया पेचा गांव के मंगता सुरीन, मुंडा सिंगा सुरीन, पूर्व जिला परिषद सदस्य बामिया मांझी, अमन चाम्पिया, मानसिंह चाम्पिया, नंदलाल सुरीन, बिरसा चाम्पिया, दुईया गांव के मुंडा जानुमसिंह चेरवा, रोवाम गांव के मुंडा बुधराम सिद्धू तथा जाम कुंडिया गांव के मुंडा कुशों देवगम शामिल हुए।

### संक्षिप्त

#### महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने निरीक्षण किया



**देवघर।** महाशिवरात्रि को लेकर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने शिव बारात रुटलाइन में विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यस्था व की जाने वाली तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने केकेएन स्टेडियम में शिव बारात के लिए की जा रही तैयारी को देखा। बारात की रूटलाईन यथा-के-केएन स्टेडियम, फव्वारा चौक, टावर चौक, आजाद चौक, बाजला चौक, टावर चौक के अंदर आदि में विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों के अलावा पथ में पड़ने वाले सभी सभी गड्ढों को समतल करने, स्लैब की मरम्मत, अतिक्रमण, नालों की साफ-सफाई के साथ सड़कों के किनारे सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेरिकेडिंग करने का आदेश संबंधित अधिकारियों दिया, ताकि महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात के रूप में निकलने वाली झाँकियों के भ्रमण के दौरान नालों या गड्ढों के वजह से किसी प्रकार की समस्या न हो।

#### पुलिस ने किया दो अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले में चाकुलिया नगर पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को चाकुलिया थाना क्षेत्र के धोबासोल गांव में पुलिस ने एक अवैध देसी शराब भट्ठी को ध्वस्त किया। कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद शराब बनाने के उपकरणों के साथ लगभग 150 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया, जबकि 25 लीटर देसी शराब जब्त कर उत्पाद विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजा गया। इसके बाद पुलिस ने पश्चिम बंगाल सीमा से सटे केंदाडांगरी गांव के जंगल क्षेत्र में संचालित एक अन्य अवैध देसी शराब भट्ठी पर भी छापा मारा। यहां शराब निर्माण के लिए रखे गए 20 गैलन, दो मिट्टी की हांडी में भरा करीब 450 किलोग्राम जावा महुआ और अन्य उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

# चाईबासा को ऐसा अध्यक्ष चाहिए जो सत्ता नहीं, सेवा को प्राथमिकता दे : मधु कोड़ा

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**चाईबासा।** जनता के नाम संदेश के साथ खिरवाल धर्मशाला से उठा परिवर्तन का उद्घोष, नगर परिषद अध्यक्ष रमेश खिरवाल का चुनावी कार्यालय का आज हुआ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं पूर्व सांसद गीता कोड़ा के उपस्थिति में प्रत्याशी रमेश खिरवाल ने फिता काटकर उद्घाटन इस अवसर पर काफीण संख्या में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन के गणमान्य और प्रबुद्ध नागरिक सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं का समूह उपस्थित रहा
चाईबासा नगर परिषद अध्यक्ष पद के भाजपा समर्थित प्रत्याशी रमेश खिरवाल के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन खिरवाल धर्मशाला में आज जनसैलाब, जोश और परिवर्तन के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब चाईबासा की जनता खोखले वादों और पर्दे के पीछे की राजनीति नहीं, बल्कि जमीनी नेतृत्व और जवाबदेह शासन चाहती है।कार्यालय उद्घाटन में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू, जे.बी. तुबिद, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय पांडे, नगर अध्यक्ष राकेश पोद्दार, रामानुज शर्मा,पूर्व नगर अध्यक्ष पवन शर्मा, सतीश पुरी, राकेश शर्मा मुकेश सिंह प्रताप कटियार ,शुरू नंदी, मनीष राम, अक्षय खत्री सहित मंच-मोर्चा के अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी, सामाजिक संगठन, महिला संगठन एवं शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जनता को संबोधित करते हुए मधु कोड़ा का स्पष्ट संदेश पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा- नगर परिषद को प्रयोगशाला बनाकर शहर को पीछे धकेलने वालों का समय समाप्त हो चुका है। अब चाईबासा को ऐसा अध्यक्ष चाहिए जो सत्ता नहीं, सेवा को प्राथमिकता दे। रमेश खिरवाल जनता की आवाज हैं और जनता की ताकत से ही वे नगर परिषद को सही दिशा देंगे। गीता कोड़ा का जनता के नाम आह्वान पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने कहा, यह चुनाव केवल अध्यक्ष चुनने का नहीं, बल्कि चाईबासा के भविष्य को सुरक्षित करने का चुनाव है। महिलाओं, युवाओं और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए जनता को एकजुट होकर सही प्रत्याशी के पक्ष में खड़ा होना होगा।ह्व जिला अध्यक्ष व सामाजिक संगठनों की दो-टूक जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि रमेश खिरवाल जनता के बीच रहने वाले, हर वर्ग से सीधा संवाद करने वाले और नगर परिषद को दलाली व भ्रष्टाचार से मुक्त करने का साहस रखने वाले प्रत्याशी हैं। उन्होंने कहा कि अब नगर परिषद को जनता के हाथों में सौंपने का समय आ गया है। जनता के नाम प्रत्याशी रमेश खिरवाल का भावनात्मक संदेश रमेश खिरवाल ने दिया- मेरे चाईबासा शहर के भाईयो-बहनो, माताओं और बुजुर्गों, आज मैं आपसे राजनीति नहीं, अपने हक और सम्मान की बात करने आया हूँ। नगर परिषद वर्षों से कुछ लोगों की जागीर बनकर रह गई थी, लेकिन अब जनता का शासन स्थापित होगा।

### पांच दिवसीय यूथ क्रिकेट चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ, पापा 11 टीम ने दर्ज की शानदार जीत



**गुवा।** गुवा सेल के फुटबॉल मैदान में मंगलवार को पांच दिवसीय यूथ क्रिकेट चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया है। उद्घाटन समारोह में गुवा सेल के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रभूषण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि महाप्रबंधक आर.के. बंगा एवं झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा स्वर्गीय प्रेमजीत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। चैंपियनशिप का पहला मुकाबला पापा 11 एवं यंग बॉयज टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर यंग बॉयज टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए पापा 11 टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 110 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंग बॉयज टीम 10 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 78 रन ही बना सकी। इस प्रकार पापा 11 टीम ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में झारखंड युवा मोर्चा का अहम योगदान रहा। मैच में अंपायर की भूमिका संजय बनर्जी एवं विजय कुमार दास ने निभाई। यूथ क्रिकेट चैंपियनशिप कमेटी में रोहित पांडे, ललित तांती, जतिन यादव, रिक्की केसरी, सूरज गुप्ता, गणेश दास, निकेत सिंह, जुनैद खान, सुजीत राय, सागर सिंह, नौशाद अली, सतीश दास, तेजेंद्र सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में अधिवक्ता अनिल कुमार महतो ने नामांकन पर्चा किया दाखिल



**चाईबासा।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के होने वाले चुनाव को लेकर मंगलवार को रांची स्थित बार काउंसिल कार्यालय में चाईबासा के अधिवक्ता अनिल कुमार महतो ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। मौके पर चाईबासा के वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार प्रजापति, प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, अधिवक्ता विनय कुमार कालुंडिया, सकलदीप तिर्की, राकेश पांडे, वीर सिंह बिरुली ,रांची के वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद विराट, राजेश श्रीवास्तव, रणधीर विश्वकर्मा, के अलावा अन्य अधिवक्तागण मौजूद थे। गौरतलब है कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में नामांकन पत्र की शुल्क राशि 2 हजार रुपए तथा नामांकन पत्र दाखिल करने की निर्धारित राशि 1.25 लाख रुपए है। चुनाव मैदान में उतरे अधिवक्ताओं को आगामी 15 फरवरी को सीरियल नंबर उपलब्ध कराया जाएगा वहीं 12 मार्च को बेलेट पेपर के माध्यम से चुनाव होगा। अभी तक स्टेट बार काउंसिल से 120 अधिवक्ताओं ने नामांकन पर्चा लिया है।

### चाईबासा, चक्रधरपुर शहर की सीमाओं पर जांच सिर्फ दिखावा है, अवैध लॉटरी बेधड़क घुस रही है : रामहरि पेरियार

**चाईबासा।** एंटी करप्शन ऑफ इंडिया के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष धी. रामहरि पेरियार ने कहा कि झारखंड में नगर निगम चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है और इसी बीच चाईबासा एवं चक्रधरपुर में अवैध लॉटरी का खुलेआम संचालन बेहद गंभीर और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि शहर की सीमाओं पर जांच के नाम पर केवल दिखावटी वेरी कटिंग लगाई गई है, लेकिन इसके बावजूद अवैध लॉटरी बेधड़क शहर के अंदर घुस रही है। नाम और फोटो सहित कई बार ठोस सबूत देकर शिकायत करने के बाद भी प्रशासन इस पूरे मामले पर जानबूझकर अनसुना कर रहा है। यह लापरवाही नहीं, बल्कि सीधे तौर पर मिलीभगत का संकेत है। धी. रामहरि पेरियार ने कहा कि जब आदर्श आचार संहिता लागू है, तब इस तरह की अवैध गतिविधियों का चलना न सिर्फ कानून का मजाक है, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर हमला है। अगर प्रशासन निष्पक्ष और ईमानदार है तो अवैध लॉटरी के नेटवर्क को तुरंत ध्वस्त किया जाए।

## वादों पर नहीं, लिखित गारंटी पर भरोसा: नितिन प्रकाश ने 'खाता 21' में दर्ज की चाईबासा की समस्याएं

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**चाईबासा।** नगर परिषद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नितिन प्रकाश ने आज नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क कर जनता के बीच अपनी पैठ और मजबूत की। आज उन्होंने गांधीटोला, सिद्धेश्वर मंदिर से सदर थाना मार्ग, वार्ड संख्या 18 (एसपीजी कंपाउंड), महादेव कॉलोनी और फ्लोर मिल क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से 'चूड़ियाँ छाप' (क्रम संख्या 3) पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। खाता 21': समस्याओं का दस्तावेजीकरण और लिखित हस्ताक्षर जनसंपर्क के दौरान नितिन प्रकाश का एक अलग और विश्वसनीय अंदाज देखने को मिला। उन्होंने केवल भाषण नहीं दिए, बल्कि हर वार्ड की स्थानीय समस्याओं को अपने विशेष 'खाता 21' में दर्ज किया। समस्याओं को अंकित करने के बाद उन्होंने उस पर अपने हस्ताक्षर किए और जनता को विश्वास दिलाया कि यह केवल चुनावी आश्वासन नहीं, बल्कि एक लिखित गारंटी है। इस अवसर पर नितिन प्रकाश ने कहा, मैं खोखले वादों और हवा-हवाई बातों में विश्वास नहीं करता। इसलिए मैं जो कह रहा हूँ, उसे लिख कर दे रहा हूँ। आपके आशीर्वाद से यदि मैं चुनकर आता हूँ, तो 6 माह के भीतर ये तमाम कार्य धरातल पर दिखाई देंगे। जनता के हृदय को छू गया 'गारंटी' का भरोसा विभिन्न कॉलोनियों के भ्रमण के दौरान वृद्धों एवं महिलाओं ने उन्हें आशीर्वाद दिया और युवाओं ने उनके इस 'लिखित संकल्प' की सराहना की। लोगों का मानना है कि पहली बार किसी प्रत्याशी ने लिखित रूप में काम की गारंटी दी है।

## उपायुक्त ने सुनी आम जनों की शिकायत




**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के बाघमारा, तोपचांची, महुदा, गोविंदपुर, जामाडोबा, धनबाद सहित अन्य क्षेत्र से आए आम जनों की शिकायत सुनी। जनता दरबार में उपायुक्त ने पुश्तैनी जमीन की लगान रसीद निर्गत कराने, मृत्यु प्रमाण पत्र ऑनलाइन कराने, निवास स्थान आने-जाने का रास्ता बाधित करने, छात्रवृत्ति प्रदान करने, रास्ते पर जेसीबी से खोदकर मिट्टी जमा करने, जमीन पर जबरन कब्जा करने, जमीन की चारदीवारी तोड़कर रातों-रात बोरिंग करने सहित आमजनों की अन्य शिकायत सुनी। उन्होंने शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।

## सारंडा में 17 नक्सलियों के मारे जाने के बाद चाईबासा में हाई-लेवल बैठक

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के घने जंगलों वाले सारंडा क्षेत्र में हालिया मुठभेड़ में 17 नक्सलियों के मारे जाने के बाद सुरक्षा बलों ने नक्सल विरोधी अभियान को और तेज करने की रणनीति बना ली है। इसी कड़ी में मंगलवार को चाईबासा में सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगे की कार्रवाई को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में शामिल होने के लिए सीआरपीएफ के आईजी साकेत कुमार और एसटीएफ के आईजी अनुप बिरथरे विशेष हेलीकॉप्टर से चाईबासा पहुंचे। उनके आगमन पर टाटा कॉलेज मैदान में कोल्हान रेंज के डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा और पश्चिमी सिंहभूम एसपी अमित रेणु ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी अधिकारी सीधे सुरक्षा समीक्षा बैठक में शामिल हुए। नक्सल अभियान, मेघाबुरु ऑपरेशन पर विशेष चर्चा बैठक का मुख्य एजेंडा हाल ही में चलाए गए मेघाबुरु ऑपरेशन और आगे की नक्सल विरोधी रणनीति रहा। सूत्रों के अनुसार, इस ऑपरेशन में मिली बड़ी सफलता के बाद सुरक्षा बल अब सारंडा के बचे हुए नक्सली कैडरों पर निर्णायक प्रहार की योजना बना रहे हैं। खुफिया इनपुट के आधार पर कई संवेदनशील इलाकों में फिर से बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाए जाने की संभावना है। पिछले अभियान का भी संदर्भ गौरतलब है कि इससे पहले भी सारंडा क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान चलाया था, जिसमें कई नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया था और बड़ी मात्रा में हथियार एवं विस्फोटक बरामद किए गए थे। उस दौरान जंगलों में नक्सलियों के कई ठिकानों को ध्वस्त किया गया था, लेकिन कुछ उग्रवादी अभी भी इलाके में सक्रिय बताए जा रहे हैं। सारंडा को नक्सल मुक्त बनाने की योजना सरकार और सुरक्षा एजेंसियों का लक्ष्य सारंडा को पूरी तरह नक्सल मुक्त बनाना है। इसके लिए लगातार अभियान, स्थानीय लोगों से समन्वय और खुफिया नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। आने वाले दिनों में पुलिस-सीआरपीएफ की संयुक्त टीम और आक्रामक कार्रवाई कर सकती है।

## बाबाधाम मंदिर में शीघ्र दर्शनम का शुल्क 600 रुपये निर्धारित

**महाशिवरात्रि एवं शिवबारात को लेकर तैयारियों पर चर्चा**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**




**देवघर।** उपयुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने महाशिवरात्रि के सफल संचालन को लेकर पंडा पुरोहित समाज के प्रतिनिधियों व सदस्यों के साथ बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। इस दौरान उपायुक्त ने महाशिवरात्रि एवं शिवबारात को लेकर की जाने वाली विभिन्न तैयारियों पर चर्चा की। पंडा समाज के सदस्यों व प्रतिनिधियों से उनके सहयोग और विचारों से अवगत हुए। सभी की सहमति से 14 और 15 फरवरी को शीघ्र दर्शनम का शुल्क पूर्व की तरह 600 रुपये निर्धारित किया गया।
बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि बाहर से आने वाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए हम सभी को मिलकर पूरे तत्परता के कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि सभी के जन सहयोग से सुरक्षित जलार्पण के साथ श्रद्धालुओं को बाबा नगरी में एक सुखद अनुभूति दी जा सके। श्रद्धालुओं के सुगम जलार्पण, पूजा-अर्चना को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए मंदिर प्रांगण में आवश्यक कार्यों को तय समय के अनुरूप पूर्ण करने की बात उपायुक्त ने कही।
उपायुक्त द्वारा बाबा मंदिर व उसके आस पास के क्षेत्रों में व्यवस्थाओं को और भी बेहतर करने के उदेश्य से मंदिर प्रांगण व आस पास के क्षेत्रों में बिजली व लाईटिंग की व्यवस्था को और भी दुरूस्त करने का निर्देश दिया। आगे शीघ्रदर्शनम् कूपन की व्यवस्था को और भी सुगम बनाने के उदेश्य से विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़े। इसके अलावे बैठक के दौरान महाशिवरात्री के सफल संचालन को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व स्वास्थ्य सुविधा हेतु आपसी समन्वय के साथ बेहतर कार्य करने की बात कही गयी। साथ ही पूर्व की तरह और भी भव्य रूप से निर्धारित रुटलाइन से शिवबारात निकाली जाएगी। मौके पर नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी संतोष कुमार, पंडा धर्मरक्षिणी के अध्यक्ष, पंडा धर्मरक्षिणी के महामंत्री एवं पंडा व तीर्थ पुरोहित समाज के सदस्य, प्रतिनिधि व संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## डिजिटल सुरक्षा जागरूकता के लिए सुरक्षित इंटरनेट दिवस-2026 का हुआ आयोजन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त चंदन कुमार के निदेशानुसार जिला सूचना एवं विज्ञान (ठक्ट) कार्यालय के द्वारा आई.टी.आई- चाईबासा में सहायक समाहर्ता सिद्धांत कुमार की अध्यक्षता में सुरक्षित इंटरनेट दिवस-2026 का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सहायक समाहर्ता ने कहा कि वर्तमान युग में हम सभी इंटरनेट पर अधिकतर कार्यों के लिए निर्भर हो चुके हैं। सोशल मीडिया, ऑनलाईन बैंकिंग, ऑनलाईन पेमेंट या कई ऐसे कार्य हैं, जो इंटरनेट के बिना संभव नहीं है। आज 99 प्रतिशत युवा सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। साइबर सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि कोई भी निजी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा ना की जाए। जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी ने इंटरनेट का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सलाह देते हुए साइबर फ्रॉड से बचने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अपना ई-मेल अकाउंट, व्हाट्अप अकाउंट और सोशल मीडिया अकांउट किस तरह से सुरक्षित रखा जा सकता है, इसकी विस्तृत जानकारी दी। ई-डीएम ने कहा कि जब भी कोई भी वेबसाईट सर्च करें, तो सही वेबसाईट का ही चुनाव करें। जो अधिकृत वेबसाईट्स नहीं हैं, उस पर क्लिक करते ही उपयोगकर्ता की सभी जानकारियां इंटरनेट पर साझा हो सकती हैं।

## समाहरणालय में सेफर इंटरनेट डे पर कार्यशाला आयोजित

**स्मार्ट टेक, सेफ चॉइस थीम पर साइबर सुरक्षा और एआई के सुरक्षित उपयोग पर दिया गया जोर**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पलामू।** जिला समाहरणालय के द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष में मंगलवार को सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय,भारत सरकार की थीम के अंतर्गत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र पलामू जिला इकाई के माध्यम से आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य इंटरनेट उपयोगकताओं को सुरक्षित इंटरनेट के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त समीरा एस, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर एवं हुसैनाबाद तथा जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम की शुरूआत में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्य और विषय का परिचय दिया।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। सरकारी कार्यों में होने वाले वित्तीय लेन-देन के दौरान साइबर फ्रॉड की संभावना बनी रहती है,इसलिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना चाहिए तथा अपने सहकर्मियों को भी सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के बारे में जागरूक करना चाहिए।उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने एआई आधारित डीपफेक,वॉइस स्कैम और सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, मजबूत एवं यूनिक पासवर्ड के उपयोग तथा संदिग्ध लिंक और फाइलों से दूर रहने की सलाह दी।अपर समाहर्ता श्री कुमार ने फिशिंग, विशिंग और स्मशिंग जैसे साइबर अपराधों के तरीकों से अवगत कराते हुए बताया कि अधिकृत वेबसाइट से ही कार्य करना चाहिए और ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करनी चाहिए।उन्होंने सरकारी कार्यों में लाइसेंस्ड सॉफ्टवेयर, एंटीवायरस और सरकारी ई-मेल आईडी के उपयोग पर जोर दिया।अपर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी प्रगति प्रकाश विहंगम ने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनजान कॉल, लिंक या संदेशों से सतर्क रहना चाहिए और निजी जानकारी साझा करने से बचना चाहिए।

## कृषि व संबद्ध विभागों की समीक्षा पशु वैक्सीनेशन कराने के निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में मंगलवार को हुई। इसमें प्रखंड स्तर पर कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अभियान मोड में पशु वैक्सीनेशन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विशेष वैक्सीनेशन अभियान चलाया जाए। इस कार्य में जेएसएलपीएस की पशु सखी की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी द्वारा विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी बैठक में दी गई। उद्यानिकी (हॉर्टिकल्चर) विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अदरक की खेती के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही लाभुकों का चयन कर योजनाओं का लाभ प्रदान करने, मशरूम सहित अन्य वैकल्पिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने जानकारी दी कि विभाग द्वारा 35 छोटे ट्रैक्टर रलत्र्क्ष महिलाओं को, 40 बड़े ट्रैक्टर एसएचजी, एफपीओ, लैम्प्स एवं पैक्स को उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 250 पंप सेट का वितरण किया जा चुका है।

### संक्षिप्त

#### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का 23वां स्थापना दिवस भव्य तरीके से मनाया गया



**चतरा।** मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हफुआ में विद्यालय का 23वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक जनार्दन पासवान पूर्व प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा विनोद कुमार यादव अध्यक्ष दीनानाथ सिंह सचिव अभय नारायण सिंह प्रधानाचार्य ने सम्मिलित दीप प्रज्वलित किए तत्पश्चात विद्यालय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य ने आए हुए अतिथियों का परिचय व सम्मान किया गया साथ में अभिभावक सम्मान जिनके भैया बहन अच्छे सफलता प्राप्त किए उनको भी सम्मानित किया गया विद्यालय के आचार्य श्री अरविंद कुमार सिंह ने विद्यालय का वृत प्रस्तुत किया गया मुख्य अतिथि ने विद्यालय के भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि जो विद्या भारती के विद्यालय में संस्कार मिलता अन्य विद्यालय में नहीं मिलता है विद्यालय को हर संभव मदद करने की घोषणा किए सचिव महोदय के द्वारा भैया बहन को शुभकामनाएं दी अंत में अध्यक्ष महोदय ने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

#### लेबर कोड के विरोध में 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल

**धनबाद।** श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और चार नए श्रम संहिताओं (लेबर कोड) के विरोध में 12 फरवरी 2026 को देशव्यापी हड़ताल आयोजित की जाएगी। इसे लेकर मंगलवार को धनबाद परिषदन में सभी प्रमुख ट्रेड यूनियनों की ओर से संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गई। प्रेस वार्ता में नेताओं ने बताया कि इससे पहले 9 जुलाई 2025 को भी चार लेबर कोड और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल की गई थी। उनका आरोप है कि नए श्रम कानूनों के लागू होने से मजदूरों के अधिकार कमजोर हुए हैं और वे खुद को असुरक्षित एवं असहाय महसूस कर रहे हैं। ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां श्रमिकों के हितों के बजाय निजीकरण और कॉर्पोरेट घरानों को बढ़ावा देने वाली हैं।

*सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन*

# साइबर सुरक्षा, एआई के सुरक्षित व जिम्मेदार उपयोग पर दिया गया जोर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश यादव के निर्देश पर जिला सूचना एवं विज्ञान विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को पंचायत भवन कल्याणपुर में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग था। कार्यशाला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला सूचना-विज्ञान पदाधिकारी चंद्रशेखर पटेल, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शिवनारायण पासवान, सीएससी मैनेजर मनीष कुमार एवं कौशल किशोर, डीपीओ यूआईडी गिरीश्वर सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला स्तरीय कर्मियों एवं आमजन को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने कहा कि आज एआई का युग है, जहां तकनीक के माध्यम से सुविधाएं बढ़ी हैं। साइबर अपराधों की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि इंटरनेट एक ओर वरदान है तो दूसरी ओर इसके दुरुपयोग से गंभीर खतरे भी उत्पन्न हो सकते हैं। ऐसे में इंटरनेट और एआई का सुरक्षित, संतुलित एवं जिम्मेदार उपयोग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री मिश्रा ने उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मियों एवं आमजन को एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग नैतिक, विधिसम्मत एवं रचनात्मक उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए ताकि समाज को इसका वास्तविक लाभ मिल सके। उपस्थित सभी लोगों ने उनके द्वारा पढ़ी गई एआई प्रतिज्ञा को दोहराया। कार्यशाला में डीपीओ यूआईडी गिरीश्वर सिंह एवं कौशल किशोर द्वारा सुरक्षित इंटरनेट दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान कॉमन साइबर थ्रेट जैसे फिशिंग, विशिंग, फाइनेंशियल फ्रॉड, लॉटरी स्कैम, फेक एप्स, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, डीपफेक वीडियो आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही साइबर हाइजीन, पब्लिक वाई-फाई, वीपीएन, मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, यूपीआई सुरक्षा, क्रेडिट-डेबिट कार्ड एवं ऑनलाइन बैंकिंग को सुरक्षित रखने के उपाय बताए गए। डीपीओ यूआईडी गिरीश्वर सिंह ने इंटरनेट के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि साइबर स्वच्छता अपनाकर मोबाइल, कंप्यूटर और व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित रखा जा सकता है।

## डीजीएमएस चाईबासा ने सेल माइंस में नए श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यशालाओं का किया आयोजन




**चाईबासा।** खान सुरक्षा महानिदेशालय चाईबासा क्षेत्र द्वारा आज 10 फरवरी 2026 को सेल माइंस में नए श्रम संहिताओं के प्रति जागरूकता एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दो व्यापक कार्यशालाओं का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं की अध्यक्षता आर. आर. मिश्रा, निदेशक खान सुरक्षा, डीजीएमएस चाईबासा क्षेत्र ने की। कार्यशालाओं का आयोजन निम्न स्थानों पर किया गया। लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेंटर, किरीबुरु, सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेंटर, गुआ, शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक इस पहल का उद्देश्य खनन क्षेत्र में नए श्रम कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, वैधानिक अनुपालन को मजबूत करना तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था। किरीबुरु एल एंड डी सेंटर में कार्यशाला किरीबुरु स्थित एल एंड डी सेंटर में आयोजित पहली कार्यशाला में किरीबुरु लौह अयस्क खान एवं मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खान के वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी, यूनियन प्रतिनिधि, वर्कमैन इंस्पेक्टर, अधिकारी, कर्मचारी तथा संविदा श्रमिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख अधिकारी थे। पी. एम. शिरपुरकर, सीजीएम (माइंस), एस. एस. शाह, सीजीएम (मेंटेनेंस), डी. मिश्रा, सीजीएम (एचआर-माइंस), एस. के. सिंह, जीएम प्रभारी (माइनिंग), मनोज कुमार, जीएम (ई एंड एल) एवं नोडल अधिकारी (सेफ्टी), नवीन कुमार सोनकुसरे, जीएम (इलेक्ट्रिकल) सुक्रा हो, जीएम (मेंटेनेंस) एस. आर. स्वैन, जीएम (एफ एंड ए) ए. के. बिस्वास, जीएम (एचआर) संजय कुमार, डीजीएम (माइनिंग) एवं माइंस मैनेजर, पी. के. बी. साहू, एजीएम (माइनिंग) एवं सेफ्टी ऑफिसर, एम. आर. राउत, एजीएम (माइनिंग) एवं सेफ्टी ऑफिसर, इस कार्यशाला में कुल 81 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें यूनियन लीडर, वर्कमैन इंस्पेक्टर, अधिकारी, गैर-अधिकारी कर्मचारी एवं संविदा श्रमिक शामिल थे। गुआ एल एंड डी सेंटर में दूसरी कार्यशाला दूसरी कार्यशाला गुआ स्थित एल एंड डी सेंटर में आयोजित की गई, जिसमें गुआ अयस्क खान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख अधिकारी थे।

## सारंडा के जंगलों में नक्सलियों का कायराना हमला, दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के अत्यंत नक्सल प्रभावित सारंडा वन क्षेत्र से एक दुखद घटना सामने आई है। यहाँ के तिरीलपोसी जंगल में नक्सलियों द्वारा बिछाए गए एक आईईडी विस्फोटक की चपेट में आने से दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस घटना की पुष्टि जिले के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने की है। जानकारी के अनुसार, तिरीलपोशी गांव के कुछ ग्रामीण रोजमर्रा की तरह जलावन के लिए लकड़ी और पत्ते चुनने जंगल गए हुए थे। इसी दौरान, नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से जमीन के नीचे छिपाकर लगाए गए प्रेशर आईईडी पर एक ग्रामीण का पैर पड़ गया। जोरदार धमाके के साथ हुए इस विस्फोट में दो ग्रामीण बुरी तरह जख्मी हो गए। पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई घटना के संबंध में जानकारी देते हुए एसपी अमित रेणु ने बताया कि विस्फोट की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई है। उन्होंने कहा: चूंकि घटना अंधेरा होने के बाद हुई है, इसलिए वर्तमान में स्थिति का पूर्ण आकलन किया जा रहा है। हमारी प्राथमिकता घायल ग्रामीणों को जल्द से जल्द सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें बेहतर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराना है। सुरक्षा बल क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। नक्सलियों की हताशा का प्रतीक एसपी ने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए इसे नक्सलियों की ह्यकायरतापूर्ण कार्रवाई करार दिया। उन्होंने कहा कि नक्सली अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए मासूम ग्रामीणों की जान को जोखिम में डाल रहे हैं, जो उनकी बढ़ती हताशा को दर्शाता है। क्षेत्र में दहशत का माहौल इस घटना के बाद तिरीलपोशी और आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगलों में नक्सलियों द्वारा लगाए गए ये डेथ ट्रैप अब आम नागरिकों के लिए काल बनते जा रहे हैं। नोट: पुलिस प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य जारी है। घायलों की स्थिति और पहचान के संबंध में विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

## बलदेव साहू मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में पहुंची अक्षरा सिंह

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में बलदेव साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रसिद्ध अभिनेत्री और भोजपुरी गायिका अक्षरा सिंह पहुंची। अक्षरा सिंह ने दर्शकों का अभिवादन करते हुवे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने उन्हें स्मृति चिन्ह दे कर स्वागत किया गया।

अक्षरा सिंह ने कहा कि लोहरदगा उन्हें बहुत अच्छा लगता है। पहले भी लोहरदगा के बीएस कॉलेज स्टेडियम आ चुकी हैं। इस बार स्टेडियम और लोहरदगा में बहुत कुछ बदलाव नजर आ रही है। उन्होंने कहा रांची ननिहाल रही है। जब भी वह झारखंड आती है, तब उन्हें अपनत्व सा महसूस होता है। उन्हें अपने घर में आने का एहसास होता है। उन्हों ने कहा जल्द ही झारखंडी, नागपुरी गीत गाने की तैयारी कर रही हूं। टूनामेंट का पहला मैच पलामू जगलर्स और छोटा नागपुर ब्लूज के बीच हुआ। इसमें पलामू जगलूर ने छोटा नागपुर ब्लूज को रोमांचक मैच में एक रन से हराया। पलामू जगलर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 125 रन ही बनाएं। छोटा नागपुर ब्लूज ने 125 रन 5 विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में बनाएं। दूसरे मैच में लोहरदगा लाइन ने ससीए रांची को 9 विकेट से हराया। पहले मैच का मैन ऑफ द मैच पलामू ज्वेलर्स के आलोक शर्मा और मैक्सिमम सिक्सर का अवार्ड छोटा नागपुर के अभिषेक कुमार को दिया गया।

## उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं को सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर दिए टिप्स

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस-2026 के अवसर पर मंगलवार को नया नगर भवन में जिला प्रशासन की ओर से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ उपायुक्त डॉ ताराचंद ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि आज के युग में इंटरनेट का उपयोग कितना जरूरी हो गया है, लेकिन सुरक्षित इंटरनेट का उपयोग हम सभी के लिए चुनौती है। इसके लिए हम सभी को सजग और जागरूक होना होगा। डॉ ताराचंद ने कहा कि आज सभी कंप्यूटर इंटरनेट से जुड़े हैं। पहले कई कार्य ऑफलाईन हुआ करते थे। उसमें आज की तुलना में कम जोखिम थे। धीरे-धीरे इंटरनेट की दुनिया में हम आ गये। हर दिन कुछ ना कुछ नयी खोज हो रही है। कई दैनिक कार्य आसान हो गये हैं। मशीनों का उपयोग हमने आसान बनाने के लिए किया था। लेकिन हम अब मशीनों पर निर्भर हो चुके हैं। कंप्यूटर व मोबाईल से जुड़े हर कार्य के लिए लगभग इंटरनेट पर हमारी निर्भरता बढ़ी है। इंटरनेट का सदुपयोग और दुरूपयोग दोनों हैं।

## एसडीएम ने गढ़वा और मझिआंव के सेक्टर दंडाधिकारियों को दिये निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**गढ़वा।** गढ़वा नगर परिषद एवं मझिआंव नगर पंचायत के आम निर्वाचन को लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने दोनों क्षेत्रों की सभी सेक्टर दंडाधिकारियों के साथ मंगलवार को बैठक की। इसमें एसडीएम ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक वातावरण में निर्वाचन संपन्न कराने के लिए उन्हें कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिया कि वह अपने साथ संबंध पुलिस पदाधिकारी के साथ अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में सजग रूप से सक्रिय बने रहें। एसडीएम ने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील समूहों एवं कमजोर वर्गों के बीच विश्वास निर्माण का कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनसे संबंधित सूचना समय पर उपलब्ध कराने को कहा, उन्होंने निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं का समय रहते आकलन कर उसकी रिपोर्ट संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी अथवा अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। निर्वाचन प्रचार के दौरान वाहनों, ध्वनि विस्तारक यंत्रों और कार्यालयों आदि का उपयोग केवल निर्धारित नियमों के अनुसार ही किया जाए। किसी भी प्रकार के उल्लंघन की स्थिति में सेक्टर दंडाधिकारी स्वयं अपने स्तर से अथवा उड़नदस्ता के माध्यम से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान मोहम्मद मजहर हुसैन, राहुल मिंज, लव कुमार कुशवाहा, रंजीत कुमार, अविनाश कुमार सिंह, शशि कुमार, मार्कंडेय तिवारी आदि उपस्थित थे।

## नगर निकाय चुनाव 2026 : जीएलए कॉलेज में मतदानकर्मियों को मिला प्रशिक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**मेदिनीनगर।** आगामी नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर मंगलवार को स्थानीय गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में कुल 1649 मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।यह प्रशिक्षण बैलेट पेपर के माध्यम से होने वाले मतदान को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया ताकि सभी मतदानकर्मी मतदान प्रक्रिया को सुचारू और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न करा सकें।प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया गया।प्रथम पाली में 19 कमरों में पी-2 एवं पी-3 श्रेणी के 1085 मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया जबकि द्वितीय पाली में 14 कमरों में पीठासीन पदाधिकारी एवं पी-1 श्रेणी के 564 मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान कुल 54 मास्टर ट्रेनर एवं 4 जिला प्रशिक्षकों ने मतदानकर्मियों को मतदान से पूर्व, मतदान के दौरान तथा मतदान पश्चात की जाने वाली सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी।प्रशिक्षकों ने बैलेट पेपर मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया।प्रशिक्षण में मतपेटी की तैयारी, बैलेट पेपर का सही उपयोग,मतदाता पहचान की प्रक्रिया,मतदान पर्ची जारी करना, गोपनीय मतदान सुनिश्चित करना, थर्ड पैकेट की तैयारी,खुले लिफाफे की प्रक्रिया,सीलिंग एवं पैकिंग की विधि सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने मतदानकर्मियों को निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हुए निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान सुनिश्चित कराने की दिशा में विभिन्न प्रपत्रों का कैसे ठीक तरीके से प्रबंधन करना है,बताया गया।इसके साथ ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा और गोपनीयता का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया गया।द्वितीय पाली का प्रशिक्षण का जायजा लेने मेदिनीनगर एवं हुसैनाबाद के सामान्य प्रेक्षक भी जीएलए कॉलेज पहुंचे।इस दौरान साथ में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार एवं प्रशिक्षण कोषांग को नोडल पदाधिकारी -सह- जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू भी उपस्थित रहीं।

## पश्चिमी सिंहभूम जिले के विकास को मिली नई सांस ढाई महीने बाद आरईओ को मिला कार्यपालक अभियंता

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के ग्रामीण कार्य विभाग चाईबासा प्रमंडल का कार्यपालक अभियंता राधेश्याम मांझी सेवानिवृत होने के बाद से पद खाली पड़ा था.जिसके कारण करीब दो माह से जिले का विकास कार्य पुरी तरह ठप्प पड़ गया था. लगभग ढाई महीने तक ग्रामीण कार्य विभाग (फ्ए्ड) बिना जिला कार्यपालक अभियंता के संचालित होता रहा। इस दौरान जिले में सड़क, पुल-पुलिया, भवन निर्माण और अन्य विकास योजनाएं लगभग ठप हो गई थीं। लेकिन अब जिला दण्डाधिकारी -सह-उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम द्वारा कार्यपालक अभियंता की नियुक्ति किए जाने से जिले के संवेदकों (ठेकेदारों) और आम जनता में भारी खुशी की लहर देखी जा रही है। उपायुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार विशाल खलखो, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चक्रधरपुर को अपने वर्तमान कार्य के अतिरिक्त कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चाईबासा का वित्तीय एवं तकनीकी प्रभार सौंपा गया है।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और अधिसूचित पदाधिकारी के योगदान करने के पश्चात स्वतः समाप्त माना जाएगा।यह नियुक्ति सिर्फ एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि उस लंबे ठहराव पर विराम है जिसने पिछले ढाई महीने से जिले के विकास को जकड़ रखा था। राजनीतिक और कानूनी दबाव से टूटा प्रशासनिक मौन इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जहां मंत्री दीपक बिरूवा इस मामले को संज्ञान में लेते हुए खाली पड़े पद को सुचारू रूप से चलाने के लिए पहल किए वही जगन्नाथपुर विधायक सह सत्तारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक सह विधायक सोनाराम सिंकु ने प्रधान सचिव और विभागीय मंत्री को पत्र लिखकर अविलंब कार्यपालक अभियंता की नियुक्ति की मांग की थी।

## संपादकीय

### हरित ऊर्जा या हरित धोखा?

राजस्थान का मरुस्थल आज एक खामोश युद्ध लड़ रहा है-जहां एक ओर हरित ऊर्जा का चमकदार नारा है, और दूसरी ओर ओरण, खेजड़ी और मरुस्थलीय जीवन का सुनियोजित सफाया। बीकानेर से जैसलमेर तक उठ रहा खेजड़ी और ओरण बचाओ का स्वर दरअसल चेतावनी है कि अगर विकास की दिशा नहीं बदली, तो थार सिर्फ रेत नहीं उगलेगा-वह पूरे उत्तर भारत की जलवायु को डगमगा देगा। सौर ऊर्जा परियोजनाओं को हर जलवायु समस्या की दवा बताकर पेश किया जा रहा है, लेकिन इसका मौजूदा मॉडल जलवायु न्याय के ठीक उलट खड़ा है। जिन ओरणों को स्थानीय समुदायों ने देवस्थलों की तरह सहेजा, उन्हें सरकारी रिकॉर्ड में बंजर बता कर कंपनियों के हवाले कर दिया गया। नतीजा-हजारों खेजड़ी रातों-रात काट दिए गए, और कानून कागजों में दबा रह गया। ओरण पर हमला केवल पेड़ों पर हमला नहीं है। यह उस जैव-विविधता का गला घोंटना है, जो मरुस्थल को मरने से बचाए रखती है। राजस्थान के करीब 25 हजार ओरण, छह लाख हेक्टेयर में फैले हुए, गोडावण जैसे प्राणी के लिए आखिरी सांस लेने की जगह हैं। इन्हें खत्म करने का अर्थ है-मरुस्थल की प्राकृतिक सुरक्षा-पंक्ति को तोड़ देना। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश ओरण को डीम्ड फॉरेस्ट मानते हैं, लेकिन प्रशासन आज भी आंख मूंदे बैठा है। राजस्व रिकॉर्ड की इस जानबूझकर की गई चूक ने कंपनियों के लिए रास्ता साफ कर दिया। यह सवाल अब टाला नहीं जा सकता-क्या हरित ऊर्जा परियोजनाओं को कानून से ऊपर मान लिया गया है? खेजड़ी का कटना मरुस्थल के साथ सीधा धोखा है। इसकी गहरी जड़ें रेत को थामे रखती हैं, धूल भरी आंधियों की गति तोड़ती हैं और जीवन के लिए जगह बनाती हैं। अगर ये जड़ें उखड़ गईं, तो मरुस्थल का फैलाव अरावली से आगे निकलकर दिल्ली के दरवाजे तक दस्तक देगा। तब सौर पैनलों से मिलने वाली बिजली भी सांस लेने लायक हवा नहीं बचा पाएगी। समाधान विकास रोकना नहीं, बल्कि गलत जगह के विकास को रोकना है। विकेंद्रीकृत सोलर मॉडल-छतों, नहर किनारों, औद्योगिक क्षेत्रों और पथरीली भूमि पर-आज भी संभव है। सवाल तकनीक का नहीं, नीयत का है। आज ओरण की रक्षा केवल राजस्थान का मसला नहीं, यह देश की जलवायु सुरक्षा का सवाल है। अगर हमने हरित ऊर्जा के नाम पर मरुस्थल की आत्मा ही छीन ली, तो इतिहास इसे समाधान नहीं, सबसे बड़ी पर्यावरणीय भूल के रूप में दर्ज करेगा।

# क्या डेटा सेंटर अब अंतरिक्ष की ओर भागेंगे?

**विजन कुमार पांडेय**



कृत्रिम मेधा (एआइ) जिस तेजी से हमारी रोजमर्रा की जिंदगी पर कब्जा कर रही है, उसने सुविधाओं और चमत्कारों के साथ एक बुनियादी सवाल भी हमारे सामने रख दिया है। सवाल यह है कि इस तकनीकी उछाल को बनाए रखने के लिए बिजली कहां से आएगी? एआइ अब किसी मोबाइल ऐप या चैटबाटइ तक सीमित नहीं रही। वह अस्पतालों में उपचार को समझने से लेकर समाधान में सहयोग दे रही है। दफ्तरों में निगरानी का यह औजार बन चुकी है। यहां तक कि सरकारी नीतियों की दिशा तय करने में शामिल हो रही है। स्थिति यह है कि आने वाले वर्षों में रोजगार, शिक्षा और सुरक्षा की शक्ल बदलने वाली है। मगर जिस स्मार्ट भविष्यइ का वादा किया जा रहा है, उसकी बुनियाद ऊर्जा पर टिकी है। आज वही सबसे कमजोर कड़ी बनती जा रही है। दरअसल, एआइ की असली ताकत बड़े-बड़े डेटा केंद्र हैं। ये ऐसे बिजलीखोरइ कारखाने हैं जो चौबीस घंटे चलते हैं। इसके लिए हजारों कंप्यूटर, लगातार गणना, और उन्हें ठंडा रखने के लिए बेहिसाब पानी और बिजली चाहिए। आज एक बड़ा डेटा केंद्र उतनी बिजली खा जाता है जितना कि एक छोटा शहर। भारत में, जहां बिजली और पानी पहले ही सीमित संसाधन हैं, यह दबाव और गंभीर हो जाता है।

विडंबना यह है कि जिस एआइ को भविष्य की हर समस्या का समाधान बताया जा रहा है, वह खुद पर्यावरण और ऊर्जा संकट को गहरा कर रहा है। ज्यादातर डेटा केंद्र आज भी कोयला, गैस और तेल से बनी बिजली पर चलते हैं। यानी एआइ जितना स्मार्टइ बन रहा है, उतना ही कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ा रहा है। ऐसे में यह सवाल बिल्कुल जायज है कि क्या हम एक समस्या हल करने के प्रयास में, दूसरी बड़ी समस्या तो नहीं पैदा कर रहे? जब जमीन पर बने डेटा केंद्र बिजली और पानी इस कदर गटकने लगे तो कई गंभीर सवाल उठे। बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने चौंकाने वाला एक विचार उछाल दिया। इन्हें धरती से हटा कर अंतरिक्ष में भेज दिया जाए। दलील है कि वहां सूरज चौबीस घंटे चमकता है, तो सोलर पैनल लगातार बिजली देंगे। ऐसे में न मौसम की मार होगी, न पानी की जरूरत। यह सारी परेशानियों का जादुई हल लगता है, लेकिन सच तो यह है कि यह समाधान नहीं, बल्कि पलायन है। बड़ी कंपनियां इस दिशा में सोच रही हैं। इसरो भी इस पर अध्ययन कर रहा है। सवाल यह नहीं कि डेटा केंद्र कहां रखें, बल्कि यह है कि बिजली की उनकी बेलगाम भूख को कौन रोकेगा।

गूगल का प्रोजेक्ट सन कैचरइ इसी सोच पर आधारित है कि अगर उपग्रहों को बेहद सधे और समन्वित ढंग से एक समूह में चलाया जाए, तो एआइ से जुड़ा भारी गणनात्मक कार्य अंतरिक्ष में ही किया जा सकता है और धरती तक केवल जरूरी नतीजे ही भेजे जाएं। ठीक वैसे, जैसे मोबाइल पर हम सवाल पूछते हैं, लेकिन गणना कहीं और होती है। मगर यह रास्ता आसान नहीं है, क्योंकि अंतरिक्ष का विकिरण कंप्यूटर चिप्स को नुकसान पहुंचा सकता है। मगर गूगल का दावा है कि उसकी एआइ चिप्स ने अब तक के परीक्षणों में कहीं ज्यादा विकिरण झेली है, फिर भी उसने सही ढंग से काम किया है। हालांकि प्रयोगशाला की सफलता और हकीकत के बीच अब भी बड़ा फासला है। दरअसल, डेटा केंद्र को हर समय देखभाल और मरम्मत चाहिए। धरती पर मशीन खराब हो जाए, तो इंजीनियर जाकर ठीक कर देता है, लेकिन अंतरिक्ष में यह न आसान होगा, न सस्ता। एक बार मशीन ऊपर भेज दी गई, तो उसे बदलना या सुधारना बहुत महंगा पड़ेगा। धरती पर मशीनों को ठंडा रखने की व्यवस्था की जाती हैं। अंतरिक्ष में हवा नहीं होती, इसलिए वहां गर्मी को बाहर निकालना बहुत मुश्किल होगा। जबकि सूरज की तेज गर्मी लगातार पड़ती रहेगी। अंतरिक्ष में डेटा केंद्र तभी संभव होंगे जब उनकी कुल लागत शोध, उपग्रह भेजने, खराब मशीनों को बदलने काम धरती पर बने केंद्रों से ज्यादा महंगी न पड़े। ऐसे प्रयोग हमेशा सफल नहीं होते। इसके पहले माइक्रोसाफ्ट ने समुद्र के नीचे डेटा केंद्र बनाने का प्रयोग किया था, ताकि ठंड की समस्या हल हो सके। शुरूआत में यह प्रयोग काफी उम्मीद जगाने वाला था, लेकिन अंत में कंपनी ने इसे छोड़ दिया। इससे यह साफ होता है कि हर नई तकनीक अंततः व्यावहारिक साबित हो, यह जरूरी नहीं। कुछ साल पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा कि स्टारलिंक जैसे उपग्रह इतने बड़े पैमाने पर काम कर पाएंगे। आज वे दुनिया के कई हिस्सों में इंटरनेट दे रहे हैं। इसलिए अंतरिक्ष डेटा केंद्र के विचार को पूरी तरह नकारना भी जल्दबाजी होगी। लेकिन सच तो यह है कि यह कोई समाधान नहीं, बल्कि बचने का एक रास्ता है। असल सवाल यह नहीं है कि डेटा केंद्र बेतहाशा बढ़ क्यों रहे हैं? गांवों-कस्बों में लोग बिजली कटौती झेल रहे हैं, खेतों के लिए पानी नहीं मिल रहा और शहरों में मशीनें चौबीस घंटे बिजली फूंक रही हैं। ऐसे में उन्हें आसमान में भेज देने से समस्या खत्म नहीं होगी, बस नजर से ओझल हो जाएगी। धरती पर पैदा की गई मुसीबत का जवाब अगर अंतरिक्ष में ढूंढ़ा जाएगा, तो यह तरक्की नहीं, जिम्मेदारी से मुंह मोड़ना ही कहलाएगा। जब तक एआइ की ऊर्जा भूख को काबू में करने की ईमानदार कोशिश नहीं होगी, तब तक स्मार्ट भविष्यइ आम लोगों के लिए राहत नहीं, बल्कि एक और बोझ ही साबित होगा।

आज भी किसी मशीन को अंतरिक्ष में भेजना बेहद महंगा है। डेटा केंद्र कोई छोटा उपग्रह नहीं, बल्कि भारी और जटिल ढांचे होते हैं, जिन्हें लगातार मरम्मत चाहिए। विकिरण और तापमान से बचाने के लिए अलग तकनीक चाहिए, यानी अरबों-खरबों का निवेश। ऐसे में सवाल यह है कि इसकी कीमत कौन चुकाएगा, जनता, उपभोक्ता या सरकार? दूसरा बड़ा सवाल सुरक्षा का है। धरती पर सर्वरइ खराब हो, तो उसे ठीक किया जा सकता है। अंतरिक्ष में हर खराबी जोखिम बन जाती है। ऊपर पहले से ही मलबा भरा है। ऐसे में विशाल डेटा केंद्र भी टकराव का खतरा बनेंगे और फिर एक हादसे से पूरी व्यवस्था ठप हो सकती है। तीसरा और सबसे जरूरी सवाल आम आदमी का है। इससे उसकी बिजली सस्ती होगी या बिल और बढ़ेंगे? पर्यावरण बचेगा या अंतरिक्ष भी कंपनियों की प्रयोगशाला बन जाएगा? डर यह है कि अंतरिक्ष में डेटा केंद्र का मतलब होगा- कुछ गिने-चुने हाथों में और ज्यादा ताकत तथा आम लोगों से और दूरी। असल सवाल यह नहीं है कि डेटा केंद्र अंतरिक्ष में बनाए जा सकते हैं या नहीं, बल्कि यह है कि हम धरती पर गलत तकनीकी आदतें सुधारना चाहते हैं या नहीं। एआइ को कम बिजली पर चलने वाला बनाना, बेहतर चिप विकसित करना और सौर-पवन जैसी ऊर्जा अपनाना कहीं अधिक व्यावहारिक रास्ता है। एआइ इंसान की बनाई तकनीक है, जिसकी रफ्तार और सीमा तय करना हमारे ही हाथ में है। अगर हर नया माडल पहले से कई गुना अधिक बिजली मांगता है, तो यह तरक्की नहीं, चेतावनी है। अंतरिक्ष में डेटा केंद्र का विचार इसी चेतावनी का संकेत है कि संतुलन न बना, तो भविष्य महंगा और जोखिम भरा होगा।

**- लेखक के व्यक्तिग विचार हैं।**

> *विडंबना यह है कि जिस एआइ को भविष्य की हर समस्या का समाधान बताया जा रहा है, वह खुद पर्यावरण और ऊर्जा संकट को गहरा कर रहा है। ज्यादातर डेटा केंद्र आज भी कोयला, गैस और तेल से बनी बिजली पर चलते हैं। यानी एआइ जितना स्मार्टइ बन रहा है, उतना ही कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ा रहा है। ऐसे में यह सवाल बिल्कुल जायज है कि क्या हम एक समस्या हल करने के प्रयास में, दूसरी बड़ी समस्या तो नहीं पैदा कर रहे? जब जमीन पर बने डेटा केंद्र बिजली और पानी इस कदर गटकने लगे तो कई गंभीर सवाल उठे। बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने चौंकाने वाला एक विचार उछाल दिया। इन्हें धरती से हटा कर अंतरिक्ष में भेज दिया जाए। दलील है कि वहां सूरज चौबीस घंटे चमकता है, तो सोलर पैनल लगातार बिजली देंगे। ऐसे में न मौसम की मार होगी, न पानी की जरूरत। यह सारी परेशानियों का जादुई हल लगता है, लेकिन सच तो यह है कि यह समाधान नहीं, बल्कि पलायन है। बड़ी कंपनियां इस दिशा में सोच रही हैं। इसरो भी इस पर अध्ययन कर रहा है। सवाल यह नहीं कि डेटा केंद्र कहां रखें, बल्कि यह है कि बिजली की उनकी बेलगाम भूख को कौन रोकेगा। गूगल का प्रोजेक्ट सन कैचरइ इसी सोच पर आधारित है कि अगर उपग्रहों को बेहद सधे और समन्वित ढंग से एक समूह में चलाया जाए, तो एआइ से जुड़ा भारी गणनात्मक कार्य अंतरिक्ष में ही किया जा सकता है और धरती तक केवल जरूरी नतीजे ही भेजे जाएं। ठीक वैसे, जैसे मोबाइल पर हम सवाल पूछते हैं, लेकिन गणना कहीं और होती है। मगर यह रास्ता आसान नहीं है, क्योंकि अंतरिक्ष का विकिरण कंप्यूटर चिप्स को नुकसान पहुंचा सकता है। मगर गूगल का दावा है कि उसकी एआइ चिप्स ने अब तक के परीक्षणों में कहीं ज्यादा विकिरण झेली है, फिर भी उसने सही ढंग से काम किया है।*

# एक डाल, दो पक्षी और भीतर का संवाद

**ट्विंकल तोमर सिंह**

सुबह का समय है, शहर पूरी तरह जागा नहीं है, लेकिन किसी अनदेखे पेड़ की डाल से चहचहाहट बह रही है। क्या यह केवल पक्षियों की आवाज होगी, या फिर ऐसा लगता है कि प्रकृति हमसे संवाद करना चाहती है। यकीन किया जा सकता है कि इस कोलाहल भरी दुनिया में, जहां हर क्षण शोर, सूचना और जल्दबाजी से भरा है, पक्षियों को सुनना, उन्हें निहारना एक मौन उत्सव है। आज का मनुष्य निरंतर दौड़ में है। उसे हर पल कहीं पहुंचना है, अंगुलियां मोबाइल की स्क्रीन पर फिसलती रहती हैं और आंखें नीली रोशनी में उलझी रहती हैं। ऐसे समय में, आकाश में फडफड़ाते खग हमें ठहरना सिखाते हैं। पक्षी न बीते कल का बोझ ढोते हैं, न आने वाले कल की चिंता करते हैं। शायद सुनने में यह अजीब लगे, लेकिन पक्षियों को निहारना मानसिक तनाव को दूर करने में एक थेरेपी की तरह कार्य करता है। पक्षियों के क्रियाकलाप का अवलोकन एक सम्मोहन की तरह मन पर असर करता है। जब आंखें रंगीन पंखों पर ठहरती हैं, चिड़िया की छोटी-सी फुदकन, उसकी गर्दन का हल्का-सा झुकाव, दाने की तलाश में इधर-उधर होती उसकी चंचल दृष्टि- ये सभी दृश्य मिलकर गहरे ध्यान का एक सहज रूप रचते हैं। यह वह ध्यान है, जिसमें कोई यम-नियम नहीं, कोई आसन नहीं, कोई सांसों का अभ्यास नहीं, बस देखने की फुरसत हो, तो मन जैसे किसी पृथक लोक का वासी हो जाता है, जैसे मनुष्य और प्रकृति के बीच कोई पुराना संबंध फिर से जाग उठा हो।



उपनिषदों में एक सांकेतिक कहानी आती है। एक ही वृक्ष पर दो पक्षी बैठे हैं। नीचे की डाल पर बैठा पक्षी (मनुष्य) फल खाते-खाते ऊपर पहुंचता है और पाता है दूसरा पक्षी (ईश्वर), तो वह स्वयं ही है। यह जीवात्मा और परमात्मा के बीच संबंध का प्रतीक है। यह कथा अपने आप में संपूर्ण है, यह जताने के लिए अपने अंदर के खग को टटोला जाए और प्रकृति के खग से उसका संवाद स्थापित किया जाए। फिर देखा जा सकता है कि कायापलट हो, न हो, मन-पलट अवश्य ही हो जाएगा। भारतीय परंपरा में पक्षी दूर रहने वाले पक्षी नहीं हैं। वे मित्र हैं। वे ऋतुओं के आगमन का संकेत देते हैं। हमारे संदेश पहुंचाते हैं। जटायु के रूप में रक्षा करते हैं। जोड़े के रूप में जब अमरनाथ की गुफा में चिर निवास करते हैं, तो पूजे जाते हैं। लक्ष्मी का वाहन एक पक्षी है, पितर पक्षी के रूप में भोग लगाने आते हैं, राष्ट्रीय पक्षी मोर है। सैमुअल टेलर कोलरिज द्वारा रचित द राइम आफ द एन्शिएंट मैरिनर एक वृद्ध नाविक की कहानी है, जो बताता है कि कैसे उसने बिना वजह एक शुभ पक्षी अल्बाट्रास को मार डाला। नाविक द्वारा पक्षी को मारने के बाद, उसका जहाज दक्षिणी ध्रुव के बफीर्ले इलाके में फंस जाता है, जहां पीने लायक पानी उपलब्ध नहीं है। नाविक के साथी उसे दोषी मानकर उसके गले में मृत पक्षी लटका देते हैं। सभी साथी मर जाते हैं, सिवाय नाविक के। नाविक को जीवन भर अपनी कहानी सुनाकर प्रायश्चित करने का शाप मिलता है। नाविक को अपने कृत्य का अहसास होता है और वह ईश्वर की सभी रचनाओं के प्रति प्रेम और सम्मान सीखता है। मानव और पक्षी के बीच के संबंध को बताने वाली इससे सुंदर कोई गाथा नहीं।

आज भी अगर आत्मशुद्धि की किसी थेरेपी में धन खर्च करने की सामर्थ्य न हो, तो किसी भी पार्क या पक्षी-विहार में चले जाना चाहिए। पक्षियों को निहारना धैर्य सिखाता है। उनकी चुहलबाजी हमें सम्मोहित कर लेती है। अंतःकरण की नकारात्मकता प्रक्षालित होने लगती है। पंख फैलाकर नृत्य करते मयूर को देखकर किसकी ध्यानावस्था सहज नहीं लग जाएगी? पक्षियों की चहचहाहट में कोई उपदेश नहीं होता, फिर भी वह बहुत कुछ सिखा जाती है। वह बताती है कि आनंद पाना जटिल प्रक्रिया नहीं है। मन का अच्छा होना, किसी बड़ी उपलब्धि पर निर्भर नहीं करता, कभी-कभी यह अनमोल अनुभूति बस डाल पर बैठे एक परिंदे के रूप में सामने आ जाती है। पक्षियों को निहारना हमें यह भी याद दिलाता है कि हम इस धरती के अकेले उपभोगी नहीं हैं। हम एक विशाल जीवन-जाल का हिस्सा हैं, जहां हर जीव का अपना स्थान है, अपनी भूमिका है। यह अनुभूति मनुष्य के भीतर करुणा जगाती है। वह उसे विनम्र बनाती है, उसे उसकी सीमाओं और जिम्मेदारियों का बोध कराती है। जब हम किसी छोटे से पक्षी के जीवन को ध्यान से देखते हैं, तो जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण भी थोड़ा कोमल हो जाता है।

आज जब अकेलापन एक आम अनुभव बनता जा रहा है, तो पक्षियों के साथ यह मौन संगति एक सहारा बन सकती है। वे हमारे दुख नहीं पूछते, हमारी सफलताओं से प्रभावित नहीं होते, फिर भी हमारे साथ होते हैं- एक चिकित्सक की तरह। और इसके लिए किसी विशेष भारी-भरकम तैयारी की आवश्यकता भी नहीं होती। किसी पक्षी विहार में नहीं जाया जा सकता हो, तो बस अपने कमरे की खिड़की खोल लेना चाहिए, बालकनी में खड़े हो जाना चाहिए, नजदीक के किसी पार्क में चले जाना चाहिए, छत पर कुछ देर रुक जाना चाहिए या फिर किसी पेड़ के नीचे बैठ जाना चाहिए। संभव है कि वहीं कहीं किसी डाली पर बैठा, किसी पत्ते के पीछे छिपा हमारा प्राकृतिक चिकित्सक आपकी प्रतीक्षा कर रहा हो।

**- लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**11 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**बुधवार** 2026 वर्ष का 42 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 09.59 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 10.53 बजे को समाप्त। **योग** व्याघात 02.30 बजे रात्र को समाप्त। **करण** गर 09.59 बजे तदनन्तर वणिज 23.13 बजे को समाप्त।


| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 06.45 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मीन | 08.18 बजे से |
| मंगल | मकर में | मेष | 09.48 बजे से |
| बुध | कुंभ में | वृष | 11.29 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 13.27 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 15.40 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 17.56 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 20.08 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 22.19 बजे से |
| राहुकाल | 12.00 से 1.30 बजे तक | वृश्चिक | 00.34 ब.से |
| | | धनु | 02.50 बजे से |
| | | मकर | 04.55 बजे से |

**चन्द्रायु** 23.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 14° 06'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872617
**जूलियन दिन** 2461082.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सावान **तारीख** 22
**विशेष** पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8765



**बाएँ से दाएँ**

1. रुद्र, शिव, भैरव-4
4. आर्युवेद के जनक-3
6. भीगा हुआ-2
7. ताला (अंग्रेजी-2)
9. शेविंग करना -4
11. योग्य, अनुरूप-3
12. अल्सर-3
13. ज्वालामुखी से निकला गर्म द्रव-2
14. नमाज पढ़ने से पहले हाथ- पांव धोना-2
15. नाप जोख करना-3
17. अनुमान लगाना-3
19. उदारता, बड़प्पन-4
21. गाथा, कहानी -2
23. जनकपुत्री-2
24. जिज्ञासा, उत्साह-3
25. राजा, सम्राट- 4

**ऊपर से नीचे**

1. इच्छुक, अलमस्त-4
2. मात, पराजय-2
3. बोलने का तरीका-3
4. अचंभित-3
5. आर्ट, हुनर-2
8. गुनाह, अपराध-3
9. अटक-अटक कर बोलना-4
10. सरुर, खुमार, नशा, घमंड-2
12. नजाकत-4
15. अभिनेता, कप्तान-3
16. आनंद बोधक शब्द-2
18. सम्राट, राजा-4
19. व्यंग, परिहास-3
20. मुलायम-3
22. परात, बड़ी थाली-2
23. हलवा, एक मिष्ठान्न-2

**शब्द पहेली -8764 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ला | म | त | | ल | ल | क |
| दा | दा | | न | म | न | | | ल |
| म | चा | न | | स | र | फ | रो | श |
| | र | का | बी | | क | | | या |
| आ | | रा | ज | | म | न | | त्रा |
| ल | | | डा | | य | म | ज | |
| म | नो | मि | ल | न | | न | ल | का |
| गी | | | ना | र | द | | च | र |
| र | वा | ना | | क | र | ता | र | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7702** ★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7701 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# क्या 'अमर विश्वास' बन सच्चाई की जंग जीत पाएंगे राजीव खंडेलवाल



बीते कुछ दिनों से अभिनेता राजीव खंडेलवाल अपने सोशल मीडिया पर वकालत से जुड़ी तस्वीरें शेयर कर रहे थे। उनकी पोस्ट देख ये कयास लगाए जा रहे थे कि उन्होंने एक्टिंग छोड़कर वकालत शुरु कर दी है। लेकिन अब एक्टर ने सारी कन्फ्यूजन क्लियर कर दी है। उनके द्वारा शेयर की गई पोस्ट उनकी आगामी वेब सीरीज 'अमर विश्वास' से जुड़ी हुई थी। 'अमर विश्वास' लेखक सुहास शिर्वालकर के उपन्यासों पर आधारित है। कहानी एक मर्डर मिस्ट्री के इर्द-गिर्द घूमती है। जिसे शुरु में ही 'ओपन एंड शट' घोषित कर दिया जाता है। लेकिन फिर बाद में इसकी परतें खुलती हैं। ट्रेलर की शुरुआत जाने-माने फिल्म निर्माता जेस्सू मोमिन के मर्डर से होती है। शक बहार चक्रवर्ती नाम की एक लड़की पर जाता है, जिसे शुरुआत में अपराधी माना जाता है। इस बीच अमर विश्वास के कैरेक्टर में राजीव खंडेलवाल आते हैं। एक अनोखे और तेज दिमाग वाले वकील। जो जानते हैं कि सच हमेशा उतना सरल नहीं होता जितना दिखता है। जब अमर बहार की ओर से केस लड़ते हैं, तो वे धीरे-धीरे कई राज खोलने लगते हैं।

## ट्रेलर सिर्फ सीरीज की एक झलक

ट्रेलर लॉन्च इवेंट में राजीव खंडेलवाल ने अपने रोल के बारे में बताते हुए कहा, 'अमर विश्वास कोई पारंपरिक कोर्टरूम हीरो नहीं है। वह इंसानियत से भरा, भावनात्मक और न्याय के लिए हमेशा खड़ा रहने वाला है। मुझे यह रोल इसलिए पसंद आया क्योंकि यह पूरी सीरीज में मोरल टेंशन में रहता है। हर सच पर नई कीमत चुकानी पड़ती है। ट्रेलर सिर्फ इस सफर की एक झलक दिखाता है। शशांत शाह द्वारा निर्देशित 'अमर विश्वास' का निर्माण अर्जुन सिंह बरन और कार्तिक डी. निशंदर ने किया है। सीरीज में राजीव खंडेलवाल के अलावा आमिर अली, रवि बेहल और बर्खा बिष्ट भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। यह सीरीज 11 फरवरी से स्ट्रीम होगी।

फिल्म के बाद सिंगिंग में डेब्यू

# राशा थडानी ने फिल्म 'लईकी लईका' में गाया गाना



राशा थडानी ने अपनी आने वाली फिल्म 'लईकी लईका' के गाने 'छाप तिलक' से सिंगिंग में भी डेब्यू किया है। इस फिल्म में उनके साथ अभय वर्मा भी हैं। राशा ने हाल ही में सिंगिंग करने से जुड़ा अपना एक्सपीरियंस एक इंटरव्यू में साझा किया है। उन्हें इसे सपने के सच होने जैसा बताया। एक इंटरव्यू में राशा थडानी बताती हैं कि उन्होंने बचपन से ही म्यूजिक में ट्रेनिंग ली है। वह कहती हैं, 'मैं जब 5 साल की थी, जब मैंने उस्ताद कादिर मुस्तफा खान से हिंदुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक सीखना शुरू किया। इसके अलावा मैंने जैज म्यूजिक भी सीखा है। म्यूजिक मेरे लिए एक तरह का सुकून है। जब मैं रियाज करती हूं, तो वो एक घंटा सिर्फ मेरा होता है। मैं हमेशा से गाना चाहती थी, यही मेरा पैशन रहा है। लेकिन मैं पूरी तरह एक शॉवर सिंगर हूं। आज मुझे म्यूजिक इंडस्ट्री में कदम रखने का मौका मिला है, इसके लिए मैं बहुत शुक्रगुजार हूं।'

## डेब्यू गाना भगवान शिव को समर्पित किया

राशा थडानी ने फिल्म 'लईकी लईका' में जो गाना गया है, उसके बारे में जानकारी साझा की है। इस गाने को भगवान शिव को समर्पित किया है। वह कहती हैं, 'मैंने 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा की है। मेरे लिए भगवान शिव सिर्फ एक भगवान नहीं, जिंदगी का हिस्सा हैं। वो हर दिन मेरे साथ रहते हैं। इस गाने में जब डमरू की बात होती है, तो मुझे नटराज का नृत्य याद आता है। भगवान शिव कला और नृत्य के देवता हैं। यह गाना उन्हीं को समर्पित है। मेरी कला उन्हीं की है।'

# दिल्ली हाईकोर्ट से विवेक ओबेरॉय को मिली पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा




बिना इजाजत फोटो के इस्तेमाल पर होगी कार्रवाई

बॉलीवुड सेलेब्स इन दिनों पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए कोर्ट का रुख कर रहे हैं। सलमान खान, अमिताभ बच्चन, अजय देवगन, रजनीकांत, अनिल कपूर, ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन, ऋतिक रोशन और जैकी श्रॉफ समेत कई स्टार्स को कोर्ट से पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा मिल चुकी है। अब इस कड़ी में अभिनेता विवेक ओबरॉय का नाम भी शामिल हो चुका है। कोर्ट ने अपने नए आदेश में साफ कर दिया है कि अभिनेता की बिना परमिशन के उनसे जुड़ी किसी भी सामग्री का इस्तेमाल अपराध होगा। अभिनेता का कोर्ट में पक्ष रख रही अधिवक्ता सना रईस खान ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने विवेक आनंद ओबेरॉय के व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करते हुए एक निर्णायक आदेश जारी किया है, जिससे उनके नाम, छवि और आवाज की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। न्यायालय ने उल्लंघनकारी सामग्री को तत्काल हटाने का आदेश दिया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि भविष्य में उल्लंघन करने वाले लोग कानून से बच नहीं पाएंगे। अधिवक्ता सना रईस खान के मुताबिक सिनेमा और उद्यम जगत के एक अग्रणी व्यक्ति और दो दशकों से समाज के लिए काम कर रहे ओबेरॉय को जान-बूझकर निशाना बनाया गया है। यह सिर्फ कानूनी उल्लंघन नहीं है, बल्कि उनके निजी जीवन और परिवार पर हमला है। इससे उनके परिवार और छोटे बच्चों पर गलत असर भी पड़ेगा। अभिनेता की कानूनी जीत एक सशक्त मिसाल कायम करती है कि किसी व्यक्ति का वंश सार्वजनिक संपत्ति नहीं है। क्लिकबेट या लाभ पाने के लिए उनके व्यक्तित्व के साथ किया गया खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसा करने वालों को कानूनी तौर पर कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। अभिनेता की तरफ से दायर शिकायत में जिक्र किया गया कि कई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनियां और डिजिटल टेक्नोलॉजी मिलकर बिना इजाजत के उनके फोटो, वीडियो, आवाज और ब्रॉडिंग के लिए उनके नाम का इस्तेमाल कर रही हैं।

# खाकी पहनकर 'कर्तव्य' निभाने निकले सैफ!

## 'गांधारी' बनीं तापसी 'टोस्टर' में उलझे राजकुमार

नेटफ्लिक्स साल 2026 में भारतीय दर्शकों मनोरंजन के लिए क्या खास पेश करने वाला है? आज मंगलवार को एक इवेंट में इसका एलान कर दिया गया है। इस बार नेटफ्लिक्स के पिटारे में काफी कुछ खास है। इसने आज करीब 21 फिल्मों और सीरीज से पर्दा उठाया है। कुछ फिल्मों के टीजर जारी किए हैं, कुछ के ट्रेलर तो कुछ का एलान अनाउंसमेंट वीडियो के साथ किया गया है। इसके अलावा कुछ ऐसे प्रोजेक्ट हैं, जिनके फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हुए हैं।



## 'कर्तव्य' में खाकी पहने दिखे सैफ अली खान

नेटफ्लिक्स ने आज सैफ अली खान अभिनीत दो फिल्मों का एलान किया है। पहली फिल्म है 'हम हिंदुस्तानी'। इसका टीजर रिलीज हुआ है। सच्ची कहानी से प्रेरित इस फिल्म में भारत के पहले चुनाव की कहानी दिखाई जाएगी। वहीं, एक अन्य फिल्म है, 'कर्तव्य'। इस फिल्म में सैफ अली खान खाकी पहनकर कर्तव्य अदा करते दिखाई देंगे। नेटफ्लिक्स पर जारी पोस्टर में कैप्शन में लिखा है, 'धर्म और कर्म के युद्ध में, क्या कर्तव्य जीत पाएगा?' यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसमें रसिका दुग्गल और संजय मिश्रा भी नजर आएंगे। सैफ अली खान की इस फिल्म के साथ एक जर्नलिस्ट अपनी एक्टिंग की पारी शुरू करने जा रहे हैं।

## 'गांधारी' के पोस्टर में तापसी की झलक

तापसी पन्नू की आगामी फिल्म 'गांधारी' भी नेटफ्लिक्स पर इस साल रिलीज होगी। इसका आधिकारिक एलान कर दिया गया है और साथ ही पोस्टर जारी किए गए हैं। इनमें तापसी पन्नू का खौफनाक अंदाज देखने को मिल रहा है। 'गांधारी' के पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'आपने एक मां का प्यार देखा है। अब उसके गुस्से से मिलिए'। इस फिल्म में इश्वाक सिंह भी नजर आएंगे।

## 'टोस्टर' का पोस्टर जारी

राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा की फिल्म 'टोस्टर' का पोस्टर भी रिलीज किया गया है। यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म में अभिनेता कंजूस व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म में राजकुमार और सान्या के अलावा फराह खान, अर्चना पूरन सिंह और अभिषेक बनर्जी भी नजर आने वाले हैं। सभी की झलक दिखाई दी है।

# किंग के बाद किस फिल्म में नजर आएंगे शाहरुख खान?

## नए प्रोजेक्ट पर फराह खान से जारी है बातचीत

शाहरुख खान इन दिनों फिल्म 'किंग' की शूटिंग में बिजी हैं। खबरें हैं कि वह जल्द ही फराह खान के साथ एक नए प्रोजेक्ट पर काम करने वाले हैं। खबर यह भी है कि फराह खान 'मैं हूं ना 2' की स्क्रिप्ट पर काम कर रही हैं। पिंकविला के मुताबिक 'किंग' के बाद शाहरुख खान की अगली बड़ी फिल्म 'मैं हूं ना 2' हो सकती है। फिल्म को लेकर शाहरुख और फराह के बीच बात चल रही है।

### शाहरुख के होंगे डबल रोल

अगर यह खबर सही है तो दो दशकों के बाद 'मैं हूं ना' का सीक्वल 'मैं हूं ना 2' बनेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फराह खान ने शाहरुख खान के लिए डबल-रोल तय किया है। फिल्म में शाहरुख खान दो अलग-अलग किरदारों में नजर आएंगे।

### कैसी होगी फिल्म की कहानी?

बताया जाता है कि 'मैं हूं ना 2' देशभक्ति से भरपूर होगी। इसमें ओरिजिनल कास्ट दोबारा नजर आएगी। इसकी कहानी भारत पर एक नए खतरे के इर्द-गिर्द घूमेगी। इसमें एक्शन और कॉमेडी भी होगी। मेन आइडिया खुद शाहरुख खान का है। इस आइडिया को आकाश कौशिक डेवलप कर रहे हैं।

### फिल्म की कहानी सुनेंगे शाहरुख

'किंग' के बाद शाहरुख खान के बिजी शेड्यूल को देखते हुए टाइमलाइन पर काम किया जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि शाहरुख खान मई 2026 में 'किंग' की शूटिंग खत्म करने के बाद 'मैं हूं ना 2' की कहानी सुनेंगे। इसके बाद वह प्रोजेक्ट पर फैसला लेंगे।

### 'मैं हूं ना' की स्टारकास्ट

'मैं हूं ना' (2004) को फराह खान ने डायरेक्ट किया था। इसे गौरी खान और रतन जैन ने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और वीनस मूवीज के तहत प्रोड्यूस किया था। इस फिल्म में शाहरुख खान, सुष्मिता सेन, सुनील शेट्टी, अमृता राव और जायद खान ने अहम रोल निभाए थे।





# दो हिस्सों में रिलीज होगी 'वाराणसी'? राजामौली ने अटकलों पर लगाया विराम

एसएस राजामौली इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग में बिजी हैं। यह प्राचीन पौराणिक कथाओं पर आधारित है और रामायण से जुड़ी है। जिस दिन से इसका एलान हुआ है, तभी से कयास लगाए जा रहे हैं कि यह फिल्म दो हिस्सों में बनेगी। अब राजामौली ने बताया है कि इस फिल्म का पार्ट 2 आएगा या नहीं।

राजामौली ने फिल्म 'बाहुबली' को दो हिस्सों में बनाया था, इसलिए 'वाराणसी' को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही थीं कि यह दो हिस्सों में बनेगी। हालांकि एसएस राजामौली ने लंबे समय से चल रहे इस सस्पेंस को आखिरकार खत्म कर दिया है। मीडिया से राजामौली की बातचीत सामने आई है। इसमें उन्होंने इस मामले पर अपनी बात रखी है।

## क्या दो हिस्सों में बनेगी 'वाराणसी'?

नवंबर 2025 में हैदराबाद में 'वाराणसी' की झलक लॉन्च के दौरान न्यूज एजेंसी स्क्रीन रेंट से बात करते हुए राजामौली ने साफ किया कि 'वाराणसी' एक सिंगल-पार्ट फिल्म होगी। इसका रनटाइम लगभग तीन घंटे होगा। उन्होंने बताया कि टीम ने शुरू में इसे दो हिस्सों में बनाने का विचार किया था, लेकिन प्रोडक्शन शुरू होने के कुछ ही समय बाद यह प्लान बदल गया। उन्होंने बताया कि उन्हें भरोसा है कि अगर दर्शक कहानी में खो जाते हैं और उसमें दिलचस्पी लेते हैं, तो रन टाइम ज्यादा लंबा नहीं लगेगा।

# इस बिजनेसमैन को डेट कर रहीं शमिता



फिल्म 'मोहब्बतें' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली शमिता शेट्टी ने हाल ही में अपना 47वां जन्मदिन मनाया। इस जश्न में उनके साथ बहन शिल्पा शेट्टी और जीजू राज कुंद्रा भी मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर सामने आई शमिता के जन्मदिन के सेलिब्रेशन की तस्वीरों में एक शख्स ऐसा भी नजर आया, जिसके साथ शमिता का नाम जोड़ा जा रहा है। ये शख्स है टेक्नो आर्टिस्ट-बिजनेसमैन दीपेश शर्मा। दीपेश की पोस्ट पर शमिता के दीपेश की इस पोस्ट पर शमिता ने कमेंट करते हुए लिखा और इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट इमोजी भी बनाए। दीपेश की पोस्ट और उस पर शमिता के इस तरह के कमेंट के बाद अब दोनों के रिलेशन को लेकर चर्चाएं होने लगीं। फैन्स ये कयास लगाने लगे कि शमिता, दीपेश को डेट कर रही हैं। क्योंकि तस्वीरें दोनों की नजदीकियों की गवाही दे रही हैं। शमिता के रिलेशनशिप की चर्चा हुई, तो लोग दीपेश के बारे में भी सर्च करने लगे हैं। दीपेश शर्मा की बात करें तो वो एक टेक्नो संगीत कलाकार और बिजनेसमैंन हैं। वो मुंबई के फेमस नाइटलाइफ प्लेस पर मिलाग्रो और द कॉकटेल रूम के सह-संस्थापक के रूप में जाने जाते हैं। वो टुमॉरोलैंड जैसे बड़े फेस्टिवल्स में परफॉर्म करते हैं। यही नहीं दीपेश गोवा में क्रॉनिकल बीच क्लब के मालिक भी हैं। उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल के अनुसार, दीपेश को बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त और सोनाक्षी सिन्हा जैसे स्टार्स फॉलो करते हैं।

## दीपेश ने शमिता के लिए किया प्यारा पोस्ट

पिछले कुछ वक्त से दीपेश शर्मा और शमिता शेट्टी के रिलेशनशिप को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही हैं। इन अटकलों को तब और भी बल मिला, जब दीपेश शर्मा ने शमिता के जन्मदिन पर उन्हें खूबसूरत अंदाज में शुभकामनाएं दीं। दीपेश ने शमिता के लिए जो बर्थडे पोस्ट किया है, उसमें शमिता दीपेश के साथ नजर आई रही हैं। साथ में शिल्पा और राज कुंद्रा भी मौजूद हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में दीपेश ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे मेरी हमेशा की हंसी का राज, जिसे मेरी सारी कहानियां पता हैं और फिर भी साथ है। लव यू माई शम्स्टर।'

## संक्षिप्त समाचार

### भाकपा ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर मोदी व ट्रंप का पुतला दहन कर विरोध जताया



**भगवानपुर/ बेगूसराय।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल परिषद की ओर से मंगलवार को चार श्रम कोड के के विरुद्ध प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण कर प्रखंड मुख्यालय सहित सूर्यपुरा, मोख्तियारपुर, चन्दौर, बनवारीपुर, अतरुआ चौक पर केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए पीएम मोदी व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन कर 12 फरवरी को आयोजित आम हड़ताल को सफल बनाने केए लिए क्षेत्र के किसान, मजदूर, छात्र, नौजवानों से अपील किया गया। प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व कर रहे भाकपा अंचलमंत्री अशोक राय व भाकपा नेता रामचन्द्र पासवान ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमिरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने घुटना टेक चुके हैं। भारत अमेरिका समझौता के नाम पर मोदी देश को गिरबी रखने जा रहा है। किसान से खेती एवं पशुपालक तथा मजदूर से रोजगार छिनने वाला यह समझौता है। चार श्रम कोड खारिज करवाने, मनरेगा योजना चालू करवाने और साल में 200 दिन रोजगार दिलवाने, स्किल वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिलवाने, ठेका प्रथा बंद करवाने, स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलवाने एवं बुलडोजर राज के खिलाफ 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। मौके पर भाकपा कार्यकर्ता रामलखन साव, प्रमोद कुमार, रामकुमार ठाकुर, मुकेश कुमार, विन्देश्वरी महतों, नीरज, राकेश, रामविलास पासवान, सुधीर सिंह, राम उचित तांती, रणधीर राय, लालो शर्मा सहित दर्जनों भाकपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्वच्छता जागरूकता के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**पटना।** पटना नगर निगम द्वारा पटना के शैंम्फोर्ड स्कूल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया और शहर की सफाई के लिए काम करने एवं अपने परिवार के सभी लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा आयोजित इस स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरपर्सन मीरा सिन्हा, प्रिंसिपल जैस पी जे, निदेशक साविओ पिंटो, पूनम सिन्हा, आयुष कुमार आदि ने उत्साह के साथ भाग लिया। पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने लोक गीतों के माध्यम से बच्चों और सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और उन्हें स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन मीरा सिन्हा ने कहा कि स्वच्छता बहुत जरूरी है, हमें पान-गुटके का बहिष्कार करना चाहिए ताकि शहर स्वच्छ और सुंदर बने। छोटे बच्चों ने भी स्वच्छता क्विज में हिस्सा लिया और सभी को बताया कि सूखा और गीला कचरा किस रंग के डस्टबिन में डाला जाए। राजेश केशरी ने स्वच्छता हेतु संगीतिक प्रस्तुति में नीतू नवगीत का साथ दिया। स्वच्छता क्विज में सही जवाब देने वाले बच्चों को एक-एक पुस्तक देकर पुरस्कृत किया गया।

### ई-केवाईसी में तेजी लाने को लेकर हुई बैठक

**भागलपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत ई-केवाईसी एवं किसान पंजीकरण में तेजी लाने को लेकर मंगलवार को डीएम डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी, तीनों अनुमंडल पदाधिकारी तीनों डीसीएलआर एवं भागलपुर के सभी बीडीओ, सीओ के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि भागलपुर के 2,74,158 किसान पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त कर रहे थे। जिनका किसान पंजीकरण एवं ई-केवाईसी किया जाना है। अब तक 1,08,000 किसानों का पंजीकरण किया गया है तथा 2,10,000 किसानों का ई-केवाईसी किया जा चुका है। शेष 1,02,000 किसानों का पंजीकरण किया जाना है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा किसान पंजीकरण के लिए 15 फरवरी 2026 तक की तिथि निर्धारित की गई है। जिलाधिकारी ने पंजीकरण में तेजी लाने के लिए पंचायत स्तरीय टीम में कर्मियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। पंचायत रोजगार सेवक, आवास सहायक, पंचायत सचिव एवं तकनीकी सहायक को भी आवश्यकता अनुसार आईटी क्रिएट करते हुए पंजीकरण कार्य में लगाने के निर्देश दिए। बताया गया कि प्रत्येक प्रखंड में 95 आईडी क्रिएट किए जा सकते हैं। डीएम ने अगले तीन दिनों में 50000 किसान पंजीकरण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय हैं की केंद्र सरकार द्वारा बिहार के लिए किसान पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। यदि निर्धारित लक्ष्य तक को, पूर्ण आवंटन प्राप्त करने के लिए, पूरा करना आवश्यक है।

## विधायक के रूप में भी मैं अपनी भूमिका निभाउंगा : नितिन नबीन

एजेंसी



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नबीन मंगलवार को पहली बार बिहार विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने पहुंचे। इस दौरान उनका भव्य स्वागत किया गया। विधानसभा के सदस्यों ने नितिन नबीन का स्वागत करते हुए भारत माता की जयर का उद्घोष किया। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि यह गौरव की बात है कि आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक के रूप में विधानसभा के बीच उपस्थित हैं। नितिन नबीन ने कहा कि मैं आप सभी को इस सम्मान के लिए धन्यवाद देता हूं। बीस वर्ष से मैं अपनी विधायकी के लिए आप सभी अभिभावक का सम्मान देता हूं। अपने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा मंत्री विजय चौधरी साथी संजय सरावगी के साथ सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं।

नितिन नबीन ने सदन की गरिमा, अनुशासन और लोकतांत्रिक मयार्दाओं पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी पार्टी को अपने विचार जनता तक पहुंचाने के लिए अनुशासन बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम लोग जनता का मत अपनी विचारधारा के आधार पर पाते हैं, ऐसे में यह हमारी जिम्मेदारी है कि सदन में विषय उठाते समय मयार्दा और अनुशासन का पालन किया जाए। नितिन नबीन ने कहा कि पिताजी की मृत्यु के बाद मैं भी इस सदन का सदस्य बना। पिछले 20 साल में हमेशा यह ध्यान रखा कि मैं भी अपने पिताजी की छवि को ध्यान में रखकर चलूं। आज हम सभी जनप्रतिनिधियों को यह ध्यान में रखना चाहिए कि लोगों के मन में हमारे लिए सम्मान की भावना कायम रहे। सदन में हर छोटी बड़ी घटनाओं को मैंने भी देखा है। कैसे विधायक के रूप में अपना काम कराया जाए और विपक्ष में भी रहते हुए गरिमा के साथ कैसे अपना काम किया जाए? उन्होने कहा कि आज के दिन की कभी मैंने कल्पना नहीं की थी।

आज जिस प्रकार से सदन में मौजूद सभी अभिभावकों के शब्दों से जो आशीर्वाद मुझे मिला है, उसके लिए पूरे सदन का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि जब से हम इस सदन में आए तबसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को काम करते देखा है। सदन में हमे सीखने को मिलता है कि कैसे जनता की बातों को सरकार के समक्ष रखे और जनता की आवाज बनकर बैठें। उन्होंने कहा कि हम लोग भी जब दूसरी जगह जाकर पढ़ते थे तो किस तरह के शब्दों का प्रयोग बिहार के लिए किया जाता था। नितिन नबीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझपर भरोसा किया है और पार्टी के काम करने के लिए हमेशा से उन्होंने सिस्टम को सम्मान दिया है। सदन में कई ऐसे पूर्व के वरिष्ठ नेता रहे हैं, जिन्होंने बिहार को कई गरिमामय समय दिया। लेकिन कुछ लोग जो साक्षात रूप से हमारे सामने हैं, जो नेतृत्व हमारे सामने है उनसे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। देश के प्रधानमंत्री ने जहां सेवा के भाव से काम किया वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुशासन की प्रक्रिया को बढ़ाते हुए पूरी तरह से ट्रांसपेरेंट सरकार दे पाएं हैं। हम सभी सदस्यों के ऐसे नेतृत्व से प्रेरणा लेने की जरूरत हमेशा रहेगी। अपने पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा को याद करते हुए नितिन नबीन भावुक हुए और कहा कि हमेशा से कोशिश करता रहा हूं कि अपने पिता की छवि को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ूं। उन्होने कहा कि पार्टी में मेरी भूमिका जरूर बदली है, लेकिन विधायक के रूप में जो भी मेरी भूमिका होगी, वो निभाउंगा।

# नीट छात्रा मौत मामले पर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

## पुलिस ने मार्च रोकने के लिए बल प्रयोग किया

एजेंसी



**पटना।** पटना के शंभू गर्ल्स हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रही छात्रा की मौत और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों के विरोध में मंगलवार को महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी महिलाओं को रोकने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया

'आइसा' और 'एपवा' की महिला कार्यकर्ता गांधी मैदान से विधानसभा घेराव के लिए निकली थीं,लेकिन उन्हे डाकबंगला चौराहे पर रोक दिया गया। इस दौरान महिलाओं ने जमकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। वे ' सरकारी नारा बेटी बचाओ,सरकारी मंशा बलात्कारी बचाओ ' नारे लगा रही थीं। इस बीच पुलिस के साथ उनकी झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि राज्य में छात्राएं और बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं, जिसके विरोध में वे सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने सड़कों पर उतरीं हैं।

माहौल तब तनावपूर्ण हो गया जब प्रदर्शनकारी जेपी गोलंबर पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए भारी बैरिकेडिंग कर रखी थी, लेकिन आंदोलनकारी उसे तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे। इस दौरान कार्यकताओं और पुलिस बल के बीच तीखी नोकझोंक हुई। नारेबाजी और धक्का-मुक्की के बीच प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग गिरा दी, जिससे स्थिति कुछ समय के लिए काफी उग्र हो गई। जेपी गोलंबर पर सुरक्षा घेरा तोड़ने के बाद प्रदर्शनकारी डाकबंगला चौराहे की ओर बढ़े, जहां पुलिस ने दोबारा कड़ी घेराबंदी कर रखी थी। मौके पर तनाव को देखते हुए तैनात अतिरिक्त पुलिस बल ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शकारियों को खदेड़ा। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को बिगड़ने से पहले ही नियंत्रित करने का प्रयास किया और प्रदर्शनकारियों से संवाद स्थापित कर उन्हें शांत रहने की अपील की। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि जेपी गोलंबर पर आंदोलन थोड़ा आक्रामक जरूर हुआ था, लेकिन पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद प्रदर्शनकारी शांत हो गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंदोलनकारियों ने डाकबंगला चौराहे पर अपनी बात रखी और एडीएम के माध्यम से सरकार को अपना ज्ञापन सौंपा। पुलिस ने बल प्रयोग या लाठीचार्ज की खबरों को नकारते हुए कहा कि मामला बातचीत से सुलझा लिया गया। प्रदर्शन के कारण शहर के व्यस्त इलाकों में घंटों जाम की स्थिति बनी रही, जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ज्ञापन सौंपने के बाद प्रदर्शनकारी वापस लौट गए।

## सहरसा में विवि स्थापित करने को लेकर बिहार विधानसभा में विधायक आईपी गुप्ता ने उठाया मुद्दा

एजेंसी



**सहरसा।** कोसी प्रमंडलीय मुख्यालय सहरसा में विश्वविद्यालय स्थापित करने की सुगबुगाहट एक बार फिर से तेज हुई है। करीब चार दशक पूर्व इस प्रमंडलीय मुख्यालय में भारती मंडन विश्वविद्यालय स्थापित करने को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री स्व. डा जगन्नाथ मिश्रा ने अपने अंतिम कार्यकाल के समय स्थानीय स्नातकोत्तर केन्द्र के बगल में नव विश्वविद्यालय का शिलान्यास कर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा में कार्यरतअधिकारी रवि कांत झा को तत्काल उप कुलसचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति भी कर दिये।लेकिन कोसी प्रमंडल वासियों के लिए यह महज एक सपना बन कर ही रह गया।

कोसी प्रमंडल मुख्यालय सहरसा में भारती मंडन विश्वविद्यालय स्थापित करने को लेकर छात्र-छात्राओं सहित बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों और राजनीतिज्ञों ने भी कदम ताल कर लगातार जन आंदोलन किये।जन आंदोलन की खबर राज्य सरकार तक पहुंची।बाद में सरकारी पहल से यहां के जनमानस में आशा की किरण भी जगी।लेकिन राज्य से कांग्रेस का शासन खत्म होते ही यहां के लोगों के सपनों पर पानी फिर गया। वर्ष1989-90 के समय बिहार में सत्ता परिवर्तन होते ही तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने कोसी प्रमंडलीय मुख्यालय सहरसा की अवहेलना कर मधेपुरा स्थित टी पी कालेज में आनन फानन में भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय स्थापित करने को लेकर शिलान्यास भी कर दिये और डा रमेन्द्र कुमार यादव रवि को प्रथम कुलपति के रूप में पदस्थापित कराने में सफलता भी हासिल कर ली।ऐसे में विशेष कर सहरसा के वासिन्दे अपने को पूरी तरह ठगी महसूस करने लगे। इस बीच सहरसा विधायक आई पी गुप्ता ने कोसी प्रमंडलीय मुख्यालय सहरसा में विश्वविद्यालय स्थापित करने को लेकर बिहार विधान सभा के चालू सत्र में सवाल उठाकर एक बार फिर हलचल तेज कर दिया है।लेकिन वर्तमान में कोसी प्रमंडल अंतर्गत मधेपुरा में सरकारी विश्वविद्यालय चल रहा है।शिक्षा मंत्री के जबाव से असंतुष्ट विधायक आई पी गुप्ता ने जब दोबारा सवाल करना शुरू किये तो विधान सभाध्यक्ष प्रेम कुमार ने उनसे कहा कि शिक्षा मंत्री सारी बातें सुन लिये हैं।राज्य सरकार बिहार में बड़ी संख्या में डिग्री कालेज खोलने जा रही है।

### लापता छात्रा जिया और सोनाक्षी का लाया गया भागलपुर

**भागलपुर।** जिले के बबरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सरयू देवी बालिका उच्च विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्रा जिया और सोनाक्षी के लापता होने का मामला आखिरकार सुलझ गया है। दोनों छात्राएं 8 जनवरी को अपने घर से एडमिट कार्ड लाने के लिए विद्यालय आई थीं। लेकिन इसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। परिजन द्वारा सूचना दिए जाने के बाद बबरगंज थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की मामले की गंभीरता को देखते हुए भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने एसआईटी का गठन किया और कई राज्यों की पुलिस से संपर्क कर तलाश तेज की गई। लगातार छापेमारी के बावजूद पुलिस को कोई ठोस सफलता नहीं मिल रही थी। इसी बीच 31 जनवरी को मुंबई के चाइल्ड हेल्प सोसाइटी से वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि दोनों छात्राएं वहां सुरक्षित हैं।

### पशुओं में एफएमडी (खुरपका एवं मुंहपका) रोग से बचाव के लिए नि:शुल्क टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ




**भगवानपुर/बेगूसराय।** भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत में पशुओं में होने वाले विषाणु जनित रोग एफएमडी से बचाव हेतु टीकाकरण का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख इंद्रजीत कुमार एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बैद्यनाथ राय द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय भगवानपुर में किया गया। यह कार्यक्रम 27 फरवरी तक चलाया जाएगा। जिसमें निजी टीकाकर्मी घर-घर जाकर 4 माह से ऊपर के सभी पशुओं यथा गाय भैंस बाछी एवं पारी का टीकाकरण करेंगे। विदित हो की खुरहा एवं गंभीर विषाणु जनित संक्रामक रोग है, जिसमें पशुओं को तेज बुखार मुंह एवं खूर में फफोले निकल जाते हैं जो बाद में फूट जाता है तथा पशु कमजोर हो जाता है, एवं उसकी उत्पादकता घट जाती है। इस रोग का बचाव टीकाकरण से ही संभव है डॉ0 बैद्यनाथ राय ने पशुपालकों से अधिकाधिक पशुओं का टीकाकरण करा कर इस बीमारी के उन्मूलन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। प्रखंड के लिए 23000 टीका का डोज निर्धारित है मौके पर इंद्रदेव राय अशोक राय डाटा एंट्री ऑपरेटर राजेश कुमार मोबाइल वेटनरी यूनिट के पशु चिकित्सक डॉक्टर सुब्रत द्विवेदी पाराभेट सरवन कुमार, राजू कुमार, परिचारी संजीव, छोटेलाल, सतीश एवं टीकाकर्मी गंगा प्रसाद राय, मनोज दास, भुवन, चमन, राजेश, सिंटू, राजेश रंजन, चंदन, गोविंद आदि उपस्थित थे।

### होसपर कम्पनी ने क्षेत्र के बिजली कारीगरों को दिया प्रशिक्षण



**भगवानपुर (बेगूसराय)।** भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र के अतरुआ गांव स्थित एवी भारत इलेक्ट्री दुकान के परिसर में दिल्ली के इलेक्ट्रॉनिक सामानों के निमार्ता होसपर कम्पनी ने क्षेत्र के बिजली कारीगरों को प्रशिक्षण दिया तथा उसके कार्य करने के तरीके तथा काम के दौरान सतर्क रहने का सख्त निर्देश दिए। कम्पनी के ए एस ओ बबलू प्रसाद ने सभी कारीगरों को प्रशिक्षण के दौरान सतर्क रहने पर सबसे ज्यादा बल दिया। उन्होंने कहा कि बिजली बहुत ही खतरनाक होता है थोड़ी भी चूक हुई तो खतरा निश्चित है। फिर उन्होंने होसपर कम्पनी के इलेक्ट्रॉनिक सामानों की गुणवत्ता व गारंटी की जानकारी दी तथा उसका इस्तेमाल कर गुणवत्ता की स्वयं जांच करने को कहा। उस कम्पनी के एक एक इलेक्ट्रिक पाट्र्स का प्रदर्शन कर उसके संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मौके पर उपस्थित सभी इलेक्ट्रीशियनो को होसपर कंपनी के द्वारा एक बैग व इंस्ट्रूमेंट कीट उपलब्ध कराया गया। मौके पर मनीष घोष, श्याम साह, बलराम, अमरजीत, अशोक, अरविंद, कैलाश शर्मा, हरिओम पंडित, रामवीर, छोटु, बिट्ठू, रंजीत, विकास, सिताराम, महेश सहित अन्य इलेक्ट्रीशियन मौजूद थे।

### उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसहरी के बच्चों को नालंदा का कराया गया परिभ्रमण



**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसहरी के 50 छात्र-छात्राओं को सोमवार को नालंदा का परिभ्रमण करवाया गया. इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक विपिन कुमार राम ने बताया कि स्कूल के बच्चों से भरी बस को सोमवार की सुबह हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण व बिहार दर्शन योजना के तहत बच्चों को नालंदा भेजा गया, जहां बच्चों ने नालंदा विहार, विश्व शांति स्तूप, गर्म जल का झड़ना एवं पावापुरी का भ्रमण और अवलोकन किया. विद्यालय प्रधान ने बताया कि सरकार की इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम से बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ मानसिक और बौद्धिक विकास को बल मिला. बच्चों में ज्ञानवर्धन हुआ. स्कूल के शिक्षक प्रभात कुमार भारती, मनीष कुमार झा, शबनम कुमारी, रिंकू कुमारी भारती, अलिका राम के मार्गदर्शन में बच्चों को शैक्षणिक परिभ्रमण करवाया गया. इस परिभ्रमण से बच्चों में काफी प्रसन्नता देखी गयी।

### चिकित्सक डॉ अशोक मिस्त्री हत्याकांड का उद्भेदन, नौ अपराधी गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा जिले के रोह थाना क्षेत्र अंतर्गत गोडीहरी गांव निवासी ग्रामीण चिकित्सक डॉ अशोक मिस्त्री की हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए कांड का उद्भेदन कर लिया है। इस सनसनीखेज हत्याकांड में पुलिस ने नौ अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। एक आरोपित अब भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 22 जनवरी 2026 की रात डॉ अशोक मिस्त्री की हत्या महज लूट की नीयत से की गई थी। हत्यारों को यह भ्रम था कि चिकित्सक के पास काफी धनराशि रहती है, जिसे वे उसकी हत्या कर उसके मोबाइल फोन के माध्यम से खाते से निकाल सकते हैं। एसपी ने बताया कि गोडीहरी गांव निवासी आलोक कुमार और उसके मित्र टिंकू कुमार ने एक नाबालिग के सहयोग से इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया। 22 जनवरी की रात जब डॉ अशोक मिस्त्री अपने घर लौट रहे थे, तभी आरोपियों ने उन्हें रास्ते में पकड़ लिया और खेत में ले जाकर गला रेतकर उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद पहचान मिटाने के उद्देश्य से शव पर डीजल डालकर उसे जला दिया गया।

## फायलेरिया से बचाव के लिए डीएम ने किया सामूहिक दवा सेवन अभियान का शुभारंभ

एजेंसी



**नालंदा/बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु मॉडल सदर अस्पताल बिहार शरीफ में मंगलवार को डीएम ने बच्चों को फाइलेरिया से बचाव हेतु निर्धारित दवा की खुराक खिलाकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर डीएम ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से रोके जाने योग्य बीमारी है। इसके उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सभी पात्र व्यक्तियों को दवा का सेवन सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी भ्रांति में न पड़ें और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दी जा रही दवाओं का सेवन अवश्य करें। नालंदा जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी से 24 फरवरी तक एमडीए कार्यक्रम जिले के 11 प्रखंडों (बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र, बिंद, चंडी, एकंगरसराय, इस्लामपुर, नूरसराय, परवलपुर, रहुई, सरमेरा, सिलाव एवं थरथरी प्रखंड में प्रारंभ किया गया है।

प्रारम्भिक तिथि 10 फरवरी से 24 फरवरी तक (घर घर कार्यक्रम 14 दिनों तक चलेगा उसके बाद 25 फरवरी से 27 फरवरी तक स्कूल, कार्यालय, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, बस स्टैंड आदि स्थानों पर बहुत कैंप लगाया जाएगा वहीं 11 फरवरी को मेगा कैंप आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगाए जाएंगे। इस कार्य के लिए जिलेभर में 1812203कुल लाभार्थियों चिन्हित किए गये है जिसके लिए 82 प्रवेक्षक लगाये गये है साथ हीं - 847टीम में 1694 स्वास्थ्य सदस्य और जीविका सदस्य को कार्य सौंपा गया है वहीं मेगा कैंप के लिए 561 केंद्र बनाये गये है।

इस संबंध में सीएस ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी जो कि हाथीपांव के नाम से जाना जाता है, मच्छर के काटने से होती है । यह दिव्यांगता करने वाली विश्व की दूसरी सबसे बड़ी बीमारी है, जिसके कारण इसे काफी गंभीर माना जाता है, यह शरीर के हाथ, पैर के अलावा शरीर के कई अंगों को भी प्रभावित करता है। इस बीमारी का पता चलने में 5 से 15 वर्ष तक का समय लग जाता हैं, इस बीमारी से बचाव के लिए साल में सिर्फ एक बार फाइलेरिया रोधी दवा से ही बचाव किया जा सकता है। यह दवा दो वर्ष से छोटे बच्चों, गर्भवती महिला एवं अत्यधिक बीमार वयस्क को छोड़कर सभी लोगों को खाना है। यह दावा आशा कार्यकर्ता, एएनएम के द्वारा घर-घर जाकर खिलाया जाता है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों को इन दवाओं के मामूली प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं जो कि शुभ संकेत है। शरीर के अंदर फाइलेरिया के कीड़े मरने के कारण सरदर्द, उल्टी, चक्कर, बुखार इत्यादि हो सकते हैं। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। अगर ऐसा होता है तो चिंता करने के बजाय इस बात की खुशी मनाएं कि आपको इस खतरनाक बीमारी से मुक्ति मिल रही है। वहीं जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि प्रभावित चिन्हित व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए एम्बुलेंस एवं अस्पताल में उपचार ससमय उपलब्ध करेंगे। इस बीमारी के बचाव हेतु दो प्रकार की दवा डेक एवं अलवंडाजोल ही खिलाई जाती है।

# मणिपुर : लिटन में तीसरे दिन भी आगजनी, सुरक्षा बल तैनात

एजेंसी



**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिला के लिटन इलाके में मंगलवार को भी हिंसा की खबर सामने आई है। गोलीबारी और आगजनी की नई घटनाओं की खबरें आईं, जबकि सरकार और सुरक्षा एजेंसियां हालात सामान्य करने की लगातार कोशिशों में जुटी हुई हैं। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार की सुबह लगातार तीसरे दिन भी हिंसात्मक घटना देखी गयी। दावा किया गया है कि इलाके से गोलीबारी और आगजनी की खबरें सामने आईं। सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। हालात को और बढ़ने से रोकने के लिए और अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। इलाके में कर्फ्यू लगाया गया है। साथ ही मोबाइल इंटरनेट को भी बंद किया गया है।

इस बीच मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 12.10 बजे के. लुंगविराम गांव में आग लगने की एक छोटी सी घटना हुई, जिससे एक घर को थोड़ा नुकसान हुआ। पास के इलाके से सुरक्षा बल तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और कुल मिलाकर स्थिति सामान्य है। कोंसाराम विलेज अथॉरिटी (केवीए) ने इस घटना की निंदा की है और राज्य और केंद्र सरकारों से तुरंत सुरक्षा बल तैनात करने, राहत के उपाय करने और कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए सख्त कार्रवाई करने की अपील की है। जिला पुलिस अधिकारियों ने गांव वालों से संपर्क किया है और उन्हें इलाके में शांति का भरोसा दिलाया है।

इस बीच, सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैल रही है कि लिटन घटना के बाद कोंसाखुल के लोग कांटो सबल भाग गए हैं, जो झूठी निकली हैं। कुछ स्टूडेंट्स और परिवारों को छोड़कर कोई भी गांव वाला बाहर नहीं गया है, जिन्होंने नए स्कूल सेशन के शुरू होने की वजह से कुछ समय के लिए किराए पर रहने की जगह मांगी है। पुलिस ने लोगों से अपील है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें या उन्हें न फैलाएं। ज्ञात हो कि 9 फरवरी को उप मुख्यमंत्री लोसी दिखो के नेतृत्व में विधायकों की एक टीम ने जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए लिटन का दौरा किया था। टीम ने दोनों समुदायों के नेताओं के साथ बैठक की और शांति बहाल करने में मदद के लिए संयम बरतने की अपील की। उप मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि आगजनी में शामिल लोगों की पहचान करके उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। भाजपा विधायक गोविंद दास कोंथौजम और इबोमचा ने कहा कि हालात को काबू में करने के लिए कई सुरक्षा उपाय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हिंसा रोकने के लिए और फोर्स तैनात की गई और समुदाय के नेताओं से बातचीत शुरू की गई। खबर है कि यह हिंसा रविवार की रात को शुरू हुई।

## चुनाव से पहले युवाओं के खाते में 15 सौ रुपये देगी ममता सरकार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को राज्य सचिवालय नवान्न में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंतरिम बजट में घोषित युवसाथी योजना को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार यह योजना अब एक अप्रैल से लागू करेगी। इसके तहत राज्य के 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार युवाओं को हर महीने 15 सौ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले यह योजना 15 अगस्त से शुरू करने का निर्णय लिया गया था लेकिन नया आर्थिक वर्ष एक अप्रैल से शुरू होता है इसलिए उसी दिन से योजना लागू करने का फैसला किया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि इस योजना का लाभ उन्हीं युवाओं को मिलेगा, जिन्होंने माध्यमिक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है और जो वर्तमान में बेरोजगार हैं। यह भत्ता अधिकतम पांच वर्षों तक दिया जाएगा। हालांकि, जैसे ही किसी लाभार्थी को नौकरी मिल जाएगी, उसी समय से भत्ता बंद हो जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो युवा किसी अन्य सरकारी भत्ता योजना का लाभ ले रहे हैं, वे इस योजना के पात्र नहीं होंगे। हालांकि, ऐक्यश्री, मेधाश्री या स्मार्ट कार्ड जैसी छात्रवृत्तियों का लाभ लेने वाले युवाओं को युवसाथी योजना से वंचित नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आवेदन प्रक्रिया को लेकर बताया कि युवसाथी योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि समय की कमी और आवेदन की सही तरीके से जांच सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने प्रत्यक्ष आवेदन की व्यवस्था की है, ताकि कोई भी योग्य व्यक्ति वंचित न रह जाए। इसके लिए राज्य के सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। ये शिविर 15 फरवरी से 26 फरवरी तक चलेंगे और रोजाना सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक खुले रहेंगे। छुट्टी के दिनों में शिविर बंद रहेंगे। आवेदन करने वाले सभी लोगों को रसीद दी जाएगी और बाद में इन आवेदनों को डिजिटाइज किया जाएगा।

## शिमला में हल्का हिमपात बढ़ी ठंड, अटल टनल के दोनों छोर पर बर्फ की चादर बिछी

**शिमला।** रोहतांग, शिंकुला व बारालाचा में सोमवार को हल्का हिमपात हुआ। धर्मशाला व शिमला समेकत अधिकतर क्षेत्रों में बादल छाए रहे। एक बार फिर से ठंड बढ़ गई। मंडी व बिलासपुर में सुबह कोहरा छाया रहा। मंडी में दृष्यता 150 मीटर रही। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के ताजा पूवार्नुमान के मुताबिक मंगलवार को प्रदेश के सात जिलों चंबा, लाहुल स्पीति, किन्नौर, मंडी, कांगड़ा, कुल्लू और शिमला में आंधी को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात व निचले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर वर्षा हो सकती है। 11 फरवरी से मौसम साफ रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। अधिकतम तापमान में सबसे ज्यादा गिरावट धर्मशाला व भुंतर में चार डिग्री, शिमला, मंडी, मनाली और कांगड़ा में 3 .4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। मौसम विभाग के मुताबिक ऊना समेत अन्य स्थानों पर दो से तीन डिग्री की गिरावट व न्यूनतम तापमान में एक से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे कम तापमान ताबो में माइनस9 .9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा तापमान ऊना में 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में नौ स्थानों का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली पुलिस का एएसआई 15 हजार की घूस लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) ओम प्रकाश को 15 हजार रुपये की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने मंगलवार को बताया कि एजेंसी ने 07 फरवरी को मामला दर्ज किया था। आरोप था कि एएसआई ने शिकायतकर्ता से उसके भाई को जमानत दिलाने में मदद करने के लिए 25 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी और रकम न देने पर अन्य मामलों में फंसाने की धमकी दी थी। सीबीआई ने उसी दिन जाल बिछाया और आरोपित को शिकायतकर्ता से 15 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ओम प्रकाश पश्चिम विहार थाने में तैनात थे। सीबीआई ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है।

### तमिलनाडु में बर्ड फ्लू को लेकर अलर्ट, सरकार ने जारी किए निर्देश

**चेन्नई।** तमिलनाडु में बर्ड फ्लू के मामलों को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एम. सुब्रमणियन ने जनता से अपील की है कि वे अधपका (ऑफ-बॉयल) मांस खाने से परहेज करें और सरकार की ओर से जारी स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें। स्वास्थ्य मंत्री ने चेन्नई के ओमंदूरार सरकारी मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल में 8 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित कार्डियक कैथ लैब का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बर्ड फ्लू को लेकर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को अलर्ट जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा, यदि कोई पक्षी मृत पाया जाता है, तो उसे 5 फीट गहरे गड्ढे में दफनाया जाना चाहिए। मृत मुर्गियों को पकाकर बिल्कुल नहीं खाना चाहिए। मंत्री ने बताया कि तमिलनाडु में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और अब तक किसी भी व्यक्ति में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मुर्गी, बटेर जैसे पक्षियों के मांस को अच्छी तरह पकाकर ही खाएं, जबकि ऑफ-बॉयल या अधपका मांस खाने से सभी को बचना चाहिए। उन्होंने लोगों से सतर्क और जागरूक रहने की अपील की। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी निर्देश जारी किए हैं कि यदि कहीं मृत पक्षी दिखाई दें, तो उन्हें नंगे हाथों से न छुएं और तुरंत नगर निगम या स्थानीय निकाय को इसकी सूचना दें।

### काहिरा में हिंदी सम्मेलन शुरू संस्कृति का सेतु बनी भाषा

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा में रविवार को अफ्रीकी क्षेत्रीय हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन हुआ। विदेश मंत्रालय की सचिव (दक्षिण) नीना मल्होत्रा ने ऐन शम्स विवि के सहयोग से इस दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की। सम्मेलन का विषय गंगा से नील तक सांस्कृतिक संपर्क और सहयोग रखा गया है। भारतीय राजदूत सुरेश के रेड्डी की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ वैश्विक स्तर पर हिंदी को बढ़ावा देना है।

### स्वीडन का भारतीय वायुसेना को ग्रिपेन लड़ाकू विमान देने का प्रस्ताव

**स्टॉकहोम।** स्वीडन की रक्षा कंपनी साब (एसएबी) ने भारतीय वायुसेना को अपने अत्याधुनिक ग्रिपेन-ई लड़ाकू विमान की पेशकश की है। सिंगापुर एयर शो के दौरान कंपनी के उपाध्यक्ष मिकेल फ्रांजेन ने बताया कि उन्होंने भारत सरकार के समक्ष दुनिया के सबसे उन्नत एयरोस्पेस उद्योग के निर्माण का प्रस्ताव रखा है। इसमें डिजाइन, उत्पादन और रखरखाव के बहुस्तरीय चरण शामिल होंगे। फ्रांजेन ने दावा किया कि ग्रिपेन-ई बाजार में सबसे आधुनिक और लागत प्रभावी विमान है, जो राफेल और तेजस के साथ भारतीय बेड़े में पूरी तरह फिट होगा।

# कयामत तक बाबरी ढांचे का पुनर्निर्माण नहीं होगा : सीएम योगी आदित्यनाथ

एजेंसी



**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार जो बोलती है, करके दिखाती है। यह जितना करती है, उतना ही बोलती है। योगी ने कहा कि जो लोग बाबरी ढांचे का सपना देख रहे हैं, उनको बता दूं कि कयामत का दिन कभी नहीं आएगा। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बाराबंकी के दरियाबाद क्षेत्र में दुल्हदेपुर स्थित बाबा हरिशंकर दास की कुटी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोग हैं, जो अवसरवादी रवैया अपनाते हैं। जब संकट आता है तब भागवान राम याद आते हैं, बाकी राम को भूल जाते हैं। इसलिए भगवान राम भी उनको भूल चुके हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार की वजह से अब आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बन रहा है। उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले यह बीमारु प्रदेश था। कब कहां लूट, हत्या हो जाएगी पता नहीं होता था। बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं थी और घर से बाहर गया व्यक्ति अगर शाम तक नहीं लौटता था तो घर वाले अनहोनी की आशंका से बार-बार फोन करके हालचाल लेते रहते थे। कानून से खिलवाड़ करने वालों को आगाह करते हुए योगी ने कहा कि हिंदुस्तान में कायदे से रहना सीखो, यहां का कानून मानो, कानून मानोगे, कायदे से रहोगे, तो फायदे में रहोगे। उन्होंने कहा कि जहां तक बाबरी ढांचे के पुनर्निर्माण की बात है तो यह कयामत तक नहीं होगा क्योंकि कयामत आने वाली नहीं है।

अयोध्या के राम मंदिर निर्माण की लंबी लड़ाई से लेकर भव्य मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुए योगी कहा कि राम मंदिर बन गया है न। आज मंदिर अपने निर्धारित स्थान पर बन चुका है। गोला गोकर्णनाथ, लोधेश्वर मंदिर समेत कई मंदिरों के हो रहे कॉरिडोर निर्माण का भी उन्होंने उल्लेख किया। उन्होंने बाराबंकी की भूमि को पवित्र बताते हुए कहा कि यह साधु-संतों की भूमि है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधु-संतों के अलावा स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इसके पहले दोपहर को मुख्यमंत्री योगी का हेलीकॉप्टर मंदिर के पास उतरा। यहां महंत बलरामदास ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कथा मंडप का उद्घाटन किया और रामार्चा यज्ञ में आहुतियां भी अर्पित की।

## न्यूजीलैंड में 51 मुस्लिमों की हत्या के आरोपी ने दोषसिद्धि को दी चुनौती

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में 2019 में 51 मुस्लिमों की हत्या करने वाले ब्रेंटन टैरेंट ने अब अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील की है। सोमवार को वेलिंगटन की अदालत में उसने दावा किया कि जेल की कठोर परिस्थितियों के कारण वह तर्कहीन हो गया था, जिससे उसे अपराध स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा। वह चाहता है कि उसके दोष स्वीकार करने के फैसले को रद्द किया जाए। टैरेंट को बिना पैरोल के उम्रकैद की सजा सुनाई गई है, जिसे वह कम कराना चाहता है।


## पी. कुमारन छठे भारत-दक्षिण कोरिया विदेश नीति संवाद की सह-अध्यक्षता करेंगे

**सियोल, एजेंसी।** विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्वी) पी. कुमारन 12 से 13 फरवरी तक दक्षिण कोरिया गणराज्य (आरओके) की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान वे दक्षिण कोरिया गणराज्य के विदेश मंत्रालय की प्रथम उप विदेश मंत्री पार्क यून-जू के साथ छठे विदेश नीति और सुरक्षा संवाद (एफपीएसडी) की सह-अध्यक्षता करेंगे। इससे पहले 17 जनवरी, 2023 को विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्वी) सौरभ कुमार ने 16-17 जनवरी, 2023 को दक्षिण कोरिया गणराज्य (आरओके) की आधिकारिक यात्रा की, जहां उन्होंने अपने आरओके समकक्ष, विदेश मंत्रालय के प्रथम उप विदेश मंत्री चो ह्युंडोंग के साथ 5वें विदेश नीति और सुरक्षा संवाद (एफपीएसडी) की सह-अध्यक्षता की, विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।

# गाजा में फिर गूंजे हवाई हमले, तीन की मौत

## इस्राइल बोला- हमने सीजफायर उल्लंघन का दिया जवाब

एजेंसी



**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में युद्धविराम के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। इस्राइल के ताजा हवाई हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई है। अस्पताल सूत्रों ने मौतों की पुष्टि की है। सीजफायर लागू होने के बावजूद हमले और जवाबी कार्रवाई की घटनाएं जारी हैं। इससे इलाके में शांति प्रक्रिया पर नए सवाल खड़े हो गए हैं और हालात फिर तनावपूर्ण हो गए हैं। गाजा सिटी के पश्चिमी इलाके में हुए हमलों के बाद घायलों और मृतकों को शिफा अस्पताल लाया गया। अस्पताल प्रशासन ने तीन लोगों की मौत की जानकारी दी। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने रफाह शहर में अपने सैनिकों पर फायरिंग के जवाब में कार्रवाई की। सेना के मुताबिक यह युद्धविराम का उल्लंघन था और जवाब में सटीक निशानों पर हमला किया गया।

**युद्धविराम के बावजूद जारी टकराव :** करीब चार महीने पहले अमेरिका समर्थित युद्धविराम समझौता लागू हुआ था। यह समझौता हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध को रोकने के लिए बनाया गया था। इस योजना को मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के प्रस्तावित 20 सूत्रीय ढांचे पर आगे बढ़ाया गया था। समझौते के तहत बंधकों और कैदियों की अदला-बदली भी हुई। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर झड़पें और सैन्य कार्रवाई पूरी तरह नहीं रुकी।

**बंधक समझौता हुआ, पर बड़े मुद्दे बाकी :** समझौते के शुरूआती चरण में हमास ने अपने पास मौजूद सभी जीवित बंधकों को रिहा किया। बदले में इस्राइल ने हजारों फलस्तीनी कैदियों को छोड़ा और कुछ शव भी लौटाए गए। लेकिन गाजा के भविष्य का प्रशासन कौन संभालेगा, सुरक्षा व्यवस्था कैसी होगी और राजनीतिक ढांचा क्या होगा, जैसे बड़े मुद्दों पर सहमति नहीं बन सकी। इन सवालों पर अब भी मतभेद बने हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस्राइल के वेस्ट बैंक में नियंत्रण बढ़ाने के फैसले पर चिंता जताई है।

## अमेरिका ने बांग्लादेश पर टैरिफ एक प्रतिशत घटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश पर टैरिफ 20 प्रतिशत से घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने कुछ कपड़ा और गारमेंट उत्पादों पर टैरिफ पूरी तरह खत्म करने का वादा किया है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी जॉइंट स्टेटमेंट में कहा गया कि अमेरिका बांग्लादेशी उत्पादों पर लगाए गए 'रेसिप्रोकल टैरिफइ को 20' से घटाकर 19' कर देगा। ये टैक्स अमेरिका ने व्यापार में असंतुलन और उन तरीकों को लेकर लगाए थे, जिन्हें वह गलत मानता है। पहले अमेरिका ने बांग्लादेश से आने वाले सामान पर 37' टैक्स लगाने की घोषणा की थी। बाद में इसे घटाकर 20' किया गया था। अब नए समझौते के बाद यह टैक्स 19' हो जाएगा। बांग्लादेश के कुल निर्यात में कपड़ा और गारमेंट उद्योग की हिस्सेदारी करीब 80' है। यह उद्योग 2024 में हुए छात्र आंदोलन के बाद प्रभावित हुआ था, जिसमें देश की सरकार गिर गई थी। इसके बाद से यह सेक्टर फिर से संभलने की कोशिश कर रहा है। नए समझौते के तहत अमेरिका एक ऐसी सिस्टम बनाएगा, जिससे बांग्लादेश के कुछ कपड़ा और गारमेंट उत्पादों पर जीरे टैरिफ लगेगा।

## कांगो के गांव पर आईएस से जुड़े विद्रोहियों का हमला, 20 लोगों की हत्या

**किंशासा, एजेंसी।** पूर्वी कांगो में हिंसा की एक और बड़ी घटना सामने आई है। सेना के अनुसार इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोही गुट ने एक गांव पर हमला कर कम से कम 20 लोगों की हत्या कर दी। यह हमला सप्ताहांत में नॉर्थ किवु प्रांत के लुबेरो इलाके के मम्बिम्बी-इसिगो गांव में हुआ। हमले के बाद इलाके में दहशत फैल गई है और बड़ी संख्या में लोग घर छोड़कर भागे हैं। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि हमला एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज यानी एडीएफ गुट ने किया। हमलावरों ने पहले खेतों में काम कर रहे किसानों को निशाना बनाया और फिर गांव में घुसकर चाकू और बंदूक से हमला किया। स्थानीय सामाजिक संगठनों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कई लोग अब भी लापता हैं। एडीएफ ने हमले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। नागरिक समूहों ने इलाके में सेना की कम मौजूदगी पर सवाल उठाए हैं। पूर्वी कांगो में एडीएफ और रवांडा समर्थित एम23 जैसे कई सशस्त्र गुट सक्रिय हैं। एडीएफ ने 2019 में इस्लामिक स्टेट के प्रति निष्ठा जताई थी और वह अक्सर आम नागरिकों को निशाना बनाता है। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के प्रमुख जीन-पियरे लैक्रोआ ने भी पूर्वी कांगो का दौरा शुरू किया है। इस साल की शुरुआत से ही इस क्षेत्र में एडीएफ हमलों में दर्जनों नागरिक मारे जा चुके हैं। क्षेत्र में मानवीय संकट लगातार गहराता जा रहा है।

# गांव से लेकर शहर तक... महाराष्ट्र के जिला परिषद चुनावों में भाजपा की जीत

एजेंसी



**मुंबई।** महाराष्ट्र में जिला परिषद चुनाव के नतीजे घोषित हो चुके हैं। महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक सत्ताधारी महायुति गठबंधन ने 12 जिला परिषदों की 731 सीट में से 552 सीट पर जीत हासिल की है। इन नतीजों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई देते हुए ट्वीट किया है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि एक बार फिर महाराष्ट्र ने भाजपा और महायुति को अपना आशीर्वाद दिया है। उन्होंने लिखा कि नगर निगम और नगरपालिका परिषद चुनावों में भाजपा और महायुति की जोरदार सफलता के बाद, महाराष्ट्र के लोगों ने जिला परिषद चुनावों में हमें एक मजबूत जनादेश दिया है। यह स्पष्ट है कि ग्रामीण और शहरी महाराष्ट्र में, राज्य के लोग सुशासन और एक ऐसा गठबंधन चाहते हैं जो राज्य की गौरवशाली संस्कृति की भावना में काम करे। मैं महाराष्ट्र के अपने बहनों और भाइयों का आभार व्यक्त करता हूं। महायुति के प्रत्येक कार्यकर्ता को मेरा हार्दिक अभिनंदन, जिन्होंने जमीन पर बिना थके काम किया और महाराष्ट्र सरकार के ठोस रिकॉर्ड के साथ-साथ सुशासन के लिए एनडीए के विजन को विस्तार से समझाया।

**ऐसे हैं नतीजे :** सत्ताधारी महायुति की कुल 552 सीटों में से भाजपा के हिस्से में 225 सीटें आई हैं। वहीं, एनसीपी ने 165 और शिवसेना ने 162 सीटों पर जीत हासिल की है। दूसरी तरफ विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) में कांग्रेस 55 सीट जीतकर सबसे आगे रही। इसके बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) को 43 और शरद पवार की राकांपा (एसपी) को 26 सीट पर जीत मिली। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने लातूर और रत्नागिरी में एक-एक सीट जीती। बीस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत हुई, जबकि राज्य निर्वाचन आयोग में पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को 14 और पंजीकृत दलों को सात सीट पर जीत मिली। राकांपा ने पुणे जिला परिषद में 73 में से 51 सीट पर जीत दर्ज की। राकांपा और राकांपा (एसपी) ने घड़ी चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ा था। ये चुनाव 28 जनवरी को विमान दुर्घटना में अजित पवार के निधन के कुछ ही दिन बाद हुए थे।

# कश्मीरी मूल की शबाना महमूद बन सकती हैं ब्रिटेन की पहली मुस्लिम पीएम

एजेंसी



**लंदन।** एपस्टीन फाइल्स विवाद में अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में है। लेबर पार्टी ने उनके इस्तीफे की मांग की है। हालांकि स्टार्मर ने इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया है। इस बीच, नए प्रधानमंत्री पद की होड़ में गृह मंत्री शबाना महमूद के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री वेस्ट स्ट्रीटिंग और पूर्व उपप्रधानमंत्री अंगेला रेनर का नाम सामने आ रहा है। शबाना महमूद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मीरपुर मूल की है। 2025 में गृह मंत्री बनने वाली वह पहली मुस्लिम महिला हैं। अगर वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री भी होंगी। ब्रिटेन में एपस्टीन फाइल से जुड़े विवाद ने इतना तूल पकड़ लिया कि पीएम स्टार्मर के सबसे भरोसेमंद सहयोगी और डाउनिंग स्ट्रीट के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी को इस्तीफा देना पड़ा। मैकस्वीनी पर आरोप है कि उन्होंने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन का समर्थन करने वाले पीटर मंडेलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का राजदूत बनाकर भेजा था। मैकस्वीनी ने कहा कि यह नियुक्ति गलत थी। मैकस्वीनी ने माना कि उन्हें पता था कि मंडेलसन ने जेफ्री एपस्टीन का जेल जाने के बाद भी समर्थन किया था। मंडेलसन पर ये भी आरोप है कि उन्होंने ब्रिटेन के बिजनेस सेक्रेटरी रहते हुए एपस्टीन को मार्केट से जुड़ी संवेदनशील जानकारी शेयर की थी।

# सचिन ने अंडर-19 कप्तान आयुष को अपनी टेस्ट जर्सी दी

## बोले- मेहनत करते रहो, लोगों के बहकावे में मत आओ

**मुंबई (एजेंसी)।** अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे जिम्बाब्वे से भारत लौटने के बाद सचिन तेंदुलकर से मिले। इससे पहले, मुंबई एयरपोर्ट पर कप्तान आयुष म्हात्रे समेत सभी खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत हुआ। म्हात्रे का पूरा परिवार उनके माता-पिता उन्हें लेने एयरपोर्ट पहुंचे थे।



**सचिन के घर पहुंचे म्हात्रे-** म्हात्रे भारत वापस लौटने के बाद सोमवार को महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के घर पहुंचे। आयुष म्हात्रे को सचिन तेंदुलकर से एक खास तोहफा मिला। तोहफा में सचिन ने अपनी टेस्ट जर्सी भेंट की,साथ ही उन्होंने अपने हाथ से लिखा हुआ एक संदेश भी दिया।

वीडियो में सचिन ने म्हात्रे से कहा, यह वही जर्सी थी जिसे उन्होंने अपनी अंतिम टेस्ट सीरीज में पहना था। वो आगे कहते है, लगातार मेहनत करते रहो। ध्यान केंद्रित रखो। लोगों के बहकावे में मत आओ। अभ्यास करते रहो। एकाग्रता बनाए रखना जरूरी है। चाहे जो भी हो, ध्यान भटकाने वाली चीजें बहुत होंगी।

**म्हात्रे ने मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया-** म्हात्रे ने मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। लिखा, मैं आपको स्क्रीन पर देखते हुए बड़ा हुआ। आज मैं आपके घर पर खड़ा हूं और आपकी यात्रा का एक हिस्सा अपने हाथों में थामे हुए हूं। इस सम्मान के लिए आपका धन्यवाद, सर। मैं इसे उसी आदर और सम्मान के साथ संभालकर रखूंगा, जैसे आपने सालों तक भारतीय क्रिकेट को सम्मान के साथ आगे बढ़ाया।

### ट्रैविस हेड का दिलचस्प खुलासा

# अभिषेक की गेंदबाजी का करना चाहते हैं सामना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज़ ट्रैविस हेड ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान एक दिलचस्प खुलासा किया है। सनराइजर्स हैदराबाद में उनके ओपनिंग पार्टनर रहे अभिषेक शर्मा को लेकर हेड ने कहा कि वह टूर्नामेंट में उनके खिलाफ बल्लेबाज़ी करना चाहते हैं और चाहते हैं कि अभिषेक उन्हें गेंदबाज़ी करें।

**रैपिड-फायर राउंड में दिया मज़ेदार जवाब-** आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले एक रैपिड-फायर राउंड के दौरान ट्रैविस हेड से कई सवाल पूछे गए। जब उनसे पूछा गया कि वह किस गेंदबाज़ के खिलाफ मुकाबला करना चाहते हैं, तो उन्होंने बिना झिझक अभिषेक शर्मा का नाम लिया। अभिषेक भारतीय टीम में सूर्यकुमार यादव के पास मौजूद विकल्पों में से एक हैं, हालांकि वह नियमित रूप से गेंदबाज़ी नहीं करते। अब तक अभिषेक शर्मा ने 39 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 30.3 ओवर फेंके हैं। इस दौरान उन्होंने 6 विकेट लिए हैं। उनका औसत 37.33 और इकॉनमी रेट 8.78 रन प्रति ओवर रहा है। हालांकि टी20 क्रिकेट में मैच-अप्स बेहद अहम होते हैं और ऐसे में बाएं हाथ के बल्लेबाज़ के खिलाफ अभिषेक को गेंदबाज़ी कराने की संभावना कम रहती है। भारतीय टीम में बाएं हाथ के एक और स्पिनर अक्षर पटेल भी मौजूद हैं। अगर टूर्नामेंट में आगे चलकर भारत और ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत होती है, तो सूर्यकुमार यादव कोई अलग रणनीति अपना सकते हैं।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति से बातचीत के बाद मानी शहबाज सरकार

# टी-20 वर्ल्डकप में भारत-पाकिस्तान मैच होगा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। पाकिस्तान सरकार ने सोमवार रात अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की। पोस्ट में बताया गया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने फोन कर भारत के खिलाफ मैच खेलने की अपील की थी। इसके अलावा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से मुकाबला खेलने की सिफारिश की थी। दरअसल, बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर किए जाने के विरोध में पाकिस्तान ने 1 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने का ऐलान किया था। हालांकि उसने टूर्नामेंट के बाकी मुकाबले खेलने पर सहमति जता दी थी।




### पाकिस्तान सरकार की पोस्ट

पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायके के बीच फोन पर बातचीत हुई। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने श्रीलंका में प्रस्तावित भारत-पाकिस्तान मैच खेलने का अनुरोध किया। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने कहा कि आतंकवाद के मुश्किल दौर में पाकिस्तान ने श्रीलंकाई क्रिकेट का पूरा समर्थन किया था। उसी भावना से पाकिस्तान से सहयोग की अपील करते हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति की भावनाओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी पक्षों से चर्चा के बाद अंतिम फैसला श्रीलंका को बता दिया जाएगा। श्रीलंका मुश्किल समय में पाकिस्तान के साथ मजबूती से खड़ा रहा। हाल ही में श्रीलंका टीम ने पाकिस्तान दौरा रद्द न कर अहम सहयोग दिखाया।

### पाकिस्तान ने आईसीसी के सामने 3 शर्तें रखी थीं

बैठक में आईसीसी की ओर से सीईओ संजोग गुप्ता वर्चुअल तरीके से जुड़े। भारत से खेलने के मुद्दे पर पाकिस्तान ने तीन शर्तें रखीं। पहली, आईसीसी की कुल कमाई में पाकिस्तान का हिस्सा बढ़ाया जाए। दूसरी, भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज बहाल कराई जाए। तीसरी, मैदान पर हैंडशेक प्रोटोकॉल को सख्ती से लागू किया जाए। दरअसल, एशिया कप के दौरान पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय टीम ने पाकिस्तान खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था।

### पाकिस्तान सरकार ने कहा था- वर्ल्ड कप खेलेंगे, लेकिन भारत से नहीं

पाकिस्तान ने 1 फरवरी को घोषणा की कि वह टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगा, लेकिन भारत के खिलाफ मैच का बॉयकॉट करेगा। पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला इंटरनेशनल क्रिकेट कार्उंसिल (आईसीसी) के बांग्लादेश को टूर्नामेंट से हटाने के बाद लिया। बांग्लादेश सरकार ने भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा चिंता जताई थी। सरकार ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान की सरकार, पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी वर्ल्ड टी20 2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी देती है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी 2026 को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।

### हमें रेवेन्यू में भारी नुकसान होगा- एसएलसी

7 फरवरी को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से इस मैच पर दोबारा विचार करने की अपील की थी। इसके बाद श्रीलंका क्रिकेट ने पीसीबी को मेल लिखा। इसमें कहा गया है कि भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होने से श्रीलंका क्रिकेट को आर्थिक नुकसान होगा और टूर्नामेंट की इमेज को भी नुकसान होगा। मेल पर श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पीसीबी से कहा कहा, हम भारत के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट को होस्ट कर रहे हैं। अगर भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होता है तो हमें रेवेन्यू में भारी नुकसान होगा।

### भारतीय टीम तय समय पर श्रीलंका जाएगी

टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर बीसीसीआई सूत्रों ने साफ किया है कि भारतीय टीम तय कार्यक्रम के अनुसार ही श्रीलंका दौरे पर जाएगी। टीम 15 फरवरी से पहले श्रीलंका पहुंचेगी और आईसीसी के सभी प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करेगी। हालांकि, मैच को लेकर अंतिम फैसला मैदान पर मौजूद मैच रेफरी द्वारा ही लिया जाएगा।

### बीसीसीआई सचिव राजीव शुक्ला बोले- क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक फैसला

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भारत-पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप 2026 मैच को लेकर बने गतिरोध के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि आईसीसी ने सभी पक्षों से बातचीत कर एक ऐसा बेहद अच्छा और संतुलित समाधान निकाला, जिसके बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का फैसला वापस ले लिया। भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला अब 15 फरवरी को कोलंबो में तय कार्यक्रम के अनुसार खेला जाएगा। पाकिस्तान सरकार ने बांग्लादेश और श्रीलंका के समझाने के बाद अपने पहले के बहिष्कार के फैसले से पीछे हटने का निर्णय लिया। मीडिया से बातचीत में राजीव शुक्ला ने कहा, मैं बीसीसीआई की ओर से आईसीसी चेयरमैन (जय शाह) और अन्य पदाधिकारियों का धन्यवाद करना चाहता हूं। उन्होंने बहुत अच्छा समाधान निकाला। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से चर्चा के बाद, सभी पक्षों की बात सुनकर यह फैसला लिया गया। उन्होंने आगे कहा कि यह निर्णय क्रिकेट के हित में बेहद अहम है। क्रिकेट चलना चाहिए और अब वर्ल्ड कप एक बड़ी सफलता होगा। यह आईसीसी की बड़ी उपलब्धि है। यहां तक कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भी आईसीसी की सराहना की है। आईसीसी ने इस पूरे मामले में एक और अहम कदम उठाते हुए बांग्लादेश पर किसी तरह की सज़ा नहीं लगाने का फैसला किया। बांग्लादेश को सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार करने के बाद टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था और उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया था। पाकिस्तान सरकार ने भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार बांग्लादेश के समर्थन में किया था, जब आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किया। हालांकि अब आईसीसी, बीसीबी और श्रीलंका की पहल के बाद यह विवाद सुलझ गया है।

### खेल जगत में शोक की लहर

# कार हादसे में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज संभाजी का निधन



**मुंबई (एजेंसी)।** जूनियर विश्व कप 2016 के स्वर्ण पदक विजेता और अंतरराष्ट्रीय पिस्टल निशानेबाज संभाजी पाटिल का सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। यह हादसा मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर पालघर जिले में हुआ। संभाजी पाटिल की उम्र महज 27 वर्ष थी। उनके असामयिक निधन से भारतीय निशानेबाजी और खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। एक अधिकारी के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह करीब 10 बजे हुई, जब संभाजी पाटिल अपने दोस्त के साथ कार से निशानेबाजी के अभ्यास के लिए जा रहे थे। कार उनके दोस्त और साथी निशानेबाज यश चौधरी चला रहे थे, जबकि संभाजी पाटिल चालक की बगल वाली सीट पर बैठे थे। अधिकारी ने बताया कि तेज रफ्तार से जा रही कार ने बाईं ओर से एक ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया, इसी दौरान कार ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि संभाजी पाटिल को गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में यश चौधरी को भी चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है। संभाजी पाटिल भारतीय निशानेबाजी के उभरते हुए सितारे माने जाते थे। उन्होंने 2016 में अजरबैजान में आयोजित जूनियर विश्व कप में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया था। कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले पाटिल से भविष्य में बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद की जा रही थी। संभाजी पाटिल के निधन पर खेल प्रेमियों, निशानेबाजी संघों और खिलाड़ियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। कई खिलाड़ियों और खेल संगठनों ने सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार के प्रति संवेदना जताई।

# नीदरलैंड ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया

### बास डी लीडे ने 48 बॉल पर 72 रन बनाए, 2 विकेट भी झटके

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** नीदरलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 10वें मैच में नामीबिया पर 7 विकेट की जीत हासिल की। टीम ने ग्रुप ए के मैच में 157 रन का टारगेट 18 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर लिया।

दिल्ली के अरुण जेटली स्टडियम में नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। पहले बैटिंग करते हुए नामीबिया ने 20 ओवर में 8 विकेट 156 रन बनाए।



नीदरलैंड की ओर से बास डी लीडे ने 48 बॉल पर 72 रन की पारी खेली। जबकि कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स 18 रन पर नाबाद लौटे। कॉलिन एकरमैन ने 32 और माइकल लेविट ने 28 रन बनाए।

नामीबिया की ओर से निकोल लोफ्टी-ईटन ने 42, जॉन फ्राइलिनक ने 30 और जेजे स्मिट ने 15 बॉल पर 22 रन बनाए। लोगान वैन बीक और बास डी लीडे ने 2-2 विकेट लिए। आर्यन दत्त और फ्रेड क्लासन को 1-1 विकेट मिला। विलेम मायबर्ग और रूबेन ट्रम्पेलमैन रन आउट हुए।

### नीदरलैंड जीत से ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के नंबर-2 पर आया

इस जीत के साथ नीदरलैंड की टीम ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर आ गई है। टीम के पास दो मैच में एक जीत के साथ 2 अंक हैं। भारत और पाकिस्तान के पास भी 2-2 अंक हैं। भारत का नेट रन रेट नीदरलैंड से ज्यादा है, जबकि पाकिस्तान का नेट रन रेट कम है।

# सूर्यकुमार ने कप्तान के तौर पर अपने को साबित किया : गंभीर

**कोच के तौर पर मेरा काम आसान हुआ**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह मेरा काम आसान कर देते हैं। गंभीर ने कहा कि टी20 प्रारुप में कप्तान बनाये जाने के बाद से ही सूर्या ने अपनी जिम्मेदारी काफी अच्छे से निभाई है। वह हर प्रकार से सफल रहे है। दबाव के बीच भी उनकी नेतृत्व क्षमता को सभी ने देखा है। एक वीडियो में गंभीर ने कहा कि टीम में सूर्यकुमार जैसे आक्रामक बल्लेबाज से भारतीय टीम को काफी लाभ होता है। टीम के लिए ये खुशी की बात है कि उसे ऐसा कप्तान और बल्लेबाज मिला है जो संयमित रहते हुए सभी का सही उपयोग करता है। इससे कोच के तौर पर मेरा काम भी आसान हो गया है। गंभीर ने कहा, सूर्यकुमार ने इस प्रारूप में मेरा काम कर कर दिया है। वह लोगों के लिए एक बेहतरीन कप्तान हैं, यह केवल नहीं कि वह मैदान पर क्या करते हैं, या बल्लेबाज के रूप में कैसे हैं, या उनके शॉट्स इस प्रारूप में किस प्रकार के हैं। कोच के तौर पर दिमाग में कई बातें चल रही होती हैं पर सूर्यकुमार माहौल को शांत बनाए रखते है, जो हर कोच चाहता है। सूर्यकुमार ने पहले ही मैच में अमेरिका के खिलाफ पारी को संभालकर टीम को जीत दिलायी। उन्होंने एक छोर से विकेटों के गिरने के बची भी 49 गेंदों में नाबाद 84 रन बनाकर टीम को मैच में बनाये रखा। गंभीर ने कहा, मेरे लिए खिलाड़ी सूर्यकुमार को अलग रखा जा सकता है पर कप्तान सूर्यकुमार के तौर पर वह हर परीक्षा खरे उतरे हैं। इससे मुझे भी काफी आराम मिल गया है क्यों मेरा काफी काम वहीं कर देते हैं। वह वास्तव में एक शानदार नेतृत्वकर्ता हैं।

### अर्शदीप के पास टी20 विश्व कप में शीर्ष दस गेंदबाजों में जगह बनाने का अवसर

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप के पास इस बार विश्वकप में शीर्ष दस गेंदबाजों में आने का अवसर है। आज तक हुए विश्वकप मुकाबलों में भारतीय का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है पर इसके बाद भी शीर्ष 10 में एक भी भारतीय गेंदबाज नहीं है। टी20 विश्व कप में अब तक भारत के सबसे सफल गेंदबाज आर अश्विन रहे हैं। अश्विन ने 24 मैचों में 32 विकेट लिए हैं और वह 13वें स्थान पर हैं। वहीं विश्व कप के 15 मैचों में अर्शदीप के नाम 29 विकेट हैं और वह 19 वें स्थान पर है। अर्शदीप के पास इसबार ज्यादा से ज्यादा विकेट लेकर अश्विन को पीछे छोडने के साथ ही शीर्ष भारतीय गेंदबाज बनने का अवसर है।



# डी कॉक ने धोनी की बराबरी की

### टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा डिसमिसल किए, मुन्से स्कॉटलैंड के टॉप स्कोरर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में सोमवार को 3 मुकाबले में खेले गए। साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक ने टूर्नामेंट इतिहास में सबसे ज्यादा डिसमिसल करने के मामले में महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी कर ली। वहीं बल्लेबाजी में स्कॉटलैंड के जॉर्ज मुन्से अपनी टीम के लिए टॉप स्कोरर बन गए। टूर्नामेंट के पहले मैच में स्कॉटलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली को 73 रन से हरा दिया। दूसरे मुकाबले में जिम्बाब्वे ने ओमान पर 8 विकेट से आसान जीत दर्ज की। दिन के तीसरे मैच में साउथ अफ्रीका ने कनाडा को 57 रन से मात देकर अपने अभियान की शुरुआत की।

**टी-20 वर्ल्ड कप में स्कॉटलैंड की रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत-** टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में स्कॉटलैंड ने रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज कर ली। टीम ने इटली को 73 रन से हराया। इससे पहले उसका सबसे बड़ा जीत अंतर 2022 में आया था, जब टीम ने होबार्ट में वेस्टइंडीज को 42 रन से हराया था।

### 1. टी-20 वर्ल्डकप में किसी एसोसिएट टीम ने पहली बार 200+ रन बनाए

स्कॉटलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में नया रिकॉर्ड बना दिया। इटली के खिलाफ कोलकाता में टीम ने 4 विकेट पर 207 रन बनाए, जो किसी भी एसोसिएट टीम का पहला 200+ स्कोर है। इससे पहले हाईएस्ट टोटल का रिकॉर्ड यूएसए (197/3 बनाम कनाडा, 2024) के नाम था। एसोसिएट टीम यानी वे टीमें जो आईसीसी फुल मेंबर नहीं हैं।

### मुन्से-जोन्स की स्कॉटलैंड के लिए टी-20 वर्ल्ड कप में हाईएस्ट पार्टनरशिप

टी-20 वर्ल्ड कप में स्कॉटलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड जॉर्ज मुन्से और माइकल जोन्स के नाम दर्ज हो गया है। दोनों ने ईडन गार्डन्स में पहले विकेट के लिए 126 रन जोड़े। यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में स्कॉटलैंड की सबसे बड़ी पार्टनरशिप है।इससे पहले भी मुन्से-जोन्स की जोड़ी इंग्लैंड के खिलाफ 90* रन की ओपनिंग साझेदारी कर चुकी है, जो लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। वहीं दूसरी बड़ी साझेदारी में मैथ्यू क्रॉस-रिची बेरिंगटन (92 रन) और मुन्से-मैकमुलेन (89 रन) शामिल हैं।

### टी-20 में पहली बार जिम्बाब्वे पेसर ने 9 विकेट लिए

कोलंबो में ओमान के खिलाफ जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाजों ने 9 विकेट लिए। यह पहली बार है जब टी-20 इंटरनेशनल में जिम्बाब्वे के तेज बॉलर्स ने एक पारी में 9 विकेट लिए हैं। इस मैच में रिचर्ड नगारवा, ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैडली इवांस ने 3-3 विकेट झटके।

## विलय होगी अडानी ग्रुप की यह कंपनी, एनसीएलटी की मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सांघी इंडस्ट्रीज के शेयर आज मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज मामूली गिरावट के साथ 64.35 रुपये पर आ गए थे। दरअसल, अडानी ग्रुप की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स को बड़ी राहत मिली है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की अहमदाबाद बेंच ने अंबुजा सीमेंट्स और उसकी सब्सिडियरी सांघी इंडस्ट्रीज के मर्जर को मंजूरी दे दी है। 9 फरवरी 2026 को एक्सचेंज को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि ट्रिब्यूनल ने इस स्कीम को शेयरहोल्डर्स, क्रेडिटर्स और



पब्लिक इंटरेस्ट—तीनों के लिहाज से सही ठहराया है। एनसीएलटी ने कहा कि यह मर्जर ऑपरेशनल एफिशिएंसी बढ़ाएगा, संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल होगा और किसी भी पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचेगा। यह मर्जर 1 अप्रैल 2024 से प्रभावी माना जाएगा। दरअसल, अंबुजा सीमेंट्स ने दिसंबर 2023 में सांघी इंडस्ट्रीज का अधिग्रहण किया था, जिसकी एंटरप्राइज वैल्यू करीब 5,185 करोड़ थी। इस डील को पूरी तरह कंपनी के इंटरनल एक्रूअल्स से फंड किया गया था और अंबुजा के पास सांघी में 54.51त्न हिस्सेदारी है। बड़ा कदम उठाते हुए अपनी दो सब्सिडियरी कंपनियों (सांघी इंडस्ट्रीज और पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज) को खुद में मर्ज करने का ऐलान किया। मर्जर स्कीम के तहत सांघी इंडस्ट्रीज के शेयरधारकों को हर 100 शेयर (10 फेस वैल्यू) के बदले अंबुजा सीमेंट्स के 12 इक्विटी शेयर (2 फेस वैल्यू) मिलेंगे।

## ऑटो स्टॉक ने 1 साल में किया पैसा डबल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर ऑटो स्टॉक फोर्स मोटर्स के शेयरों में आज सोमवार को बड़ी उछाल देखन को मिली। कंपनी के शेयर दिन में 5 प्रतिशत की तेजी के साथ 52 वीक हाई पर पहुंच गएथे। इस उछाल के पीछे की वजह कंपनी की तरफ से किया जा रहा एक अधिग्रहण है। बता दें, वीरा टेनरीज़ के 100 प्रतिशत अधिग्रहण के लिए फोर्स मोटर्स ने आज एक स्र्ू साइन किया है। बीएसई में फोर्स मोटर्स का शेयर आज 21650.05 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 22436 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया। यह कंपनी का 52 वीक हाई है। फोर्स मोटर्स की तरफ से वीरा टेनरीज़ के अधिग्रहण के लिए 175 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस डील के पूरा होने के बाद फोर्स मोटर्स के पास वीरा टेनरीज़ का 100 प्रतिशत हिस्सा हो जाएगा। तीसरी तिमाही में वीरा टेनरीज़ का नेट प्रॉफिट सालाना आधार 252 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 406.10 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में फोर्स मोटर्स का नेट प्रॉफिट 115.30 करोड़ रुपये रहा था। रेवन्यू की बात करें तो सालाना आधार पर इसमें 12.70 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। अक्टूबर से दिसंबर 2025 के दौरान फोर्स मोटर्स का कुल रेवन्यू 2128.60 करोड़ रुपये रहा था। जोकि पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 1889.50 करोड़ रुपये रहा था। फोर्स मोटर्स के शेयरों में तेजी का सिलसिला जारी है। 6 महीने में यह ऑटो स्टॉक 25 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 239 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 7.97 प्रतिशत की तेजी है। बता दें, एक साल से शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक होल्ड करने पर पैसा दोगुना हो चुका है।

# भारतीय सरकारी कंपनियों ने किया वेनेजुएला से 20 लाख बैरल क्रूड ऑयल का सौदा

### इंडियन ऑयल का हिस्सा करीब 15 लाख बैरल है, जबकि शेष 5 लाख बैरल तेल हिंदुस्तान पेट्रोलियम को मिलेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई वैश्विक तेल रणनीति का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। वेनेजुएला में हालिया अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप और वहां के तेल संसाधनों पर नियंत्रण के दावों के बीच, भारत की सरकारी तेल कंपनियों ने वेनेजुएला के साथ एक बड़ी ऑयल डील को अंजाम दिया है। भारतीय रिफाइनरियों ने अप्रैल तक आपूर्ति के लिए 20 लाख बैरल कच्चे तेल का सौदा किया है, जिसे वैश्विक बाजार में ट्रंप प्रशासन के बढ़ते प्रभाव के रूप में देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, भारत की दो प्रमुख सरकारी रिफाइनरियों–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने अपनी आपूर्ति रणनीति में बड़ा बदलाव करते हुए वेनेजुएला की ओर रुख किया है। इस संयुक्त सौदे के तहत कुल 20 लाख बैरल क्रूड खरीदा गया है।



इसमें इंडियन ऑयल का हिस्सा करीब 15 लाख बैरल है, जबकि शेष 5 लाख बैरल तेल हिंदुस्तान पेट्रोलियम को मिलेगा। तेल की यह पूरी खेप एक विशाल कच्चे तेल वाहक पोत के जरिए अप्रैल महीने तक भारत के पूर्वी तट पर पहुंचने की संभावना है। यह सौदा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हिंदुस्तान पेट्रोलियम के लिए यह वेनेजुएला से कच्चे तेल की पहली खरीद है। हालांकि, इंडियन ऑयल इससे पहले 2024 में भी वहां के तेल का प्रसंस्करण कर चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय रिफाइनरियों का यह कदम कच्चे तेल के आयात में विविधता लाने के प्रयासों का हिस्सा है। भारत अब अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए रूसी तेल पर निर्भरता को कम करने की कोशिश कर रहा है, जो पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और व्यापारिक जटिलताओं के कारण चर्चा में रहा है। इस तेल समझौते को भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में हुए व्यापक व्यापार समझौते के समर्थन के रूप में भी देखा जा रहा है। गौरतलब है कि वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन और अमेरिकी सैन्य अभियान के बाद, ट्रंप प्रशासन ने कमोडिटी व्यापारियों को वहां का तेल बेचने के लिए विशेष लाइसेंस जारी किए हैं। वर्तमान डील में विक्रेता के रूप में व्यापारी ट्रैफिगुरा का नाम सामने आया है। इस तेल की कीमत दुबई बेंचमार्क के आधार पर तय की गई है, जो लगभग उन्हीं दरों पर है जिस पर हाल ही में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भी वेनेजुएला से तेल खरीदा था। रिलायंस ने ब्रेंट क्रूड की तुलना में करीब 6.50 से 7 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर यह सौदा किया था। यह खरीदारी एक ऐसे नाजुक समय पर हो रही है जब भारत और अमेरिका अपने आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। दोनों देशों ने टैरिफ कटौती और निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से एक व्यापारिक फ्रेमवर्क की घोषणा की है। हालांकि आधिकारिक बयानों में रूसी तेल का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया गया है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ने पूर्व में संकेत दिया था कि भारत द्वारा रूसी तेल के आयात को सीमित करने की सहमति के बदले भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को हटाया जा सकता है। ऐसे में वेनेजुएला से तेल की यह खरीद भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और कूटनीतिक संतुलन के लिहाज से मास्टरस्ट्रोक मानी जा रही है।

# ईटीएफ के प्रति निवेशकों का बढ़ा रुझान जनवरी में दोगुना से ज्यादा हुआ निवेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की कीमत में हाल के दिनों में आई जोरदार गिरावट के बावजूद गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ के प्रति निवेशकों के रुझान में कमी नहीं आई है। जनवरी के महीने में निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ और सिल्वर ईटीएफ को मिला कर कुल 33,513 करोड़ रुपये का निवेश किया। हालांकि इसी अवधि में निवेशकों ने इक्विटी म्युचुअल फंड्स में 24,013 करोड़ रुपये लगाए। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों में बताया गया कि जनवरी के महीने में गोल्ड ईटीएफ में कुल 24,050 करोड़ रुपये का निवेश आया। इसके पहले दिसंबर 2025 के दौरान गोल्ड ईटीएफ में कुल 11647 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। इस तरह जनवरी के महीने में गोल्ड ईटीएफ में दिसंबर की तुलना में दो गुना से भी अधिक निवेश हुआ। इसी तरह जनवरी के महीने में निवेशकों ने सिल्वर ईटीएफ में कुल 9,463 करोड़ रुपये का निवेश किया। एएमएफआई के आंकड़ों के अनुसार जनवरी के महीने में थीमेटिक और इंडेक्स ईटीएफ में भी निवेशकों ने जम कर निवेश किया। थीमेटिक और इंडेक्स ईटीएफ में जनवरी के महीने में 15,006 करोड़ रुपये का निवेश आया, जबकि दिसंबर के महीने में इसमें कुल 13,199 करोड़ रुपये का निवेश आया था।



अगर इक्विटी म्युचुअल फंड्स में जनवरी के महीने में हुए निवेश की बात करें, तो लार्ज कैप फंड्स में 2,005 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि दिसंबर में इसमें 1,567 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। दूसरी ओर, मिडकैप फंड्स में जनवरी महीने के दौरान निवेश घट कर 3,185 करोड़ रुपये और स्मॉल कैप फंड्स में निवेश कम होकर 2,942 करोड़ रुपये रह गया। हालांकि जनवरी महीने के दौरान सेक्टोरल फंड्स में निवेशकों ने जनवरी के महीने में 1,043 करोड़ रुपये का निवेश किया। इसके पहले दिसंबर के महीने में सेक्टोरल फंड्स में कुल 946 करोड़ रुपये का निवेश आया था। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि पिछले कुछ दिनों के दौरान सोना और चांदी की कीमत में गिरावट आने के बावजूद सेफ इन्वेस्टमेंट इंस्ट्रूमेंट के रूप में इसकी महत्ता बनी हुई है। गोल्ड और सिल्वर की चमक ने दुनिया भर के निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार से लेकर घरेलू बाजार तक सोना और चांदी की मांग में तेजी आई है। इसी तरह गोल्ड ईटीएफ और सिल्वर ईटीएफ के प्रति भी निवेशकों का रुझान बढ़ा है। सिर्फ जनवरी के महीने में ही गोल्ड ईटीएफ में जितना निवेश आया है, वो देश में इसके कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) का 12.5 प्रतिशत है।

अरिहंत गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट के सीईओ विपुल जैन के अनुसार मैक्रोइकोनॉमिक अनिश्चितता, स्टॉक मार्केट में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव और वैश्विक व्यापार में बने असंतुलन की वजह से निवेशकों के बीच सोना और चांदी का रुझान बढ़ा है। विपुल जैन के अनुसार लिमिटेड सप्लाई ग्रोथ और जियो-पॉलिटिकल रिस्क की वजह से सोना और चांदी की मांग को लगातार सपोर्ट मिल रहा है।

## नई श्रम संहिता से बदलेगी नौकरी की तस्वीर

**नई दिल्ली।** देश में नई श्रम संहिता लागू होने से पहले ही कामगारों और नियोक्ताओं के बीच उम्मीद का माहौल दिख रहा है। ज्यादातर श्रमिकों को भरोसा है कि नए श्रम कानून लागू होने के बाद कार्यस्थल की स्थितियां सुधरेंगी। काम के घंटे तय होंगे, वेतन भुगतान में पारदर्शिता आएगी और सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ेगा। एक बड़े सर्वे में यह दावा किया गया है कि श्रम सुधारों को लेकर जमीनी स्तर पर सकारात्मक सोच बन रही है। नोएडा स्थित वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान ने श्रमिकों और नियोक्ताओं के बीच यह सर्वे किया। सर्वे के अनुसार करीब 60 फीसदी श्रमिकों का मानना है कि नई श्रम संहिता से काम करने की स्थितियां बेहतर होंगी। 63 फीसदी कामगारों को उम्मीद है कि काम के घंटों के नियमन में सुधार आएगा। यह संस्थान श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत काम करता है। सर्वे में 5,720 श्रमिकों और 715 नियोक्ताओं से बातचीत की गई। सर्वे में 64 फीसदी श्रमिकों ने कहा कि नई व्यवस्था से वेतन भुगतान में पारदर्शिता बढ़ेगी। 54 फीसदी कामगारों को भरोसा है कि सैलरी समय पर मिलेगी। आय सुरक्षा को लेकर भी सकारात्मक संकेत मिले हैं। 68 फीसदी श्रमिकों ने ई-श्रम और कल्याण बोर्ड के जरिए सुविधाओं तक आसान पहुंच की उम्मीद जताई है।

# दुनिया के अमीरों की लिस्ट में उथल-पुथल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के अमीरों की लिस्ट में उथल-पुथल नजर आ रही है। खासकर टॉप-20 अरबपतियों की रैंकिंग में बदलाव हुआ है। आज ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की ताजी सूची में मार्क जुकरबर्ग दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ गए हैं। जुकरबर्ग ने जेफ बेजोस को से यह स्थान छीना है। मुकेश अंबानी अब 18वें स्थान पर पहुंच गए और दौलत बढ़ने के बावजूद गौतम अडानी टॉप-20 से बाहर हो गए हैं।

ब्लूमबर्ग की लिस्ट के मुताबिक सोमवार को मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के नेटवर्थ में 5.58 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। जबकि, जेफ बेजोस की दौलत 822 मिलियन डॉलर घट गई। इससे जुकरबर्ग 239 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में चौथे स्थान पर पहुंच गए। जेफ बेजोस अब 234 अरब डॉलर के साथ 5वें नंबर पर हैं। दौलत बढ़ी पर रैंकिंग नहीं बदली लैरी एलिसन की दौलत में 14.5 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। हालांकि, अब भी वह छठे पोजीशन पर हैं। एलन मस्क का नेटवर्थ भी 4.35 अरब डॉलर बढ़कर अब 676 अरब डॉलर हो गया है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में मस्क पहले स्थान पर बने हुए हैं। लैरी पेज भी दूसरे स्थान पर हैं। इनकी दौलत 1.50 अरब डॉलर बढ़कर अब 278 अरब डॉलर हो गई है। सर्गी ब्रिन के नेटवर्थ में भी 1.42 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और वह तीसरे स्थान पर काबिज हैं। बर्नार्ड अर्नाल्ट की दौलत 929 मिलियन डॉलर बढ़ी और यह 181 अरब डॉलर के साथ सातवें स्थान पर काबिज हैं। इसी तरह जेनसेन हुआंग की दौलत 3.70 अरब डॉलर बढ़कर अब 157 अरब डॉलर हो गई है और वह 8वें स्थान पर हैं।

अरबपतियों की इस लिस्ट में जिम वॉल्टन नौवें पोजीशन पर हैं और 1.42 अरब डॉलर गंवाने के बावजूद अभी इस पोजीशन पर बने हुए हैं।

# यूपीआई से निकल सकेगी पीएफ की रकम

### शीर्ष सूत्र ने बताया कि श्रम मंत्रालय एक ऐसी परियोजना पर काम कर रहा है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अंशधारक इस साल अप्रैल में पेश होने वाले एक नए मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये यूपीआई पेमेंट गेटवे का उपयोग करके अपने पीएफ का पैसा सीधे बैंक खातों में पा सकेंगे। शीर्ष सूत्र ने बताया कि श्रम मंत्रालय एक ऐसी परियोजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत ईपीएफ का एक निश्चित हिस्सा सुरक्षित कर दिया जाएगा, जबकि एक बड़ा हिस्सा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये बैंक खाते के माध्यम से निकासी के लिए उपलब्ध होगा। सूत्रों ने बताया कि ईपीएफओ के पास बैंकिंग लाइसेंस नहीं है, इसलिए वह अपने सदस्यों को सीधे ईपीएफ खातों से पैसा निकालने की अनुमति नहीं दे सकता। हालांकि, सरकार चाहती है कि ईपीएफओ की सेवाएं बैंकों के समान स्तर की



हों और सदस्यों को अधिक तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक सेवाएं मिल सकें। सूत्र ने आगे बताया कि ईपीएफओ एक नया मोबाइल ऐप पेश करेगा, जिसके जरिये सदस्य यूपीआई गेटवे का उपयोग करके पैसे निकालने के साथ ही पासबुक शेष राशि जैसी अन्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस समय सदस्य अपने ईपीएफ खातों तक पहुंचने और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए या तो यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) पोर्टल या उमंग ऐप का उपयोग करते हैं।

ये सेवाएं दोनों मंच पर उपलब्ध रहेंगी, जबकि नया समर्पित ऐप ईपीएफओ ग्राहकों के लिए सेवाओं की पहुंच और वितरण में सुधार करेगा। सूत्र ने बताया कि अंशधारक मोबाइल ऐप के जरिये अपने बैंक खातों में हस्तांतरण के लिए उपलब्ध पात्र ईपीएफ शेष राशि देख सकेंगे। उन्हें लेनदेन पूरा करने के लिए अपने जोड़े गए यूपीआई पिन का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी, जिससे बैंक खातों में धन का सुरक्षित हस्तांतरण सुनिश्चित होगा। सूत्रों के अनुसार, ईपीएफओ फिलहाल इस नई सुविधा के परीक्षण के लिए 100 डमी खातों पर ट्रायल कर रहा है, ताकि किसी भी तकनीकी खामी को दूर किया जा सके और सिस्टम की कार्यक्षमता को बेहतर बनाया जा सके। फिलहाल सदस्यों को अपनी ईपीएफ राशि निकालने के लिए निकासी दावा दाखिल करना होता है, जो समय लेने वाली प्रक्रिया है।

# घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की वापसी

### फरवरी में 2 अरब डॉलर की खरीदारी, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों के 10 साल के औसत के बराबर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** साल 2025 के दौरान लगातार बिकवाल (सेलर) की भूमिका में बने रहे विदेशी निवेशकों की भारतीय शेयर बाजार में एक बार फिर दिलचस्पी बढ़ती हुई नजर आने लगी है। फरवरी के महीने में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने अभी तक दो अरब डॉलर से अधिक की खरीदारी की है। शेयर बाजार की चाल में आई तेजी की एक बड़ी वजह विदेशी निवेशकों की वापसी को भी माना जा रहा है। 1 फरवरी 2026 से लेकर आज तक के कुल आठ कारोबारी दिनों में सिर्फ दो दिन ऐसे रहे हैं, जब विदेशी संस्थागत निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली की है। दूसरी ओर, शेष छह दिन विदेशी निवेशकों ने जम कर खरीदारी की। विदेशी निवेशकों की ये खरीदारी ऐसे समय पर हो रही है, जब भारतीय बाजार बिकवाली के भारी दबाव से गुजर चुके हैं। पिछले दिनों हुई जोरदार बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार का वैल्यूएशन दूसरे एशियाई बाजार की तुलना में अधिक आकर्षक हो गया है।



मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि सेंसेक्स अपने एक साल फॉरवर्ड के प्राइस-टू-अर्निंग (पीई) मल्टीपल के 20.50 गुना के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निफ्टी 20.10 गुना के स्तर पर बना हुआ है। ये स्तर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों के 10 साल के औसत के बराबर है। वहीं ब्रॉडर मार्केट में बीएसई का मिडकैप इंडेक्स अपने एक साल के फॉरवर्ड प्राइस-टू-अर्निंग के करीब 28 गुना के स्तर पर है। हालांकि इसका लॉन्ग टर्म एवरेज 27.3 गुना के आसपास माना जाता है। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी के अनुसार जापान को छोड़ कर एशिया के दूसरे बाजार की तुलना में भारत का फॉरवर्ड पीई प्रीमियम अपने लॉन्ग टर्म एवरेज पर लौट आया है। दरअसल, पिछले एक दशक के दौरान मार्केट में कोरियाई और चीनी के स्टॉक्स के कमजोर प्रदर्शन की वजह से भारत का प्रीमियम वैल्यूएशन लगातार बढ़ा था। हालांकि, 2025 के दौरान भारतीय बाजार में लगातार हुए उतार-चढ़ाव और एशिया के अन्य शेयर बाजार में आई मजबूती की वजह से भारत का प्रीमियम वैल्यूएशन घट कर 40.10 प्रतिशत रह गया है, जो इसके 15 साल के एवरेज वैल्यूएशन 39.20 प्रतिशत के काफी करीब है। प्रशांत धामी का कहना है कि प्राइस-टू-बुक वैल्यू (पी/बीवी) के आधार पर भी इसी तरह का रुझान दिखता है।

फिलहाल भारतीय स्टॉक मार्केट का 12 महीने का फॉरवर्ड प्राइस-टू-बुक वैल्यू अपने ऐतिहासिक एवरेज से ऊपर जरूर बना हुआ है, लेकिन एशिया के दूसरे बाजार के मुकाबले इसके स्तर में अधिक अंतर नहीं है। इसी तरह जेरोधा कैपिटल्स एंड इन्वेस्टमेंट्स के सीईओ विक्रम मूलचंदानी का कहना है कि अक्टूबर 2024 से लगातार बिकवाली का दबाव बनाने के बाद विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार को लेकर अपने कारोबारी रुख में बदलाव किया है। सिर्फ साल 2025 के दौरान ही विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 18.88 अरब डॉलर की बिकवाली की थी।

## 34वीं बार डिविडेंड देने जा रही केपीआर मिल लिमिटेड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केपीआर मिल लिमिटेड ने एक बार डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनी ने इसकी जानकारी स्टॉक एक्सचेंज के साथ साझा कर दिया है। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का भी ऐलान कर दिया है। जोकि 14 फरवरी से पहले ही है। बता दें, कंपनी ने इससे पहले 33 बार निवेशकों को डिविडेंड दिया है। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में केपीआर मिल लिमिटेड ने बताया है कि एक रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 2.50 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 13 फरवरी की तारीख को रिकॉर्ड डेट घोषित किया है। केपीआर मिल ने निवेशकों को पहली बार 2007 में डिविडेंड दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर दो रुपये का डिविडेंड बांटा था। वहीं, आखिरी बार कंपनी 2025 में एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 2.50 रुपये का फायदा हुआ था। केपीआर मिल ने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। कंपनी ने दी जानकारी में बताया है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कुल नेट प्रॉफिट 208.60 करोड़ रुपये रहा है। प्रॉफिट 202.25 करोड़ रुपये रहा था। सितंबर तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 218.03 करोड़ रुपये रहा था।

## कइर ले ले सेखी



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

कइर ले ले सेखी
जावानी में,
आइग लागाले
काया क पानी में।
कामाले -काजाले से के
अड्डबा उड़ाले,
बाचल आब का,काहानी है ?
कइर ले ले सेखी
जावानी में,
आइग लागाले
काया क पानी में।

कामला,बिमला
सनचरिया कर पिछे,
आंबा,जामून,बइर,तेतइर
जात रहिस बिछे।
खाएक -पिएक छोड़ले
फुटानी में,
लत लागाय ले ले
नासा क जावानी में।
कामाले -काजाले से के
अड्डबा उड़ाले,
बाचल आब का,काहानी है?
कइर ले ले सेखी
जावानी में,
आइग लागाले
काया क पानी में।

सादी -बियाह,मेला-जातरा
घुमेक नी छोड़ले,
इस्कुल से भाइग
फिलीम देखे ले दउड़ ले।
बाप,दादा ठेठगें
रउदानी में,
तोंय आंईख गाड़ाय ले ले
सनी लियोनी में।
कामाले -काजाले से के
अड्डबा उड़ाले,
बाचल आब का, काहानी है ?
कइर ले ले सेखी
जावानी में,
आइग लागाले
काया क पानी में।

कइर ले ले सेखी
जावानी में,
आइग लागाले
काया क पानी में।
कामाले -काजाले से के
अड्डबा उड़ाले,
बाचल आब का,काहानी है ?
कइर ले ले सेखी
जावानी में,
आइग लागाले
काया क पानी में।

# सदर अस्पताल में सिकल सेल उन्मूलन मिसन कर तहत कार्जसाला आयोजित

**मरीजमन आउर उनकर परिवारवाला कर संका कर समाधान करल गेलक**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**






**रांची।** रांची सदर अस्पताल परिसर में रास्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन कर तहत 10 फरवरी 2026 के पेसेंट सपोर्ट ग्रुप ले कार्जसाला आयोजित करल गेलक। अस्पताल कर ऑडिटोरियम में आयोजित ई कार्जकरम कर संचालन ब्लड कोसांगझएनएचएम आउर यूनिसेफ, झारखंड कर संजुक्त सहजोग से करल गेलक। कार्जकरम में करीब 315 सिकल सेल मरीजमन आउर उनकर अभिभावकमन भाग लेलयं। कार्जकरम में राइज स्तर से ब्लड सेल कर नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सिंह (डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ सर्विसेज एवं हेमेटोलॉजिस्ट), सदर अस्पताल कर उपाधीछक डॉ. विमलेश कुमार सिंह संगे स्वास्थ्य बिभाग आउर यूनिसेफ कर अधिकारी मौजूद रहयं।

कार्जकरम कर मुध उद्देस मरीजमन आउर उनकर परिजन के एगो साझा मंच प्रदान करेक रहे, जहां ऊमन सिकल सेल रोग से जुड़ल जानकारी प्राप्त कइर सकयं, आपन अनुभव साझा करयं। मानसिक आउर सामाजिक सहजोग कर जरिए आपन मनोबल के मजबूत कइर सकयं।

ई दौरान बिसेसज्ञ समय से जांच, नियमित उपचार, हाइड्रॉक्सीयूरिया दवा कर सही उपजोग, संतुलित पोसन, संक्रमन से बचाव आउर दर्द संकट (क्राइसिस) कर बेरा त्वरित प्रबंधन उपरे बिस्तृत जानकारी देलयं।

संगे प्रतिभागीमन के सरकारी स्वास्थ्य सेवा, जांच आउर उपचार सुबिधा, दिव्यांगता प्रमानपत्र आउर रेफरल बेवस्था कर जानकारी भी देल गेलक। कार्जकरम में एगो इंटरैक्टिव काउंसलिंग सत्र आयोजित करल गेलक, जेकर में मरीजमन आउर उनकर परिवार कर संका कर समाधान करल गेलक। बिसेसज्ञ सिकल सेल से जुड़ल भ्रांति के दूर करेक कर संगे-संगे जेनेटिक काउंसलिंग आउर परिवार स्क्रीनिंग कर महत्व उपरे भी प्रकास डाललयं। एनएचएम आउर यूनिसेफ कर प्रतिनिधिमन राइज में सिकल सेल उन्मूलन लक्ष्य 2047 के हासिल करेक ले बयापक स्क्रीनिंग, पहचान, समय से उपचार आउर सामुदायिक जागरूकता गतिबिधि के आउर मजबूत करेक कर प्रतिबद्धता जतालयं।

गौरतलब आहे कि सिकल सेल एनीमिया एगो आनुवंसिक रक्त विकार आहे, जेकर में लाल रक्त कोसिका कठोर आउर चिपचिपी होए के रक्त प्रवाह के बाधित करेला, जेकर से एनीमिया, तीव्र दर्द आउर अंग के नोकसान जैसन समस्या होए सकेला। समय से पहचान आउर उचित उपचार से इकर प्रभाव के कम करल जाए सकेला।







# लोक भवन उद्यान के देखेक आलयं 10 हजार से बेसी झन

## आम अदमीमन ले 15 फरवरी तक खुलल रही उद्यान

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल कर आदेस में आम नागरिकमन घुमेक आउर परिदरसन ले लोक भवन उद्यान खोलल गेलक। उद्यान में आइज 10,848 झन उद्यान कर भरमन आउर परिदरसन करलयं। बिदित होवी कि राज्यपाल द्वारा लोक भवन उद्यान के आम नागरिकमन ले 15 फरवरी, 2026 तक खुला राखेक कर निरदेस देल गेलक। उद्यान भरमन कर बेरा रोज दिन बिहाने 10 बजे से दूपहर 3 बजे तक निर्धारित आहे। लोक भवन उद्यान कर भ्रमण करेक कर इच्छुक बेक्ति लोक भवन कर गेट संख्याझ्र2 से सुरछा जांच कर बाद दूपहर 1 बजे तक आए सकयंना।



# बीआईटी मेसरा किशालय विद्या मंदिर में वृक्षित 2026 कर करलक आयोजन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** बीआईटी, मेसरा कर पर्यावरण संरक्षण एवं जागरुकता क्लब किशालय विद्या मंदिर में वृक्षित 2026 कर आयोजन करलक। ई कार्जकरम में पौधारोपन अभियान आउर मूल्य सिछा कार्जसाला कर आयोजन करल गेलक। कार्जकरम कर उद्घाटन एपेक कर फैकल्टी एडवाइजर आउर सिविल आउर पर्याबरन अभियांत्रिकी बिभाग कर सहायक प्राध्यापिका डॉ. नीता कुमारी आउर किशालय विद्या मंदिर कर प्राचार्या श्रीमती सुमन ठाकुर संजुक्त रूप से करलयं।

कार्जकरम कर सुरुआत डॉ. नीता कुमारी कर संबोधन से भेलक। इकर बाद कछा चार आउर पांच कर बिद्यार्थीमन ले ओरिगामी कला कार्जसाला आउर प्रश्नोत्तरी प्रतिजोगिता आयोजित करल गेलक। इकर बाद ह्लपृथ्वी बचाओह्व बिसय उपरे आधारित मिट्टी कला (क्ले मॉडलिंग) प्रतिजोगिता होलक। इकर में बिद्यार्थीमन आपन पर्याबरन संबंधी सोच के रचनात्मक रूप से प्रस्तुत करलयं। कार्जकरम कर समापन बिद्यालय परिसर में संजुक्त पौधारोपन अभियान कर संगे भेलक। इकर में एपेक कर सदस्यमन आउर बिद्यार्थीमन मिइल के भाग लेलयं। पर्याबरन संरछन कर संदेस के बेवहार में उतारलयं।








मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com